# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024



## इस धनतेरस
## ‖ शुभ मुहूर्त आया ‖
## हीरो साथ लाया

Hero GIFT
Grand Indian Festival of Trust

**लिमिटेड पीरियड ऑफर्स**

EMI ₹ 1999^ से शुरू | कम डाउन पेमेंट ₹ 1999^ | कैशबैक ₹ 5000~ तक

WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE
4 करोड़ खुशहाल ग्राहक*




Splendor+
उत्सव का परिचय
01
एडिशन

रविवार को शोरूम खुले रहेंगे

एक्स-शोरूम कीमत
₹ 78,756®


स्टाइलिश नया स्टिकर


ईंधन टैंक पर डायनामिक स्टिकर


स्पोर्टी रियर ग्रैब रेल


स्टाइलिश नए विंकर्स

Toll Free Number:
1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply

$ADDITIONAL CASH DISCOUNT AVAILABLE ON
Flipkart
amazon

~INSTANT CASHBACK AVAILABLE ON
HDFC BANK
pine labs PAY LATER

**Special offers for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: institutionalsales@heromotocorp.com**

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Basis cumulative sales of Splendor+ series till FY24 in India. ~The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. ®Festive Ex-showroom price of Splendor+ Matte Axis Gray in Raipur. $Flipkart and Amazon offers are subject to the sole discretion & T&Cs of respective organisations.

**अधिकृत डीलर:** रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, **एसोशिएट डीलर:** रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161,, **डीलर एक्सटेंशन काउंटर:** रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, **ऐडिशनल वर्कशॉप:** रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, **जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट:** संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

FCB INTERFACE/6878/OCT2024/HINDI

## खबर संक्षेप

### आबूधाबी से आए यात्री से तीन किलो सोना बरामद



**जयपुर।** आबू धाबी से जयपुर आए एक यात्री से हवाई अड्डे पर लगभग एक किलोग्राम सोना बरामद किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों के अनुसार सोने की अनुमानित कीमत 3 करोड़ रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने बताया कि ब्यावर निवासी यात्री महेंद्र खान बुधवार को जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचा था और उसे गोपनीय सूचना के आधार पर सुरक्षा जांच चौकी पर रोका गया था। उनके अनुसार संदेह होने पर उसकी एक्स-रे जांच कराई गई। जांच के बाद उसके मलाशय से कैप्सूल बरामद किए गए। अदालत ने आरोपी को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है।

### पुंछ में आतंकी सुरंग का भंडाफोड़, हथियार बरामद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक सीमावर्ती गांव में सुरक्षाबलों ने एक संदिग्ध आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर कुछ ग्रेनेड तथा बारूदी सुरंगों का पता लगाया। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक मेंढर उपविभाग के बलनोई सेक्टर में तलाशी अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता चला। आतंकवादियों के इस ठिकाने से दो हथगोले और तीन बारूदी सुरंगें जब्त की गईं। अभियान के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों को मेंढर के मनकोट सेक्टर में एक जल बिंदु के पास गश्त के दौरान जंग लगा मोर्टार का गोला मिला। बाद में विशेषज्ञों द्वारा नियंत्रित विस्फोट द्वारा गोले को सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया।

## महाराष्ट्र चुनाव : भाजपा ने इस लिस्ट में सिर्फ एक ही महिला को दिया टिकट

# भाजपा की दूसरी लिस्ट में 22 नाम, उद्धव की शिवसेना व पवार ने भी उतारे उम्मीदवार

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जीत का परचम फहराने सभी राजनीतिक दल जी-जान से लगे हुए हैं। सभी दलों के प्रत्याशियों की लगातार घोषणा हो रहीं हैं। इसी कड़ी में बीजेपी ने शनिवार शाम अपनी दूसरी लिस्ट जारी की। इसमें 22 उम्मीदवारों के नाम हैं।

पार्टी की दूसरी लिस्ट में केवल एक महिला उम्मीदवार है। नासिक मध्य से पार्टी ने देवयानी सुहास फरांदे को टिकट दिया है। दूसरी लिस्ट एसटी की 3 और एससी की 2 सीटें हैं। इसी के साथ शिवसेना उद्धव गुट ने अपने 15 प्रत्याशियों और एनसीपी शरद पवार गुट ने भी 22 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। महाराष्ट्र विधानसभा की अब तक की तस्वीर देखें तो भाजपा ने पहली लिस्ट में 99 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। अब तक 121 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान हो चुका है। महायुति में शामिल भाजपा 121, शिवसेना शिंदे 35 और एनसीपी अजित 38 यानी 194 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट इससे पहले 23 अक्टूबर को पहली सूची में 65 नाम जारी कर चुकी है। उद्धव गुट अब तक कुल 80 उम्मीदवारों को मैदान में उतार चुकी है। वहीं एनसीपी शरद गुट 22 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर अब तक 67 प्रत्याशी उतार चुकी है।

### उद्धव-शिंदे गुट के लिए चुनाव एक चुनौती

इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में उद्धव ठाकरे के सामने सबसे बड़ी चुनौती सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना है। इस चुनाव में दोनों पार्टियों का अस्तित्व दांव पर है। एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद विधानसभा चुनाव में पहली बार दोनों शिवसेना आमने-सामने हैं। लोकसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी में सबसे ज्यादा 21 सीटों पर शिवसेना ने चुनाव लड़ा था लेकिन वे सिर्फ 9 सीटें ही जीत सकी थी।




*सभी मंत्रियों व विधायकों को भाजपा ने उतारा मैदान में : भाजपा की पहली लिस्ट में 99 नाम महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 अक्टूबर को बीजेपी ने 99 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की थी। इनमें 6 सीटें एसटी और 4 सीटें एससी के लिए थीं। वहीं, 13 सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया गया था।*

### महाराष्ट्र में अभी महायुति की सरकार

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को 2024 को खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र में महायुति यानी शिवसेना, भाजपा और एनसीपी अजित पवार गुट की सरकार है। एंटी इनकम्बेंसी और 6 बड़ी पार्टियों के बीच बंटने वाले वोट को साधना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होगी।

### शिवसेना ने कांग्रेस के दावे को ठुकराया

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने अपने 15 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में उस बायकुला सीट का नाम भी है जहां कांग्रेस भी अपना दावा कर रही है। शिवसेना यूबीटी ने कांग्रेस के दावे को ठुकराते हुए बायकुला से मनोज जमसुतकर को चुनावी मैदान में उतारा है। पार्टी ने अभी वर्सोवा सीट पर उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

# लॉरेंस के जेल से इंटरव्यू में दो डीएसपी समेत 7 पुलिसकर्मी निलंबित

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जेल से लिए गए इंटरव्यू के मामले में शुक्रवार रात को बड़ी कार्रवाई की है।

सरकार ने जांच के बाद मामले में दोषी पाए गए 2 पुलिस उपाधीक्षक सहित 7 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई पंजाब और हरियाणा हाइ कोर्ट के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल की जांच के बाद दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तय की गई जिम्मेदारी के बाद की गई है।

### इन पुलिसकर्मियों को किया गया है निलंबित

राज्य के गृह विभाग के प्रमुख सचिव गुरकीरत कृपाल सिंह ने 7 पुलिकर्मियों के निलंबन के आदेश जारी किए हैं। इनमें अमृतसर स्थित 9 बटालियन में तैनात डीएसपी गुरशेर सिंह व समर वनीत, सीआईए खरड़ में उप निरीक्षक रीना, एजीजीएफ में उप निरीक्षक जगतपाल जंगू और शगनजीत सिंह, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक मुखत्यार सिंह और हैड कांस्टेबल ओम प्रकाश शामिल हैं। इन पुलिसकर्मियों पर ड्यूटी के दौरान कोताही और भारी लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए हैं।



### इंटरव्यू के पंजाब में होने का खुलासा

राजस्थान पुलिस की जांच में इंटरव्यू के तार पंजाब जेल से जुड़े होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने पंजाब SIT को इसकी जानकारी देते हुए अहम सबूत भी पेश किया थे। उसी के आधार पर अब पंजाब सरकार ने कार्रवाई की है।

# जगन की बहन शर्मिला बोलीं वे इकलौते उत्तराधिकारी नहीं

एजेंसी ⏭ अमरावती



■ भाई बहन के बीच चल रहा संपत्ति विवाद

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और उनकी बहन वाईएस शर्मिला के बीच संपत्ति विवाद गहराता जा रहा है। तेलुगु मीडिया में प्रकाशित एक रिपोर्ट के जवाब में शर्मिला ने वाईएसआर के प्रशंसकों को एक खुला पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि जगन मोहन रेड्डी पारिवारिक संपत्ति के इकलौते उत्तराधिकारी नहीं है। पिता वाईएस राजशेखर रेड्डी (वाईएसआर) के सामने और उनके निधन के बाद कोई संपत्ति का हस्तातंरण नहीं किया गया है।

### पिता की इच्छा- पोते-पोतियों में बंटे संपत्ति

शर्मिला ने कहा, मेरे पास अभी भी एक भी ऐसी संपत्ति नहीं है। जगन मोहन रेड्डी पारिवारिक संपत्तियों के अकेले उत्तराधिकारी नहीं हैं। पिता की इच्छा थी कि सभी पारिवारिक व्यवसाय को चार पोते-पोतियों में समान रूप से बांटा जाए। वे केवल जगन मोहन रेड्डी के नहीं थे। जगन मोहन रेड्डी केवल अभिभावक हैं। इन संपत्तियों को चार पोते-पोतियों के बीच समान रूप से बांटने की उनकी जिम्मेदारी है।

### 200 करोड़ पर तोड़ी चुप्पी

2009 से 2019 बीच 200 करोड़ रुपये देने के दावे पर शर्मिला ने कहा कि उस वक्त जगन मोहन रेड्डी अलग इंसान थे। 10 साल में 200 करोड़ रुपये कंपनियों से मिलने वाले लाभांश का आधा हिस्सा है। इससे यह साफ होता है कि कंपनियों में हमारे बच्चों के भी समान शेयर हैं। यह कोई एहसान या उपहार नहीं है। भले ही इसे ऋण के रूप में दिखाया गया है। मगर यह हमारे बराबर के हिस्से को दर्शाता है।

## बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस को पलटाने की कोशिश, ट्रैक पर रखी लकड़ी



बड़ा हादसा टला

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में फिर से ट्रेन दुर्घटना की बड़ी साजिश सामने आई है। काकोरी और मलिहाबाद रेलवे स्टेशन के बीच किसी ने रेलवे ट्रैक पर 10 किलो से ज्यादा वजनी और लगभग 2 फीट लंबा लकड़ी का टुकड़ा रख दिया। देर रात साढ़े 11 बजे बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन उससे टकरा गई। इससे लकड़ी का टुकड़ा ट्रेन में फंस गया। सूचना पर पहुंचे रेलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर लकड़ी का टुकड़ा हटाया। इससे करीब 2 घंटे रेल यातायात बाधित रहा।

**क्षतिग्रस्त हुई ट्रैक पर लगी सिग्नल डिवाइस :** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि लकड़ी के टुकड़े के ट्रेन में फंसकर कुछ दूर तक घिसटते हुए जाने से ट्रैक पर लगी सिग्नल डवाइस क्षतिग्रस्त हो गई। इससे लखनऊ-हरदोई की अप और डाउन लाइनों पर करीब 2 घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। लोको पायलट ने बड़ी मशक्कत के बाद लकड़ी के टुकड़े को बाहर निकालकर सिग्नल डिवाइस की मरम्मत की।








हमारी शाखायें:- कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग, बालोद, राजनांदगाव, रायपुर, महासमुंद एवं छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में हैं।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
अरुण एग्रीकल्चर
पुलगांव, दुर्ग (छ.ग.)
98271-41412, 95895-60875

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




### गिफ्ट के लिए अब कम ग्राम के सिक्के

गिफ्ट देने के लिए अब लोग अब कम ग्राम के सिक्के ले रहे हैं। सोने की कीमत इस समय जहां 80 हजार से ज्यादा है, वहीं चांदी एक लाख रुपए किलो हो गई है।

- हरख मालू, सराफा कारोबारी

**महंगाई की मार, छोटे हुए उपहार**



**ड्राई फ्रूट्स तक महंगे, सोने-चांदी की कीमत भी आसमान पर**

### कीमत भी बढ़ी

मिठाई और ड्राई फ्रूट्स वाले गिफ्ट पैक की कीमत बढ़ने के कारण इसका साइज छोटा हो गया है। बीते साल से कीमत में 25 से 30 फीसदी तक का इजाफा हो गया है।

- संजय विरानी, संचालक स्वीट इंडिया

# गिफ्ट पैक का साइज छोटा, सोने और चांदी के सिक्कों का वजन भी घटा

**अलग खबर**


हरिभूमि न्यूज / रायपुर। दीपावली पर जहां निजी संस्थान अपने कर्मचारियों को गिफ्ट देने का काम करते हैं, वहीं रिश्तेदारों के साथ ही सरकारी अफसर, नेता, मंत्री भी अपने लोगों को गिफ्ट देते हैं। इस दीपावली चौतरफा महंगाई की मार के कारण गिफ्ट पैक पर भी इसका बड़ा असर पड़ा है। जहां एक तरफ मिठाई और ड्राई फ्रूट्स के पैक गिफ्ट की कीमत में भारी इजाफा हुआ है, वहीं अपने बजट के शेष पेज 2 पर

### मिठाई अब 400 से 800 ग्राम



मिठाई कारोबारियों के मुताबिक, गिफ्ट में सिर्फ मिठाई देने वाले अब आधा किलो के स्थान पर 400 ग्राम और एक किलो के स्थान पर 800 ग्राम की पैकिंग करा रहे हैं। ऐसा करने के पीछे शेष पेज 2 पर

### गिफ्ट पैक 500 से हजार रुपए तक महंगे



आज-कल गिफ्ट पैक का चलन ज्यादा है। गिफ्ट देने वाले मिठाई की दुकानों में अलग-अलग आइटम को मिलाकर गिफ्ट पैक करवाने का काम करते हैं। गिफ्ट पैक पांच सौ से प्रारंभ होकर देने वाली की क्षमता पर निर्भर करते हैं। पांच हजार के भी गिफ्ट पैक हो जाते हैं। इस बार के गिफ्ट पैक पर महंगाई की बड़ी मार पड़ी है। कारोबारियों के मुताबिक, पहले जो सबसे छोटा गिफ्ट पांच सौ रुपए का मिल जाता था, वह अब सात सौ रुपए का हो गया है। इसी तरह से जो पैक पहले हजार रुपए में बन जाता था, वह अब 15 सौ रुपए का हो गया है। इसी तरह से दो हजार वाला पैक अब तीन हजार का हो शेष पेज 2 पर

### तोहफे में अब कम ग्राम के सिक्के



दीपावली पर आमतौर पर लक्ष्मी, गणेश की मूर्ति वाले चांदी के सिक्कों के साथ ही सोने के सिक्के भी देने का चलन है। चांदी के सिक्के जहां 5 से 100 ग्राम तक आते हैं. वहीं सोने के सिक्के आधा ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक आते हैं। अपनी हैसियत के हिसाब से लोग गिफ्ट करते हैं। चांदी कारोबारी लक्ष्मीनारायण लाहोटी के मुताबिक ज्यादातर लोग अब कम ग्राम के सिक्के ही गिफ्ट के लिए ले रहे हैं। इसी के साथ चांदी की पर्त वाली लक्ष्मी, गणेश की मूर्ति भी गिफ्ट के लिए ले रहे हैं। इसकी कीमत 70 रुपए से प्रारंभ होती है और यह दो हजार तक की भी आती है।

## ईरान के हमले के 25 दिन बाद इजरायल का एयरस्ट्राइक

# ईरान की मिसाइल फैक्ट्रियों और सैन्य अड्डे पर इजरायल का हमला, 20 ठिकाने तबाह

*इजरायल ने ईरान के हमलों के जवाब में 25 दिन बाद शनिवार तड़के पलटवार किया। तीन घंटे में 100 से अधिक मिसाइलों से 20 ठिकानों पर हमले किए गए। इनमें मिसाइल फैक्ट्रियां और सैन्य अड्डे शामिल हैं। तेहरान के 'इमाम खुमैनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट' के पास भी हमला हुआ है। यह पहली बार है, जब इजरायल की सेना ने ईरान पर खुलेआम हमला किया।*

एजेंसी ▶▶ दुबई

इजरायल ने शनिवार सुबह ईरान पर हवाई हमले किए और कहा कि उसने ईरान द्वारा इस महीने की शुरुआत में इजराइल पर दागे गए बैलिस्टिक मिसाइलों के जवाब में उसके सैन्य स्थलों को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने कहा कि उसके विमानों ने उन केंद्रों को निशाना बनाया, जिनका इस्तेमाल ईरान इजरायल पर दागी गई मिसाइल बनाने के लिए करता था। उसने सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों पर भी निशाना साधा। इस बात का तत्काल कोई संकेत नहीं शेष पेज 2 पर

### ईरान ने कहा- तीन राज्यों पर निशाना

ईरान की सेना ने कहा कि इजराइल ने उसके इलाम, खुजस्तान और तेहरान प्रांतों में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए, जिनमें 'सीमित क्षति' हुई। ईरान के सशस्त्र बलों का यह बयान सरकारी टेलीविजन चैनल पर पढ़ा गया, लेकिन इस दौरान हमलों में हुए नुकसान से जुड़ी कोई तस्वीर नहीं दिखाई गई।

**पहली बार इजरायल की सेना ने ईरान पर खुलेआम किया हमला**



### पुलिस काफिले पर हमला 10 अफसरों की मौत

*ईरान के अशांत बलूचिस्तान और दक्षिणी प्रांत सिस्तान में शनिवार को ईरानी पुलिस के काफिले पर बड़ा हमला हुआ। इस हमले में 10 पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। हमले की घटना गोहर कुह में हुई है। यह ईरानी राजधानी तेहरान से लगभग 1,200 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व पर स्थित है।*

## जमीनी भाजपाईयों ने बना दिए दस हजार सदस्य

# सांसद-विधायकों पर कार्यकर्ता भारी, माननीय लक्ष्य से पिछड़े

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने अपने सदस्य अभियान में विधायकों को दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। इस अभियान में आधे से ज्यादा विधायक फिसड्डी साबित हुए हैं। एक तरफ विधायक लक्ष्य तक नहीं पहुंच सके हैं, तो दूसरी तरफ भाजपा के कई कार्यकर्ता ऐसे हैं, जो विधायकों का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। इन कार्यकर्ताओं ने दस से 12 हजार तक सदस्य बनाने का कमाल कर दिया है। इन कार्यकर्ताओं के साथ ही तीन हजार या इससे ज्यादा सदस्य बनाने वालों का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों सम्मान करवाया जाएगा। इनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका भी मिलेगा। प्रदेश भाजपा संगठन ने इस बार सितंबर में जब सदस्यता अभियान का शेष पेज 2 पर

**इनका ऐसा योगदान**



| सुनील अग्रवाल | रवि पांडेय | बसंत अग्रवाल | नितिन अग्रवाल |
|---|---|---|---|
| 12181 | 12222 | 11160 | 10002 |

### विधायकों को मात देने वाले

प्रदेश संगठन ने विधायकों के लिए दस-दस हजार और सांसदों के लिए 20-20 हजार का लक्ष्य तय किया है। जहां एक मात्र सांसद केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही 20 हजार सदस्य बना सके हैं, वहीं दूसरी सांसद महासमुंद की रूप कुमारी चौधरी हैं जो दस हजार के पास गई हैं। विधायकों में आधे से ज्यादा विधायक अपने लक्ष्य से बहुत दूर हैं, लेकिन कई ऐसे भी कार्यकर्ता हैं जो विधायकों को मात देकर दस हजार या इससे भी ज्यादा शेष पेज 2 पर

### होगा सम्मान

*तीन हजार या इससे ज्यादा सदस्य बनाने वाले सभी का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों सम्मान कराया जाएगा। इसी के साथ इनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का भी मौका मिलेगा।*

*- अनुराग सिंहदेव, प्रदेश संयोजक सदस्यता अभियान समिति*

# गोल्फ के हर शॉट पर रोमांच, पंजाब ने जीती छत्तीसगढ़ की पहली नेशनल चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नया रायपुर में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप के अंतिम दिन देश के 20 राज्यों की टीम के बीच गोल्फ का रोमांचक मैच खेला गया। सुबह 6 बजे शुरू हुई प्रतियोगिता शाम 5 बजे तक जारी रही। इस दौरान गोल्फ के हर शॉट में लोगों को रोमांच देखने को मिला है। गोल्फ खिलाड़ियों ने पहले व दूसरे प्रयास में ही बॉल को होल के करीब पहुंचाकर अन्य खिलाड़ियों की धड़कनें बढ़ा दी। चैंपियनशिप को अपने नाम करने और अधिक अंक हासिल करने खिलाड़ियों के बीच कम स्टॉक में बॉल को होल में डालने की प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। प्रतियोगिता देखने पहुंचे युवाओं ने कहा कि आज तक गोल्फ का खेल टीवी में देखा करते थे। शेष पेज 2 पर

- **महाराष्ट्र की टीम रही उपविजेता, खिलाड़ियों को मिला 6 लाख का नगद पुरस्कार**

**तीन दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप का हुआ समापन** | **सुबह 6 से शाम 5 बजे तक 20 राज्यों के बीच चली प्रतियोगिता**



### खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

20 राज्यों के बीच हुई प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी शामिल थे। इस दौरान सभी खिलाड़ियों में मैच के दौरान उत्साह देखने को मिला है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पंजाब ने छत्तीसगढ़ में आयोजित पहले नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप अपने नाम किया। टीम के जीएस वीरा कैप्टन को दस लाख के साथ ट्रॉफी गई। उपविजेता महाराष्ट्र की टीम शेष पेज 2 पर



### बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक गोल्फ खेल सकते हैं

समापन कार्यक्रम में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के फाउंडर मेंबर जक्षय शाह ने कहा कि गोल्फ पहली बार ओलंपिक में आ गया है।गुजरात में साढ़े नौ सौ एकड़ में गोल्फ कोर्स बनाया है। गोल्फ विदेशी निवेश को आकर्षित करने का अच्छा माध्यम है। गोल्फ ऐसा खेल है जिसे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक खेल सकते हैं। गोल्फ में रेफरी की जरूरत नहीं है। इसलिए यह जेंटलमैन गेम है। फाउंडर मेंबर आर्यवीर आर्य ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी खिलाड़ी एक दूसरे को अच्छे से जानते हैं। सभी में उत्साह रहा। सफल आयोजन के लिए हम बीस दिनों से मेहनत कर रहे हैं।

## राजधानी के विमानतल के पार्किंग शुल्क में बदलाव

# एयरपोर्ट जाना हुआ महंगा, वाहनों के पार्किंग शुल्क में बढ़ोतरी, फ्री टाइमिंग भी एक मिनट बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विमान यात्रियों को पिकअप अथवा ड्राप करने राजधानी के विमानतल जाना अब लोगों को और महंगा पड़ेगा। विमानतल प्रबंधन ने वाहनों के नए पार्किंग शुल्क का निर्धारण किया है जो पुरानी दर से दोगुना है। प्रबंधन ने चार मिनट के फ्री टाइमिंग में एक मिनट की बढ़ोतरी की है। पिकअप के लिए आने वाले कामर्शियल वाहनों को भी अब तीस




के बजाए साठ रुपए शुल्क देना होगा। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा जारी की गई सूचना के अनुसार पार्किंग के लिए निर्धारित किया गया शुल्क 28 अक्टूबर से लागू होगा। शेष पेज 2 पर

### नाइट पार्किंग, तो सौंपनी होगी चाबी

नई व्यवस्था के तहत कार की नाइट पार्किंग का शुल्क 105 से बढ़ाकर 195 किया गया है। इसके लिए मालिक को कार पार्किंग प्रबंधक के निर्देशानुसार वाहन पार्क करना होगा और डीएल, आरसी की जिरॉक्स कॉपी के साथ चाबियां कार पार्किंग प्रबंधक को सौंपनी होगी। ऐसा न करने पर कार पार्किंग प्रबंधक टर्मिनल प्रबंधक के साथ साथ माना ट्रैफिक पुलिस को भी सूचित करेगा।

### टर्मिनल के सामने पार्किंग बैन

निजी वाहनों को भी केवल वरिष्ठ नागरिकों, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों, व्हीलचेयर यात्रियों, गर्भवती महिलाओं, गोद में बच्चे के लिए आगमन लेन के सामने से पिक-अप करने की अनुमति होगी। किसी भी हालत में किसी भी वाहन को टर्मिनल बिल्डिंग के सामने इंतजार करने की अनुमति नहीं दी गई है। नियम तोड़ने वाले वाहनों पर वहां के कर्मचारी आवश्यक कार्रवाई करेंगे।




**ब्रिक्स सम्मेलन से पहले चीन ने हठधर्मिता छोड़ते हुए भारत के साथ पूर्वी लद्दाख में डेपसांग व डेमचौक में सैन्य गश्त को लेकर समझौता किया। इन पोस्टों पर भारत व चीन के सैनिक गलवान की घटना के पहले की स्थिति के मुताबिक पैट्रोलिंग (गश्त) कर सकेंगे। हालांकि गलवान सहित ऐसे कई पोस्ट हैं जहां दोनों मुल्क के सैनिक आमने-सामने हैं। समझौते में इन पोस्टों का जिक्र नहीं है। माना जा रहा है कि चीन ने ब्रिक्स सम्मेलन की सफलता के लिए भारत के साथ सैन्य समझौते को आगे बढ़ाया, दूसरी वजह भी है कि भारत के ट्रेड संबंध को और मजबूत करने के लिए चीन ने कूटनीतिक रुख अपनाया है। बड़ा सवाल है कि भारत इसे किस रूप में देखे, क्योंकि सीमा पर तनाव कम करने के लिए गलवान की घटना के बाद से करीब 24 छोटी-बड़ी बैठकें भारत व चीन के बीच हो चुकी थी, फिर भी चीन हठ पर कायम था। ब्रिक्स सम्मेलन से ठीक पहले चीन का गश्त समझौते के लिए मानना उसकी ट्रेड कूटनीति की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। वर्ष 2017 में डोकलाम में भी ब्रिक्स सम्मेलन से पहले चीन पीछे हट गया था। गश्त समझौते पर भारतीय दृष्टिकोण का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**




# बिगड़ते-बनते भारत-चीन संबंध



कूटनीति

प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार

**15 और 16 जून सन् 2020 की रात्रि को पूर्वी लद्दाख के गलवान क्षेत्र में भारतीय सेना और चीनी लाल सेना के मध्य एक गंभीर रक्तरंजित झड़प अंजाम दी गई थी। इससे सैन्य झड़प के तत्पश्चात इस संपूर्ण इलाके में सैन्य तनाव व्याप्त हो गया था और सैन्य गश्त खत्म कर दी गई थी। रक्तरंजित गलवान कांड के पश्चात भारत और चीन के मध्य विमान उड़ानों को प्रतिबंधित कर दिया गया था। गलवान कांड के बाद भारत और चीन के मध्य सैन्य स्तर पर एवं कूटनीतिक स्तर पर परस्पर वार्ताओं के पचास से अधिक दौर निरंतर जारी रहे। भारत और चीन के मध्य जारी शासकीय वार्ताओं का परिणाम तकरीबन चार वर्ष बाद सामने आ गया है।**

रूस के नगर कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आरंभ होने से पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री द्वारा 21 अक्टूबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत के विदेश सचिव ने फरमाया कि पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में भारत और चीन के मध्य स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा अर्थात एलएसी पर सैन्य गश्त के पैटर्न को लेकर भारत और चीन की सरकारें एक समझौते को अंजाम देने के कगार पर हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी बयान दिया कि भारत और चीन की पूर्वी लद्दाख के सरहदी इलाके में सैन्य गश्त का पैटर्न अप्रैल सन् 2020 की स्थिति के मुताबिक बाकायदा प्रारंभ हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 15 और 16 जून सन् 2020 की रात्रि को पूर्वी लद्दाख के गलवान क्षेत्र में भारतीय सेना और चीनी लाल सेना के मध्य एक गंभीर रक्तरंजित झड़प अंजाम दी गई थी। इससे सैन्य झड़प के तत्पश्चात इस संपूर्ण इलाके में सैन्य तनाव व्याप्त हो गया था और सैन्य गश्त खत्म कर दी गई थी। रक्तरंजित गलवान कांड के पश्चात भारत और चीन के मध्य विमान उड़ानों को प्रतिबंधित कर दिया गया था। दोनों देशों के मध्य बड़े व्यापारिक संबंध होने के बावजूद विगत चार वर्षों से कोई सीधी विमान उड़ान नहीं हुई। गलवान कांड के बाद भारत और चीन के मध्य सैन्य स्तर पर एवं कूटनीतिक स्तर पर परस्पर वार्ताओं के पचास से अधिक दौर निरंतर जारी रहे। भारत और चीन के मध्य जारी शासकीय वार्ताओं का परिणाम तकरीबन चार वर्ष बाद सामने आ गया है।

## द्विपक्षीय समझौते का खैरमकदम

इस घटनाक्रम के बाद कजान के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत और चीन ने एक कदम और आगे बढ़ाया, जबकि 5 वर्षों के दीर्घ अंतराल के पश्चात भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने द्विपक्षीय मुलाकात की और भारत-चीन के मध्य संपन्न हुए द्विपक्षीय समझौते का खैरमकदम किया। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि भारत और चीन के मध्य दहकती सुलगती हुई सरहद पर अब संभवतः सैन्य तनाव में शैथिल्य आ ही जाएगा। भारत और चीन के मध्य वर्ष 1962 के भीषण युद्ध के कारण बिगड़े हुए संबंधों को गहराई से समझने वाले विशेषज्ञों का विचार है कि भारत और चीन के मध्य बिगड़े हुए संबंधों को सुधारने में अभी बहुत अधिक वक्त लगेगा। भारतीय सेना के कमांडर इन चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी का कहना एकदम उचित है कि चीन पर भरोसा करने में अभी वक्त लगेगा। दरअसल चीन की विस्तारवादी फ़ितरत को मद्देनजर रखते हुए चीन की वास्तविक नीयत पर गहन गंभीर सवाल उठाए जाते रहे हैं। भारत और चीन की सरकारों द्वारा जारी कूटनीतिक बयानों से ऐसा प्रतीत तो होने लगा है कि दोनों देशों के बिगड़े हुए रिश्तों पर जमी हुई विकट बर्फ के




पिघल जाने की संभावनाएं तो अवश्य ही बढ़ गई हैं। भारत और चीन के मध्य स्थित 3844 किलोमीटर लंबी सरहद पर उत्पन्न हुए संगीन विवाद पर दोनों देशों का नजरिया तकरीबन अलग-अलग रहा है। विगत दिनों में जिस मामले को लेकर भारत और चीन के मध्य जो सहमति बनी है वह एकदम पृथक चरित्र की है। पूर्वी लद्दाख के साथ ही साथ गलवान, गोगरा, पैंगोंग झील के नॉर्थ ब्लॉक और कैलाश रेंज के बफर जोन्स में 16 जून सन् 2020 से पहले की सैन्य स्थिति बरकरार की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान में कहा गया कि भारत और चीन बहुध्रुवीय एशिया और बहुध्रुवीय विश्व का निर्माण करने में अपना-अपना योगदान करेंगे।

## विवाद सुलझाने का रास्ता खुलेगा

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने भी कहा कि उनका विचार है कि दोनों देशों को इन महान उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मिलजुल कर एक साथ काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग की कूटनीतिक मुलाकात को वस्तुतः भारत और चीन के मध्य बिगड़े हुए संबंधों को सामान्य पर लाने की दिशा में पहला अहम कदम क़रार दिया जाना चाहिए। सिर्फ इस कूटनीतिक मुलाकात से भारत और चीन के मध्य सभी परस्पर विवादों के सुलझाए जाने की उम्मीद करना एकदम बेमानी होगी। भारत और चीन के मध्य स्थित सरहद पर सैन्य तनाव में शैथिल्य आ जाने से परस्पर जटिल विवादों को सुलझाने का रास्ता संभवतः खुल सकेगा। चीन के विरुद्ध अनेक भू राजनीतिक चुनौतियां प्रस्तुत रही हैं। अमेरिका और जापान के विरुद्ध चीन का निरंतर बढ़ता हुआ सैन्य तनाव और चीन के खराब होते हुए घरेलू आर्थिक हालात ने भारत के साथ उसको सामान्य रिश्ते स्थापित करने की दिशा में सोचने और विचारने के लिए बाध्य किया है। चीन ने अत्यंत गहनता के साथ विचार किया है कि उस पर वैश्विक दबाव निरंतर बढ़ रहा है। भारत के साथ सरहद पर सैन्य गतिरोध उत्पन्न करने से उसे कोई लाभ भी नहीं हुआ है। रूस-यूक्रेन युद्ध में चीन स्पष्ट रूप से नाटो सैन्य संगठन के विरुद्ध रूस के साथ सन्नद तौर पर खड़ा हुआ है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में चीन वस्तुतः रूस को आधुनिकतम हथियार प्रदान करने वाला सबसे बड़ा सप्लायर देश है। भारत के साथ सदैव रूस के मित्रतापूर्ण ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में नाटो द्वारा रूस के विरुद्ध आयाद किए गए तमाम आर्थिक प्रतिबंधों को भारत ने स्वीकार करने से स्पष्ट इन्कार किया है। यहां तक कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों में भारत अग्रणी देश रहा है।

## चीन के कुटिल विस्तारवाद का विरोध

रूस के राष्ट्रपति पुतिन की स्पष्ट कूटनीति है कि भारत को अपने साथ तभी तक रखा जा सकता है, जबकि चीन के साथ भारत के शत्रुतापूर्ण अंतरविरोधों को कूटनीतिक रूप से सुलझा लिया जाए। अन्यथा चीन के विरुद्ध खड़ा हुआ भारत वस्तुतः पश्चिमी के नाटो राष्ट्रों की तरफ झुक जाने पर विवश हो जाएगा। एशिया में चीन के कुटिल विस्तारवाद के विरुद्ध ही भारत ने क्वाड संगठन में शामिल होने का निर्णय लिया था। क्वाड में भारत के साथ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान मुख्य तौर पर शामिल देश हैं। उल्लेखनीय है कि भूटान के डोकलाम क्षेत्र में उत्पन्न विवाद को सुलझाने में राष्ट्रपति पुतिन ने अहम किरदार निभाया था। एक सैन्य संधि के तहत भूटान की हिफाजत करने की जिम्मेदारी भारत की रही है। डोकलाम में अनेक महीनों तक भारतीय और चीनी सेनाएं आमने-सामने डटी रही थी। बाद में कूटनीतिक वार्ता द्वारा डोकलाम विवाद को सुलझाया जा सका।

## लद्दाख में ऑक्साई चिन पर चीन का आधिपत्य

उल्लेखनीय है सन् 1962 का युद्ध वस्तुतः लद्दाख इलाके में स्थित ऑक्साई चिन पर चीन के आधिपत्य को लेकर प्रारंभ हुआ था, जबकि ऑक्साई चिन के रास्ते पश्चिम में 179 किलोमीटर लंबी सड़क चीन द्वारा निर्मित की गई थी। लद्दाख के ऑक्साई चिन इलाके में दोनों देशों के सैनिकों के मध्य पहली भिड़ंत 25 अगस्त 1959 को घटित हुई थी। चीन के सैन्य दल द्वारा नेफा फ्रंटियर पर लोंग्जू में भी आक्रमण किया गया। 21 अक्टूबर, 1962 को चीन द्वारा लद्दाख कोंगका में जबरदस्त गोलाबारी अंजाम दी गई। इसके पश्चात चीन और भारत के मध्य भीषण युद्ध शुरू हो गया, जोकि तकरीबन 15 दिन तक जारी रहा। अरुणाचल (नेफा) के ऊपर, चीन अपने स्वामित्व का दावा पेश करता रहा है। 35000 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्रफल वाले ऑक्साई चिन पर चीन ने अपना सैन्य कब्जा जमाया हुआ है। सन् 1954 में तिब्बत पर अवैध आधिपत्य स्थापित करने से प्रारंभ हुई चीन की विस्तारवादी फितरत, वस्तुतः आज तक बदस्तूर जारी है। दक्षिण चीन सागर के अनेक द्वीपों पर चीन ने अपना अवैध आधिपत्य स्थापित कर लिया है। इस अवैध आधिपत्य के विरुद्ध इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस का निर्णय भी आ चुका है, किंतु चीन ने इस निर्णय को भी स्वीकार करने से इनकार किया है।

## भारत को चीन से रहना होगा सतर्क

वर्ष 1949 में स्थापित हुए साम्यवादी चीन की विकट विस्तारवादी फितरत को मद्देनजर रखते हुए भारत को बहुत ही सतर्क रह कर चीन के साथ कूटनीतिक कदम बढ़ाने होंगे। हिंदी-चीनी भाई-भाई के गगनभेदी नारों के साथ प्रारंभ हुई भारत और चीन की गहन मित्रता में आखिरकार खूंरेज रक्तरंजित शत्रुता का जहर किसने घोल दिया था? यक्ष प्रश्न है कि अत्यंत प्राचीन संस्कृति और सभ्यताओं वाले दोनों राष्ट्र एक-दूसरे के प्रबल शत्रु क्यों बन गए? क्या आने वाले भविष्य में ये दोनों राष्ट्र फिर से गहन मित्र बन जाएंगे? केवल भारत के साथ ही नहीं वरन एशिया के 18 राष्ट्रों के साथ चीन का सरहद पर विवाद है। जिस रूस के साथ चीन आजकल अपनी गहरी मित्रता का प्रदर्शन कर रहा है, उसी रूस के साथ सन् 1968 में ब्लाडिवोस्टक क्षेत्र को लेकर एक भीषण सैन्य युद्ध चीन द्वारा अंजाम दिया गया था। रूस के ब्लाडिवोस्टक पर चीन अपने स्वामित्व का दावा पेश करता रहा है। चीन के राजशाही काल के पुराने नक्शों का आधार लेकर साम्यवादी चीन भविष्य का अपना संसार रचना चाहता है। सामंती काल की विस्तारवादी फितरत का शिकार होकर चीन द्वारा जापान सहित अपने प्रायः सभी पड़ोसी मुल्कों के साथ अपनी शत्रुता ठान ली गई है। चीन की हुकूमत साम्यवाद के नाम पर जब तक अपनी सामंतवादी और विस्तारवादी के चरित्र का परित्याग नहीं कर देगी तब तक भारत ही नहीं किसी भी पड़ोसी मुल्क के साथ उसके रिश्ते कदापि दोस्ताना नहीं बन सकते हैं। चीन के साथ फूंक फूंक कर कदम बढ़ाने होंगे।

---

# ड्रैगन पर भरोसे की परीक्षा का वक्त



गश्त समझौता

डॉ. एन. के. सोमानी

शिक्षाविद् व वरिष्ठ स्तंभकार

भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर सैनिकों की गश्त को लेकर जो समझौता हुआ है, उसे दोनों देशों के रिश्तों के लिहाज से काफी अहम कहा जा रहा है। हालांकि, समझौते का मजमून पूरी तरह से सामने नहीं आया है लेकिन कहा जा रहा है कि समझौते के बाद दोनों देशों की सेनाएं अपनी पुरानी पोजीशन अर्थात अप्रैल 2020 (गलवान संघर्ष से) पर लौट जाएंगी। देपसांग और डेमचॉक क्षेत्र में सैनिक पीछे हटेंगे और गश्त फिर से शुरू हो सकेगी। इस समझौते को दोनों देशों के बीच चार साल से अधिक समय से जारी सैन्य गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में बड़ा कदम कहा जा रहा है। मीडिया में भी समझौते को लेकर बड़ी चर्चा है। समझौते को भारत की बड़ी कूटनीतिक कामयाबी बताया है। टीवी चैनलों पर खबरें है कि भारतीय नेतृत्व ने चीन को झुका दिया है। वगैरह-वगैरह। लेकिन सवाल यह है कि क्या समझौते में भारत ने वह सब कुछ प्राप्त कर लिया है जिसे मीडिया में प्रचारित किया जा रहा है।

## व्यापारिक रिश्तों पर असर

जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी। यहां तक कि दोनों देश द्विपक्षीय बातचीत से भी परहेज करने लगे थे। दोनों के व्यापारिक रिश्ते भी प्रभावित हुए। गलवान में चीनी सैनिकों द्वारा एकतरफा तौर पर किए गए बदलाव से भारत-चीन रिश्तों में ठहराव आ गया था। भारत लगातार इस बात पर जोर दे रहा था कि जब तक विवाद के मूल बिन्दू को समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक दोनों देशों के बीच बातचीत संभव नहीं है। एलएसी पर हालात बहुत नाजुक थे। कुछ इलाकों में भारत एवं चीन के सैनिक इतने नजदीक आ गए थे कि हालात काफी खतरनाक हो चुके थे। दोनों देशों के बीच का तनाव दुनियाभर में चर्चा का विषय बना। भारत ने सैन्य और राजनयिक वार्ताओं के जरिये इस विवाद को दूर करने के भरसक प्रयास किए। कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता के बाद अंतः दोनों देशों के बीच सहमति के कुछ बिन्दू तय हुए हैं। लेकिन सीमा समझौतों के मामले में चीन का जो रिकॉर्ड है, उसे देखते हुए बार-बार इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही है कि क्या चीन भरोसे के लायक है। अतीत में भी हमने चीन पर भरोसा करने की कीमत चुकाई है। हिन्दी-चीनी भाई-भाई, पंचशील से लेकर महाबलीपुरम में नारियल पानी और गुजरात में झुला झुलाने तक सब कुछ किया लेकिन इसके बावजूद चीन, भारत की सद्भाव नीति के विपरित ही चलता हुआ दिखाई दिया। सच तो यह है कि चीन के रग-रग में विस्तारवाद का प्रवाह है। जमीन से उसे विशेष प्रेम है। भारत पिछले कुछ समय से चीन को काउंटर करने की तैयारियों में जुटा है।

## जिबूती में चीन की घेराबंदी

क्वाड (अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्टेलिया), आई2यू2 (अमेरिका, भारत, इजरायल और संयुक्त अरब अमीरात) और अमेरिकी नेतृत्व वाले हिन्द-प्रशांत आर्थिक समूह (आईपीईएफ) के जरिए चीन पर दबाव बनाने में



सफल हुआ है। इसी तरह भारत ने नवंबर 2023 में मॉरिशस के अगलेगा द्वीप को सैन्य अड्डे के रूप में विकसित कर अफ्रीकी गणराज्य जिबूती में चीन की घेराबंदी की है। अगलेगा के जरिए भारत इस मार्ग से गुजरने वाले चीन जहाजों, युद्ध पोतों और पनडुब्बियों पर नजर रख सकेगा। इस मार्ग पर चीन का ऊर्जा बाजार टीका है। चीन अगर जिबूती में भारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है तो भारत अगलेगा के जरिए उसे काउंटर कर सकता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो भारत ने विभिन्न मोर्चों पर चीन को आइसोलेट करने की जो कोशिश की, मौजूदा समझौता भारत के इस रणनीतिक दबाव का नतीजा भी हो सकता है। हालांकि, कहा तो यह भी जा रहा है कि ब्रिक्स को मजबूती देने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दबाव में यह समझौता हुआ है। समझौते की दूसरी बड़ी वजह ताइवान भी हो सकता है। पिछले साल ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के नेता विलियम लाई चिंग-ते राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित हुए हैं। लाई चिंग-ते ताइवान की संप्रभुता के समर्थक और चीन साम्राज्यवाद के कट्टर विरोधी कहे जाते हैं। चुनाव से एक दिन पहले चीन ने ताइवान के नागरिकों को धमकाते हुए कहा था कि ताइवान के वोटर तय कर लें कि वे अमन चाहते हैं या युद्ध। शी चिनफिंग की 2025 तक ताइवान पर नियंत्रण की योजना है। चुनाव नतीजों से ठीक पहले नए साल की पूर्व संध्या पर शी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में मातृभूमि के एकीकरण की जो बात कही, उसे देखते हुए कहा जा सकता है ताइवान चीन का टारगेट हो सकता है। शी जानते हैं कि ताइवान पर चीन की किसी कार्रवाई का अमेरिकी खेमे की ओर से तो विरोध होगा ही, भारत भी मुखर हो सकता है। पिछले दिनों भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने ताइवान में कहा भी था कि चीन को राष्ट्रों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। ऐसे में चिनफिंग चाहेंगे कि ताइवान के मुद्दे पर भारत समर्थन न करे, लेकिन विरोध भी न करे। तो क्या चीन अपने राष्ट्रीय हितों को देखते हुए पैट्रोलिंग समझौते के लिए राजी हुआ है। यद्यपि, समझौते को लेकर स्थिति अभी पूरी तरह साफ नहीं हुई है। काराकोरम दर्रा से लेकर चुमार तक के 65 पैट्रोलिंग पॉइंट्स में से भारत ने 26 पॉइंट्स तक पहुंच खो दी है। समझौते के बाद क्या भारत उन पैट्रोलिंग पॉइंट्स तक पहुंच सकेगा। चीन ने समाधान की जो प्रक्रिया बताई है वह क्या है। क्या ये समाधान लिखित रूप में है या मौखिक, इस संबंध में अभी बहुत सारी अस्पष्टताएं हैं। विपक्ष के सवाल बेजा नहीं हैं। पिछले सालों में चीन ने इन क्षेत्रों में जिस तरह से आक्रामक गतिविधियों का जाल बिछाया है और वहां जो अतिक्रमण किया वह उसे आसानी से छोड़ देगा, इसमें संशय है। कुल मिलाकर कहा जाए तो संबंध सामान्य बनाने की प्रकिया के अगले पायदान काफी चुनौतीपूर्ण होंगे। स्थिति चाहे जो भी हो लेकिन विवाद की जड़ पैट्रोलिंग पॉइंट्स के खत्म होने के बाद दोनों देशों के बीच जो सकारात्मक वातावरण बना है, वह एक उम्मीद तो जगाती ही है। हालांकि, भारत और चीन के बीच मुद्दों को सुलझाने के लिए विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। भारत की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल मोर्चा संभाले हुए हैं। जबकि चीन की ओर से वहां के विदेशमंत्री को इसकी जिम्मेदारी मिली है।

## सीमा पर स्थिरता को प्राथमिकता

रूस के कजान शहर में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में मोदी ने सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए कहा कि आपसी विश्वास, सम्मान और संवदेनशीलता दोनों देशों के रिश्तों का आधार होना चाहिए। लेकिन सवाल एक बार फिर यही है कि क्या चीन उस भरोसे को कायम करने के लिए उपयुक्त कदम उठाएगा?

# भारत से रिश्ते सुधारना चीन की मजबूरी



व्यापार

अरविंद जयतिलक

वरिष्ठ पत्रकार

रूस में ब्रिक्स समिट से ठीक पहले भारत-चीन के बीच ईस्टर्न लद्दाख में एलएसी पर गश्त पर बनी सहमति दोनों देशों के लिए हितकारी है। दोनों देशों ने इस पर सहमति जताई है कि देपसांग और डेमचोक क्षेत्र में जहां गश्त ब्लॉक है वहां सैनिक पीछे हटेंगे और गश्त फिर से शुरू होगी। अर्थात दोनों देशों की सेनाएं अब अपनी पुरानी स्थिति पर लौट आएंगी, जैसा कि 2020 से पहले थी। याद होगा 2020 में गलवान में हुई झड़प के बाद से ही दोनों देशों के बीच रिश्ते तल्ख और असहज हुए थे। तब गलवान घाटी में चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय जवानों पर हमला दोनों देशों के रिश्ते को दुश्मनी और नफरत में बदल दिया था। इस हमले में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे वहीं चीन को भी अपने 43 जवानों की जिंदगी से हाथ धोना पड़ा था। इस हालात के लिए पूर्ण रूप से चीन ही जिम्मेदार था। गलवान की घटना के बाद से ही देपसांग और डेमचोक क्षेत्र में दोनों देशों ने एक-दूसरे की पेट्रोलिंग को बंद कर रखा था। अब सहमति के बाद गश्त की प्रक्रिया बहाल होने की राह खुल गई है। गौरतलब है कि गलवान की झड़प के बाद देपसांग में जिन स्थानों पर भारतीय सैनिक पैट्रोलिंग के लिए जाते थे उनमें से कई स्थानों पर चीनी सैनिकों ने रुकावटें पैदा कर दी थी। नतीजतन भारतीय सैनिकों को भी अपना कड़ा रुख अपनाना पड़ा। भारतीय सैनिकों ने उन स्थानों पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली जहां चीनी सैनिक पेट्रोलिंग के लिए जाते थे। लिहाजा चीनी सैनिकों की भी पेट्रोलिंग थम गई।

## कई क्षेत्रों में तनाव बरकरार

उल्लेखनीय है कि ईस्टर्न लद्दाख के पैंगोंग क्षेत्र, गलवान के पीपी-14, गोगरा और हॉटस्प्रिंग क्षेत्र में अभी भी तनाव बरकरार है। नतीजतन यह क्षेत्र अभी भी बफर जोन बना हुआ है। फिलहाल यहां दोनों देशों के सैनिक पेट्रोलिंग नहीं कर रहे हैं। चीन सामरिक रूप से अहम पैंगोंग त्सो झील के निकट एक और नए पुल का निर्माण करने जा रहा है। उसकी मंशा इस पुल के जरिए अपने सामरिक हथियारों को आसानी से भारतीय सीमा तक पहुंचाना है। इसका खुलासा सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों से हो चुका है। चीन की यह साजिश भारत के लिए चिंता का शबब इसलिए है कि यह नया पुल वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी से महज 20 किलोमीटर दूर है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत ने अपनी चिंता चीन से जरूर जताई होगी। चूंकि अब जब दोनों देशों के बीच रिश्तों में जमी बर्फ पिघल रही है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही इस क्षेत्र में भी शांति बहाल होगी और दोनों देशों के सैनिक पैट्रोलिंग कर सकेंगे। अभी अगस्त में ही दोनों देशों के वार्ताकारों ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल अर्थात एलएसी के मसले पर चर्चा की थी।

## अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान

गौर करें तो सीमा विवाद से दोनों देशों के बीच न सिर्फ तनाव की स्थिति उपजती है बल्कि अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। गलवान की घटना के बाद तो चीन को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। याद होगा वर्ष



2021 में देश के करोड़ों खुदरा और थोक व्यापारियों ने चीन से आयातित माल का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया था। इस अभियान के तहत व्यापारियों की योजना वर्ष 2021 के अंत तक चीन से आयात बिल एक लाख करोड़ रुपये से घटाना था जिसमें काफी सफलता भी मिली। तब देश के व्यापारियों ने करीब 3000 ऐसी वस्तुओं की सूची बनायी थी जिनका बड़ा हिस्सा चीन से आयात किया जाता था। तब भारत सरकार ने भी चीन से आयातित वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाना शुरू कर दिया था। तब भारत द्वारा नए एफडीआई नियमों में परिवर्तन से चीन बौखला गया था। आज की तारीख में भी दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से सर्वाधिक नुकसान चीन को ही उठाना पड़ता है। वैसे भी उसके घटिया प्रोडक्ट की पोल खुलती जा रही है। यह सच्चाई है कि चीन मैन्युफैक्चरिंग में घटिया कच्चे माल का इस्तेमाल कर उसे भारत में उतार रहा है। इस कारण उसके उत्पादों की मांग अब तेजी से घटनी शुरू हो गयी है। ऊपर से सीमा पर उसका आक्रामक रवैया कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। चीन को अच्छी तरह पता है कि भारत से रिश्ते बिगड़ने पर सबसे अधिक उसके हितों को ही नुकसान पहुंच रहा है। उसके लिए चिंता की बात यह भी है कि गुणवत्ता और भरोसे की कसौटी पर उसके उत्पाद खरा नहीं उतर रहे हैं। दुनियाभर में उसके उत्पादों की विश्वसनीयता अब शक के दायरे में है। दुनिया समझने लगी है कि चीन संसाधनों की सीमित उपलब्धता के कारण मैन्युफैक्चरिंग में घटिया कच्चे माल का इस्तेमाल कर रहा है और न्यूनतम मजदूरी के बूते अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपना घटिया व सस्ता माल उतार रहा है। उसके इस खेल से उसके उत्पादों की मांग तेजी से घटने लगी है। जबकि दूसरी ओर भारतीय उत्पाद अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण दुनियाभर में लोकप्रिय हो रहे हैं। इसे लेकर चीन भारत से जलभुन रहा है। याद होगा गत वर्ष पहले यूरोपीय संघ और दुनिया के 49 बड़े देशों को लेकर जारी 'मेड इन कंट्री इंडेक्स' (एमआइसीआइ-2017) में उत्पादों की गुणवत्ता के मामले में चीन भारत से सात पायदान नीचे रहा। चीन भले ही अपनी इंजीनियरिंग कारीगरी से अपने उत्पादों को दुनिया के बाजारों में पाटकर फूला न समा रहा हो पर वह दिन दूर नहीं जब उसकी हालत 19वीं सदी के समापन के दौर की उस जर्मनी जैसी होगी जो अपने गुणवत्ताहीन उत्पादों के लिए दुनियाभर में बदनाम हुआ। दुनिया के अन्य देशों में भी चीन के घटिया उत्पादों पर प्रतिबंध लगना शुरू हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार विशेष रूप से अमेरिका, यूरोप में चीन के उत्पादों की बिक्री में तेजी से कमी आई है। स्वयं चीन के कारोबारियों का भी कहना है कि प्रतिस्पर्द्धा की वजह से पिछले पांच साल में उत्पादों की कीमत में करीब 90 प्रतिशत तक कटौती कर चुके हैं। उनकी मानें तो पिछले तीन सालों में मजदूरी दोगूना बढ़ने और गुणवत्ता पर ध्यान देने से चीन में बने सामान भी सस्ते नहीं रह जाएंगे। अगर चीन उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान देता है तो स्वाभाविक रूप से उत्पादों की कीमत में वृद्धि होगी और कीमत बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उनकी मांग प्रभावित होगी।

## भारत में चीन का व्यापार बढ़ा

विगत दो दशकों में चीन का भारत में व्यापार कई गुना बढ़ा है। वर्ष 1984 में दोनों देशों द्वारा 'सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र' यानी एमएफएन पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद भारत की अपेक्षा चीन कई गुना ज्यादा फायदे में रहा है। वर्ष 2000 में भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2.9 अरब डॉलर था जो आज 2023-24 में बढ़कर 119 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसमें चीन से आयात भारत के निर्यात से ज्यादा है। इस आंकड़े को देखें तो चीन फायदे में है। अगर आज चीन भारत से रिश्ते सुधारने के लिए आगे बढ़ा है तो उसमें भी उसी का फायदा है।

रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024 | कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी | वर्ष : 23, अंक : 102 | पृष्ठ : 16+8 = 24 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

कम यात्री के कारण घाटे का हवाला, सप्ताह में चार दिन होती थी आवाजाही

दोनों शहरों का हवाई संपर्क खत्म, एलायंस एयर पूर्व में बंद कर चुका संचालन



# रायपुर से जगदलपुर की एयर कनेक्टिविटी कल से खत्म, चैन्नई, पुणे के लिए आज से रेग्यूलर फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर

विंटर शेड्यूल में नई फ्लाइट मिलने के बजाए रायपुर-जगदलपुर के यात्रियों को उड़ान समाप्त होने का बड़ा झटका लगा है। सप्ताह में चार दिन फ्लाइट का संचालन करने वाली इंडिगो ने 28 अक्टूबर सोमवार से उड़ान बंद करने की घोषणा की है जिसके लिए घाटे का हवाला दिया गया है। इस उड़ान के साथ रायपुर-जगदलपुर के बीच हवाई संपर्क समाप्त हो गया है क्योंकि कुछ माह पहले एलायंस एयर ने भी अपनी उड़ान पर रोक लगा दी थी। 27 अक्टूबर से लागू होने वाले विंटर शेड्यूल के दौरान रायपुर से नई फ्लाइट शुरू किए जाने की आस एक बार फिर समाप्त हो गई है। किसी भी एयरलाइंस कंपनी ने यहां से अपनी नई उड़ान की घोषणा नहीं की है। उधर रायपुर से सर्वाधिक विमानों का संचालन करने वाली कंपनी इंडिगो ने कम यात्रियों ▶▶|शेष पेज 2 पर

### समय बदलने आवेदन

इंडिगो एयरलाइंस द्वारा जगदलपुर-रायपुर विमान सेवा निर्धारित समय पर किया जा रहा है। शेडयूल टाइमिंग में बदलाव लाने कम्पनी डीजीसीए को एप्लाई किया है। दूसरा स्लाट मिलते ही विमानन कंपनी दोबारा विमान सेवा शुरू करेगी।

- हरीश एस, कलेक्टर बस्तर

### आज से चेन्नई, पूणे की नियमित उड़ान

विंटर शेड्यूल के पहले दिन से रायपुर से चेन्नई और पूणे के लिए संचालित होने वाली उड़ान को नियमित किया जाएगा। विमानन कंपनी ने काफी समय पहले इसकी घोषणा कर दी थी। आवाजाही के वक्त में इसके लिए किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। पहले दोनों फ्लाइट सप्ताह में तीन और चार दिन संचालित होती थी। दोनों शहरों के लिए नियमित फ्लाइट मिलने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है।

श्री रावतपुरा सरकार
इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी कुम्हारी
फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ
बी.फार्मा
डी.फार्मा, एम.फार्मा
रजिस्ट्रेशन की तिथि
22-10-24 से 27-10-24 तक
7222910430/41

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

# मुर्मू बोलीं- आईआईटियंस ने वैश्विक स्तर पर विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में बनाई अपनी विशेष पहचान

*राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के तृतीय एवं चतुर्थ दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने शिरकत कर संस्थान के विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को अपने हाथों से स्वर्ण पदक प्रदान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि आईआईटी के छात्रों ने विश्व स्तर पर विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। ग्लोबल कंपनी का नेतृत्व करते हुए हमारे आईआईटियन्स ने अपने तकनीक एवं कौशल से 21वीं सदी की दुनिया में उच्च स्थान प्राप्त किया है।*





## राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि आईआईटी के विद्यार्थियों ने स्वरोजगार एवं उद्यमिता का रास्ता चुना है और रोजगार का सृजन किया है। आईआईटियंस ने अपनी अग्रणी खोज, अपनी वैज्ञानिक सोच, नवोन्मेषी एवं दूरगामी दृष्टिकोण से देश एवं दुनिया की प्रगति में अपना योगदान दिया है। उन्होंने भारत में डिजिटल ट्रान्सफार्मेशन एवं स्टार्टअप कल्चर को भी बढ़ावा दिया है। इस अवसर पर ▶▶|शेष पेज 2 पर

- आईआईटी भिलाई में तृतीय एवं चतुर्थ दीक्षांत समारोह
- पं.दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विवि में तृतीय दीक्षांत समारोह

### छह लाख किसान मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग कर रहे

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह सराहनीय है कि 6 लाख किसान क्रॉप डॉक्टर नाम के मोबाइल ऐप्लिकेशन का उपयोग कर रहे हैं। यह संस्थान सामाजिक तौर पर प्रासंगिक अनुसंधान को बढ़ावा दे रहा है। यहां राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा संबंधी प्रोजेक्ट भी चलाए जा रहे हैं। इसके साथ ही महुआ जैसे लघुवनोपज पर भी शोध किया जा रहा है। आईआईटी भिलाई एक समावेशी सोच के साथ आगे बढ़ रहा है और यहां वंचित तथा पिछड़े वर्गों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है।

### 25 को 33 स्वर्ण पदक, 6 को सुपर स्पेशलिस्ट की उपाधि

रायपुर। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में विकसित छत्तीसगढ़ का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होगा। समग्र विकास के लिए नागरिकों का अच्छा स्वास्थ्य महत्वपूर्ण होता है। अच्छा स्वास्थ्य लोगों की उत्पादकता और रचनात्मकता को बढ़ाने में सहायक होता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह शामिल होकर संस्थान के 25 विद्यार्थियों को 33 स्वर्ण पदक एवं 6 विद्यार्थियों को सुपर स्पेशलिस्ट की उपाधि प्रदान की। राज्यपाल ने कहा कि यह विद्यार्थियों की अथक प्रयासों, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। यह विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक उपलब्धि ही नहीं है बल्कि मानव सेवा के मार्ग पर एक उत्कृष्ट शुरुआत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तेजी से किया जा रहा है, जहां नव-प्रशिक्षित चिकित्सकों की आवश्यकता ▶▶|शेष पेज 2 पर

# करंट बना काल, तारों की चपेट में आने से तीन हाथियों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विद्युत लाइन हाथियों के लिए एक बार फिर काल साबित हुई है। शुक्रवार देर रात रायगढ़ वनमंडल के घरघोड़ा वनपरिक्षेत्र की एक नर्सरी में 11 केवी तार की चपेट में आने से तीन हाथियों की मौत हो गई। जिन हाथियों की मौत हुई है, उनमें एक नर, मादा तथा ▶▶|शेष पेज 2 पर

- मरने वाले हाथियों में दो वयस्क, एक शावक

### एक तिहाई हाथियों की मौत करंट की चपेट में आने से

वर्ष 2001 से लेकर अब तक 224 हाथियों की अलग-अलग कारणों से मौत हुई है। इनमें से एक तिहाई 35 प्रतिशत हाथियों की मौत करंट की चपेट में आने से हुई है। करंट की ▶▶|शेष पेज 2 पर

### हाथियों को करंट से बचाने जनहित याचिका

हाथियों की करंट की चपेट में आकर मौत होने की घटना को देखते हुए वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने वर्ष 2018 में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। हाथियों को करंट की चपेट में आने से बचाने बिजली विभाग ने वन विभाग से एक हजार 674 करोड़ रुपए की मांग ▶▶|शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### डॉ. श्वेता को डॉ. प्रशांत तिवारी स्वर्ण पदक



रायपुर। छत्तीसगढ़ आयुष विश्वविद्यालय में इस वर्ष जनरल सर्जरी के विश्वविद्यालय टॉपर डॉ. श्वेता शर्मा को एक भव्य समारोह में प्रतिष्ठित डॉ. प्रशांत तिवारी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर ▶▶|शेष पेज 2 पर

### सुबोध सिंह इस्पात मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सुबोध कुमार सिंह को इस्पात मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया। उन्हें जून में एनटीए के महानिदेशक पद से हटा दिया गया था। छत्तीसगढ़ कैडर के 1997 बैच के आईएएस सिंह को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में अनिवार्य प्रतीक्षा पर रखा गया था। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने इस्पात मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

### विमानों को धमकी, सोशल मीडिया को अल्टीमेटम




नई दिल्ली। विमानन कंपनियों को उनके विमानों को बम से उड़ाने की मिलने वाली फर्जी धमकियों की बढ़ती संख्या के बीच सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंचों से कहा है कि वे उचित सावधानी बरतें। सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत निर्धारित कठोर समय सीमा के भीतर गलत सूचना को तुरंत हटा दें या उस तक पहुंच को बाधित करें।

### अवैध पटाखों का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार



बांदा। चित्रकूट जिला मुख्यालय के कर्वी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने छापा मारकर एक मकान से भारी मात्रा में अवैध पटाखों का जखीरा बरामद किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर शहर के जगदीशगंज मुहल्ले में छापा मारा गया। मकान से बड़ी तादाद में पटाखे बरामद किए गए हैं।

**2-0 से न्यूजीलैंड अजेय**

# भारतीय टीम की शर्मनाक हार न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत



- 12 साल बाद गंवाई सीरीज
- 18 टेस्ट सीरीज जीतने का क्रम टूटा
- 68 साल बाद सीरीज जीते कीवी

एजेंसी ▶▶| पुणे

टेस्ट में भारतीय टीम अपने घर में 12 साल बाद कोई सीरीज हारी है। इसी के साथ घरेलू जमीन पर लगातार 18 टेस्ट सीरीज जीतने के बाद जीत का यह सिलसिला टूट गया। पिछली बार टीम इंडिया को 2012-13 में इंग्लैंड ने चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से हराया था। उसके बाद भारत ने लगातार 18 सीरीज जीतीं। पहला टेस्ट जीतने के साथ ही न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारत में कोई टेस्ट मैच जीता था। अब उसने पहली बार भारत में कोई टेस्ट सीरीज अपने नाम की है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट 1955 में खेला गया था और 69 साल के दोनों देशों के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार न्यूजीलैंड की टीम ने भारतीय सरजमीं पर टेस्ट सीरीज जीती है।

### रोहित बोले- यह हार निराशाजनक

भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि यह हार निराशाजनक है, हमें इसकी उम्मीद नहीं थी। हमें न्यूजीलैंड को श्रेय देना होगा, क्योंकि उन्होंने हमसे बेहतर क्रिकेट खेली। हम मौकों को भुना नहीं पाए। हमारी बल्लेबाजी संतोषजनक नहीं रही, टेस्ट मैच जीतने के लिए 20 विकेट लेने जरूरी होते हैं, साथ ही रन बनाना उतना ही जरूरी होता है।

**हाथ की नस काटी, फिर गले पर मारी ब्लेड**

# छग के रिटायर्ड डीजी के बेटे ने खुद का 'गला' काटकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित वैशाली नगर में रिटायर्ड डीजी के बेटे ने शनिवार शाम खुद का गला काटकर आत्महत्या कर ली। गला काटने से पहले उन्होंने हाथ की नस काटी थी। परिजन उन्हें हजेला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।


प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वे दो साल से तनाव में थे। उनका मनौचिकित्सक के पास इलाज भी चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मोहन शुक्ला छत्तीसगढ़ में डीजी थे। उनका वैशाली नगर में मकान है। वे यहां अपनी पत्नी और बेटा बहू के साथ रहते हैं। उनका बेटा 54 साल का तुषार शुक्ला करीब दो साल से तनाव में था। शनिवार शाम करीब साढ़े 5 बजे तुषार ने ब्लेड से अपने हाथ की नस काट ली। जब उन्हें लगा कि हाथ की नस काटने से जान नहीं जाएगी तो खुद ही ब्लेड से गले पर हमला कर दिया। खून से लथपथ तुषार शुक्ला को उनकी पत्नी सौम्या और बेटा समेत परिजन हजेला अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने बताया कि तुषार की मौत हो चुकी है।

- दो साल से तनाव में थे 54 वर्षीय तुषार शुक्ला
- पत्नी-बेटा समेत परिजन अस्पताल लेकर गए
- पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जल्द करेगी जांच

### दो बार पहले भी कर चुके थे आत्महत्या का प्रयास

पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि तुषार पूर्व में भी दो बार आत्महत्या का प्रयास कर चुके हैं। वे इन दिनों घर में रहते थे और पूरे समय अलग-अलग किताबें पढ़ते थे। पुलिस का कहना है कि अभी शोकाकुल परिजन के विस्तृत बयान नहीं हो सके हैं। पूछताछ में पता चला कि है कि उन्होंने ब्लेड से हाथ की नस और गला काटा है। हालांकि, अभी घर से ब्लेड बरामद नहीं की गई है।

# महंगाई का खतरा बरकरार हम इसे कंट्रोल कर ही लेंगे



- चौथी तिमाही तक महंगाई के नरम होने के पूरे संकेत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि चौथी तिमाही तक महंगाई के नरम होने के पूरे संकेत हैं। आरबीआई का अनुमान है कि आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान है। दास को पूरा यकीन है कि महंगाई को कंट्रोल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में चल रही कई समस्याओं के चलते महंगाई पर दबाव बना हुआ है। मगर, देश में महंगाई और ग्रोथ का सामंजस्य बना हुआ है। महंगाई पर चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही तक काबू कर लिया जाएगा। दास के अनुसार मौसम की अनिश्चितता और जियोपॉलिटिकल समस्याओं के चलते महंगाई का आंकड़ा हमारे लक्ष्य 4 फीसदी से ऊपर गया है।



^551 ईनाम का ऑन लाईन लकी ड्रॉ इवेंट अनुमानित दिसम्बर 2024 में झारखण्ड और छत्तीसगढ़ के लिए आयोजित किया जाएगा। इन ईनामों की अनुमानित कीमत और संख्या ₹11 09 900. तक का 1 ट्रैक्टर, ₹6 12 900. तक की 1 कार, 25 g-3 GOLD COIN-22 Carat, ₹1 75 000. तक की 5 बुलेट, ₹1 20 000. तक के 5, 6' रोटावेटर, ₹66 000. तक की 6 मोटर साइकिल, ₹12 000. तक की 15 वाशिंग मशीन, ₹10 000. तक की 25 LED TV, ₹8 000. तक के 55 मोबाईल फोन, ₹2 500. तक के 175 जूसर मिक्सर, ₹1 500. तक के 260 रिस्ट वॉच। ईनाम से सम्बन्धित सभी सरकारी लेवी/कर ग्राहक द्वारा वहन किये जाएंगे। ^ऊपर दर्शाये गए ईनाम केवल प्रतिनिधत्व के लिए हैं, मूल ईनाम भिन्न हो सकते हैं। *नियम एवं शर्तें लागू, दर्शाए गए मॉडल्स की कीमतें और ऑफर सोनालीका के छत्तीसगढ़ के डीलरों के सौजन्य से, आर.टी.ओ., इंश्योरेन्स, फाइनेन्स एवं एक्सचेंज शामिल नहीं हैं। * दिखाई गई कीमतें Ex-Showroom हैं। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.sonalika.com और अपनी नज़दीकी डीलरशिप पर विजिट करें।
मिस्ड कॉल: 9672818444

**अनोखे अंदाज में मनाया जन्मदिन**

# गौसेवा का ऐसा जुनून, जन्मदिन पर 20 क्विंटल सब्जियों की बनाई रंगोली, मवेशियों को दी पार्टी

चैतेन्द्र तिवारी ▶▶| खैरागढ़

ज्यादातर लोग अपना जन्मदिन मंदिरों में पूजा-अर्चना या फिर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर मनाते हैं, लेकिन संगीत नगरी में एक ऐसा गौसेवक है, जिसने अपने 26वें जन्मदिन पर गौशाला के 200 से अधिक गौवंशों को हरी सब्जियों की पार्टी दी। मनोहर गौशालय में करीबन दो हजार किलो सब्जियों की पार्टी मवेशियों को दी गई थी।

खैरागढ़ शहर में जिनेंद्र ज्वेलर्स के संचालक चमन डाकलिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बीते दिनों मनोहर गौशाला में अलग-अलग प्रकार की हरी सब्जियां लगभग 20 क्विंटल पिकअप ▶▶|शेष पेज 2 पर





### पीएम को दी थी गोबर चटाई

खैरागढ़ का मनोहर गौशाला अपने अनोखे काम के लिए प्रख्यात है। इस साल के शुरुआत में ही इस गौशाला में कारीगर द्वारा गोबर से एक विशेष चटाई बनाई गई थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की थी।

## खबर संक्षेप



### पाकिस्तान में तालिबानी हमले में 10 पुलिस कर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकियों ने अफगान सीमा पर पुलिस चौकी पर तैनात 10 पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी। आतंकी हमला प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में अंजाम दिया गया। हमले की पुष्टि खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन खान गंदापुर ने की है। एक खुफिया अधिकारी ने बताया कि आतंकियों ने लगभग एक घंटे तक भीषण गोलीबारी की, जिसमें फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के 10 जवान मारे गए और 7 घायल हुए हैं। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी तालिबान या तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने ली है। अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के मुताबिक, हमले में लगभग 20 से 25 आतंकवादी शामिल थे। यह हमला अफगान सीमा से लगभग 70 किलोमीटर पूर्व में हुआ था। उसने एक बयान में बताया कि यह वरिष्ठ नेता उस्ताद कुरैशी की हत्या का बदला है।

## मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक बैठक में हुआ गहन मंथन

# योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान का आरएसएस सहमत, कहा- एकता से बनी रहेगी शांति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक बैठक में आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान का समर्थन करते दिखे। होसबाले ने कहा कि यह बयान हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें इस विचार को व्यवहार में लाने की आवश्यकता है, जिससे समाज में एकता बनी रहे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक इस बार मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित हुई। यह बैठक कई मायनों में जरूरी है. संघ प्रमुख मोहन भागवत मथुरा में इस बैठक के लिए 10 दिन के प्रवास पर हैं। कुछ दिन पहले ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बीच उत्तर प्रदेश के मथुरा में लगभग ढाई घंटे तक अहम बैठक हुई थी। 25 और 26 अक्टूबर को बुलाई गई इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया।



- संघ प्रमुख मोहन भागवत मथुरा में इस बैठक के लिए 10 दिन के प्रवास पर
- बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया
- गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हुए हमलों पर जताई चिंता

### भारत की मदद की आवश्यकता

हसबोले ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समाज के लोगों के लिए भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। उनका मानना है कि दुनिया में किसी भी हिंदू को दिक्कत होने पर वह मदद के लिए भारत की ओर देखता है। साथ ही उन्होंने ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए कड़े नियम बनाने की मांग की है।

### संघ की बढ़ती शाखाओं पर कही यह बात

मथुरा में पत्रकार वार्ता में होसबोले ने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस साल 2024 में संघ की शाखाएं अधिक बढ़ी हैं। वर्तमान में संघ की 72,354 शाखाएं चल रही हैं। होसबोले ने चेतावनी दी कि वर्तमान हालात में एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हमले हुए हैं। ऐसे में होसबाले ने समाज की रक्षा करने और शांति बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### बहन-बेटियों को बचाने लव जिहाद पर करें जागरूक



लव जिहाद के मुद्दे पर बोलते हुए, होसबाले ने कहा कि यह समाज में समस्याएं पैदा कर रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे अपनी बहन-बेटियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है, और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने समाज की रक्षा करें।

# पाकिस्तानः एबटाबाद में सेना व आईएसआई आतंकियों को सिखा रहे हथियार चलाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान न सिर्फ आतंकियों को पनाह दे रहा है, बल्कि उन्हें संसाधन भी मुहैया करा रहा है। मीडिया की हालिया रिपोर्ट में इस बात के संकेत मिले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान एबटाबाद में आतंकियों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर चला रहा है। यहां लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण ले रहे हैं। खास बात है कि ये शिविर पाकिस्तानी सेना के परिसर से ही संचालित हो रहा है।

### एबटाबाद में ही मारा गया था लादेन

बता दें कि एबटाबाद ही वो जगह है, जहां अल-कायदा का नेता ओसामा बिन लादेन रहता था। मई, 2011 में अमेरिका की विशेष सैन्य बलों ने इस इमारत पर हमला कर लादेन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अगले साल पाकिस्तान ने इस इमारत को ध्वस्त कर दिया था। अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये शिविर लादेन के ध्वस्त किए गए घर पर बनाया गया है या नए सिरे से निर्माण किया गया है।



### शिविर में आते रहते हैं बड़े आतंकी

पाक मीडिया ने खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा इस शिविर में हाफिज सईद, मसूद अजहर और सलाहुद्दीन जैसे आतंकी भी आते रहते हैं। इस शिविर में बाहरी लोगों के आने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है, क्योंकि इसके ठीक बगल में पाकिस्तानी सेना का शिविर भी है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई में तैनात एक जनरल इस शिविर में युवाओं को हथियार चलाने सहित युद्ध के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण दे रहा है।

### भारत ने इन संगठनों पर लगा रखा है प्रतिबंध

शिविर में लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण ले रहे हैं। भारत ने इन तीनों संगठनों पर प्रतिबंध लगा रखा है और राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इन्हें आतंकवादी संगठनों की सूची में डाला हुआ है। माना जाता है कि ये शिविर इन संगठनों में भर्ती का केंद्र है। कथित तौर पर यहां आतंकियों को कई तरह की लड़ाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# लॉरेंस बिश्नोई पर जिसने रखा एक करोड़ का इनाम उसकी भी डेढ़ करोड़ की सुपारी!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- क्षत्रिय करणी सेना के प्रमुख राज शेखावत ने बताया अब अपनी जान को खतरा

जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर 1,11,11,111 रुपए का इनाम रखने वाले क्षत्रिय करणी सेना के प्रमुख राज शेखावत ने अब अपनी जान को खतरा बताया है।
शेखावत ने कहा है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने उसके नाम की डेढ़ करोड़ रुपये की सुपारी दी है। लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करने पर पुलिसकर्मी को इनाम देने की घोषणा करके चर्चा में आए शेखावत ने आरोप लगाया है कि बिश्नोई गैंग ने बिहार में उनके नाम की सुपारी दी है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उनके मन में कोई खौफ नहीं है।

### क्या कहा था राज शेखावत ने

राज शेखावत ने हाल ही में ऐलान किया कि यदि कोई पुलिसकर्मी लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर कर देता है तो उनका संगठन उसे 1 करोड़ 11 लाख 11 हजार 111 रुपए इनाम देगा। अब उन्होंने कहा है कि क्षत्रिय करणी सेना उस पुलिसकर्मी के परिवार का भी पूरा ध्यान रखेगा और हर जरूरत को पूरी करेगा। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय करणी सेना से करोड़ों लोग जुड़े हुए हैं और यदि वे 5-5 पैसे भी योगदान देंगे तो इनामी राशि का इंतजाम हो जाएगा।

# दिलजीत कॉन्सर्ट की फर्जी टिकट में ईडी ने 5 राज्यों में की छापेमारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जांच एजेंसी ईडी ने कोल्डप्ले और दिलजीत दोसांझ की दिल-लुमिनाती के बहुप्रतीक्षित कॉन्सर्ट की अवैध टिकटों की बिक्री को लेकर छापेमारी की है। ईडी की ओर से अवैध टिकट बिक्री को लेकर दिल्ली, मुंबई, जयपुर, चंडीगढ़ और बैंगलोर में छापेमारी की गई। ईडी की ओर से यह कदम कई राज्यों में धोखाधड़ी वाली टिकट बिक्री को लेकर दर्ज किए गए एफआईआर के बाद उठाया गया है। इस दौरान ईडी ने कई मोबाइल फोन, लैपटॉप और सिम कार्ड जब्त किए हैं।

### इसलिए हो रही टिकटों की कालाबाजारी

कोल्डप्ले की ओर से म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर और दिलजीत दोसांझ के दिल-लुमिनाटी कॉन्सर्ट को देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। इस कारण इवेंट टिकट बुकिंग कंपनी बुक माई शो और जोमैटो लाइव जैसे प्लेटफार्म सीट बुक हो गई। फैंस को जब टिकट नहीं मिलने लगी तो लोग ब्लैक टिकट महंगे से महंगे दाम पर खरीदने लगे। इसी कारण टिकट की कालाबाजारी भी हुई और फर्जी टिकट बेचकर भी लोगों के साथ धोखाधड़ी भी शुरू हो गई।

# दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा की यमुना में डुबकी लगाने के बाद बिगड़ी तबीयत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की यमुना नदी में डुबकी लगाने के 2 दिन बाद यानी शनिवार को तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सचदेवा को त्वचा पर चकत्ते, खुजली और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी में प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर पहुंच गया है और उसके पानी पर मोटी और जहरीली सफेद झाग तैरती नजर आ रही है।

### आप को दिया था चेलैंज, गुरुवार को लगाई थी डुबकी

सचदेवा ने 24 अक्टूबर को यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर यमुना में डुबकी लगाई थी। उस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री आतिशी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को गुरुवार सुबह 10 बजे आईटीओ स्थित छठ घाट पर आकर यमुना में डुबकी लगाने की चुनौती भी दी थी। उन्होंने आप सरकार पर लोगों से 2025 की छठ से पहले यमुना की सफाई का झूठा वादा करने का भी आरोप लगाया था।




# अकेले की बच्चों की देखभाल...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपने बच्चों के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा की है। इन तस्वीरों में प्रीति ने बताया कि उनके पति दो हफ्तों के लिए बाहर गए हैं, इस कारण उनको अकेले ही बच्चों की देखभाल करनी पड़ी। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपनी फिल्मों और अभिनय से प्रशंसकों के दिल में जगह बना रखी है। प्रीति जिंटा अब फिल्मों की दुनिया से दूर अपने जुड़वा बच्चों जिया और जय के साथ रहती हैं। उनके पति जीन गुडइनफ काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। प्रीति जिंटा सिंगल पैरेंट होने की भूमिका निभाने में माहिर हो गई हैं। प्रीति जिंटा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने बच्चों के साथ मस्ती भरे पलों की झलक साझा की है। प्रीति जिंटा की इस तस्वीर में वे सड़क पर बच्चों का हाथ पकड़े चलते नजर आ रहे हैं। प्रीति ने इन तस्वीरों के साथ एक नोट भी लिखा है। इसमें उन्होंने लिखा कि पिछले दो हफ्ते उनके लिए काफी परेशानी भरे रहे। काम के सिलसिले में जेने बाहर गए थे। मैं ही बच्चों का ध्यान रख रही थी। इसमें बच्चों को घुमाने ले जाना, स्कूल के लिए तैयार करना, उनका टिफिन बनाना, उनके स्कूल से लाना और डिनर करवाकर उन्हें सुलाना शामिल था। प्रीति जिंटा ने आगे लिखा, मुझे मुश्किल से इन सबके बीच अपने लिए समय मिल पाया।



## भारत-पाक फाइनल मैच में खूब हुई चर्चा, पूरे स्टेडियम में फिल्म के दिख रहे थे बैनर

# 1986 की हिट फिल्म, देवर-भाभी ने पर्दे पर आने से पहले स्टेडियम में जीते दिल

*सिनेमा और क्रिकेट का नाता काफी पुराना है। फिर वो क्रिकेट्स संग एक्ट्रेसेस के अफेयर के किस्से हो या क्रिकेट पर बनी फिल्में हो. फिल्म 'अजहर', '83', 'लगान', 'घूमर', 'जर्सी' और 'इकबाल' जैसी कई फिल्में हैं, जिसमें क्रिकेट को पर्दे पर पेश किया गया। आपने कई बार सेलेब्स को फिल्म के प्रमोशन के लिए स्टेडियम में भी देखा होगा। लेकिन क्या आप यकीन करेंगे की भारत-पाकिस्तान के एक फाइनल मैच के दौरान, उस फिल्म से ज्यादा चर्चा देवर-भाभी की जोड़ी वाली एक फिल्म की हो रही थी।*

**नई दिल्ली।** ये फिल्म थी फिरोज खान के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'जांबाज'। फिल्म में फिरोज खान के साथ अमरीश पुरी, डिंपल कपाडिया, श्रीदेवी और अनिल कपूर नजर आए थे। कहा जाता है कि जब शारजाह के स्टेडियम में जब इंडिया पाकिस्तान के बीच जबरदस्त फाइनल चल रहा था तो पूरे स्टेडियम में इसी फिल्म के बैनर दिख रहे थे।

### एक्शन थ्रिलर थी फिल्म 'जांबाज'

ये एक एक्शन थ्रिलर थी और ये दूसरी फिल्म थी जिसे अनिल कपूर ने साइन किया था। पहली फिल्म थी 'मेरी जंग'। फिल्म के कई सीन बेंगलुरू में फिरोज खान के फार्म हाउस पर शूट किए गए थे।



### फिरोज खान ने फिल्म को किया था डायरेक्ट और प्रोड्यूस

फिरोज खान ने इस फिल्म को बहुत चाव और मेहनत से तैयार किया था। वो नहीं चाहते थे कि फिल्म की पब्लिसिटी में कोई कमी रह जाए। इसलिए इंडिया पाक के जबरदस्त मुकाबले के दौरान जगह- जगह इस फिल्म के पोस्टर दिखाई दिए थे।

### जबरदस्त है फिल्म की कहानी

इस फिल्म में अमरीश पुरी फिरोज खान के पिता बने थे। इस फिल्म में फिरोज खान एक पुलिस अफसर का किरदार अदा कर रहे थे और श्रीदेवी उनकी गर्लफ्रेंड का किरदार अदा कर रही थीं। फिल्म में श्रीदेवी ड्रग्स की लत का शिकार हो जाती हैं, जिसके चलते उनकी मौत हो जाती है। फिल्म में गर्लफ्रेंड को खोने के बाद फिरोज खान ड्रग्स के सरगना को ठिकाने लगाने की कसम खा लेते हैं। इस तरह से इस फिल्म में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई के साथ-साथ फैमिली ड्रामा भी देखने को मिलता है।

### फिल्म के गाने भी हुए फेमस

फिल्म के गाने हर किसी को नहीं मिलता यहां प्यार जिंदगी में, प्यार दो प्यार लो, जब जब तेरी सूरत , तेरा साथ है कितना प्यारा, अल्लाह हो अकबर काफी हिट हुए थे।



# अजय की 'नाम' 22 को होगी रिलीज...

**नई दिल्ली।** 'सिंघम अगेन' की रिलीज से पहले अजय देवगन की एक और नई फिल्म का ऐलान हो गया है। निर्माताओं ने फिल्म का पोस्टर जारी कर इसकी रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठाया है। अजय देवगन की नई फिल्म 'नाम' है। इसका निर्देशन अनीस बज्मी करेंगे। अजय देवगन और अनीस बज्मी की मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म 'नाम' 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह अजय के साथ अनीस की चौथी फिल्म होगी। इससे पहले वे 'हलचल', 'प्यार तो होना ही था' और 'दीवानगी' में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाम एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है, जिसमें एक व्यक्ति अपनी याददाश्त खो देता है और अपनी पहचान खोजने के लिए यात्रा पर निकल पड़ता है। फिल्म की शूटिंग स्विट्जरलैंड और मुंबई में हुई है।



# वरुण के साथ पूजा करेंगी रोमांस

**मुंबई।** अभिनेत्री पूजा हेगड़े को डेविड धवन की आगामी फिल्म में वरुण धवन के साथ अभिनय करने के लिए चुना गया है। फिल्म में उन्होंने श्रीलीला की जगह ली है। पूजा हेगड़े डेविड धवन की आगामी फिल्म में वरुण धवन के साथ अभिनय करने के लिए तैयार हैं, जो अभिनेता के साथ उनकी पहली ऑनस्क्रीन जोड़ी होगी। शुरुआत में खबरें थीं कि श्रीलीला इस भूमिका में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करेंगी। श्रीलीला 'गुंटूर कारम' और 'भगवंत केसरी' जैसी दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। हालांकि, परियोजना के करीबी सूत्रों ने अब पुष्टि की है कि वरुण धवन की फिल्म में श्रीलीला के बजाय प्रमुख महिला के रूप में पूजा हेगड़े चुना गया है। कथित तौर पर फिल्म का शीर्षक 'है जवानी तो इश्क होना है' सोचा गया है।

# 5 बार टली रिलीज डेट, मेकर्स ने फूंक डाले 95 करोड़, लागत भी नहीं निकाल पाई थी फिल्म...

**नई दिल्ली।** आज हम आपको एक ऐसी फिल्म का नाम बताते हैं, जिसकी एक-दो बार नहीं, बल्कि पांच बार रिलीज टली थी। मेकर्स ने फिल्म पर पानी की तरह करोड़ों रुपये बहा दिए थे। लेकिन रिलीज के बाद मूवी बॉक्स ऑफिस पर चारों खाने चित्त हो गई थी। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'जर्सी' साल 2022 के अप्रैल महीने में रिलीज हुई थी। फिल्म के हीरो थे शाहिद कपूर और उन्होंने क्रिकेटर की भूमिका निभाई थी। 'जर्सी' में अपने किरदार के लिए शाहिद कपूर ने खूब मेहनत की थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनका जादू नहीं चला था। शाहिद कपूर के अलावा मृणाल ठाकुर और पंकज कपूर भी फिल्म का हिस्सा थे। 'जर्सी' फिल्म में प्रीत कमानी, रोनित कामरा, शिशिर शर्मा और अन्य कई सितारे भी नजर आए थे। दरअसल, शाहिद कपूर की 'जर्सी' तेलुगु की 'जर्सी' (2019) का हिंदी रीमेक थी, जिसमें नानी ने लीड रोल निभाया था। इस फिल्म का डायरेक्शन गौतम तिन्नानुरी ने किया था।




### रिलीज होने में लग गया काफी वक्त

नानी की 'जर्सी' की सफलता के बाद साउथ मेकर्स ने इसे हिंदी में बनाने का फैसला किया। शाहिद कपूर को बतौर हीरो कास्ट कर 'जर्सी' टाइटल से ही हिंदी में फिल्म बनाई गई, लेकिन मेकर्स का दांव उल्टा पड़ गया। सिनेमाघरों में फिल्म ऑडियंस के लिए तरस गई थी, जबकि क्रिटिक्स से फिल्म को अच्छे रिव्यूज मिले थे। 'जर्सी' फिल्म साल 2020 में ही बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन इसे रिलीज होने में काफी वक्त लग गया। कभी कोविड 19 तो कभी क्लैश की वजह से फिल्म की रिलीज टलती रही।

### देशभर में 20 करोड़ रुपए रहा बिजनेस

शाहिद कपूर की फिल्म को मेकर्स ने भारी-भरकम बजट में बनाया था। 'जर्सी' को बनाने में 95 करोड़ रुपए खर्च हुए थे, लेकिन कमाई बहुत कम हुई थी। यहां तक कि बॉक्स ऑफिस पर 'जर्सी' अपनी लागत निकाल पाने भी फेल हो गई थी। बॉक्स ऑफिस इंडिया के मुताबिक, 'जर्सी' बॉक्स ऑफिस पर बड़ी डिजास्टर साबित हुई थी। देशभर में फिल्म का टोटल बिजनेस 20 करोड़ रुपए रहा। वहीं, दुनियाभर में फिल्म सिर्फ 30 करोड़ रुपए का बिजनेस कर पाई थी। कलेक्शन के इस आंकड़े से फिल्म की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## टीवी मसाला



# मुस्कान के बाद एक और कंटेस्टेंट होगा बाहर?

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 से हाल ही में मुस्कान बामने एविक्ट हो गई हैं। मुस्कान के बाहर होने से दर्शक काफी हैरान हैं क्योंकि, उनकी क्यूटनेस दर्शकों को पसंद आ रही थी। मुस्कान से पहले हेमा शर्मा बाहर हुई थीं। मुस्कान के बाद अब एक और कंटेस्टेंट बाहर होने वाला है। इस हफ्ते डबल एविक्शन होगा। इस हफ्ते शो से बाहर होने के लिए नायरा बनर्जी, अविनाश मिश्रा, रजत दलाल और विवियन डीसेना नॉमिनेट हुए हैं तो हो सकता है इनमें से कोई एक वीकेंड पर बाहर हो जाए। बीते एपिसोड में जब मुस्कान घर से बाहर हुईं तब शिल्पा शिरोडकर काफी इमोशनल हुईं। वहीं, मुस्कान ने जाते हुए बताया कि उन्होंने शो में अपनी रियल पर्सनैलिटी दिखाई है। वहीं, इस हफ्ते वीकेंड का वार में अजय देवगन अपनी फिल्म सिंघम अगेन के प्रमोशन के लिए आएंगे। शो का एक प्रोमो भी सामने आया है जिसमें अविनाश मिश्रा और चाहत पांडे की मां दिख रही हैं और दोनों अपने बच्चों का सपोर्ट करते हुए दिखती हैं तो कुल मिलाकर इस वीकेंड का वार में काफी हंगामा देखने को मिलने वाला है।

# संजय ने शेयर किया 'रानटी' का ट्रेलर...

नई दिल्ली। हिंदी फिल्मों के सुपरस्टार संजय दत्त ने शनिवार को फिल्म अभिनेता शरद केलकर की मराठी फिल्म 'रानटी' का ट्रेलर अपने फैंस के साथ शेयर किया है। संजय ने शरद केलकर को टैग कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म का ट्रेलर जारी किया है।



उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि दशक की सबसे सशक्त मराठी फिल्म समित कक्कड़ द्वारा निर्देशित यह फिल्म 22 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में शरद केलकर एक्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर पातालपुर में सेट की गई है। इसमें कहा जा रहा है 'मारना या मारा जाना'। इसमें शरद का दमदार किरदार देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में शरद का दमदार अवतार देखने को मिलने वाला है। सामने आए ट्रेलर में शरद मराठी में बात करते हुए सुनाई दे रहे हैं।

## धमाकेदार परफॉर्मेंस, अनोखा टैलेंटः इस सीजन का इंडियन आइडल है लाजवाब!

नई दिल्ली। इंडियन आइडल का अब तक हर एडिशन पिछले से अलग रहा है और अब तक इस शो से निकले कई सिंगर्स प्लेबैक सिंगिंग से लेकर स्टेज शो और अब सोशल मीडिया की दुनिया में अपनी पहचान बना चुके हैं। इस बार का शो काफी अलग है। इतना ही नहीं, सेट भी काफी अलग और बिल्कुल नए अंदाज में तैयार किया गया है। शो से जुड़ा हर पहलू कह रहा है कि यह शो सिर्फ प्लेबैक सिंगर्स के लिए नहीं है, बल्कि यह शो स्टेज पर अपने सुरों के साथ परफॉर्मेंस से आग लगा देने वाले टैलेंट का है। इंडियन आइडल सीजन 15 एक गेम चेंजिंग ट्विस्ट के साथ बिल्कुल नए कॉन्सेप्ट के साथ दर्शकों के लिए हैं।




epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment**
**आवश्यकता**

**हमाल/कुली/मिस्त्री**

आवश्यकता है- रायपुर में सड्डू बँजरपारा स्थित दाल मिल में कार्य हेतु हमाल / रेजा / कुली / दाल मिस्त्री की आवश्यकता है संपर्क करें। कन्हैया लाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डू विधान सभा रोड रायपुर - 9826141178. (RO-5987)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- CMS सेक्यूरिटी (क्लिक मैनेजमेंट सेल्यूशन) मे पुलगांव चौक, दुर्ग हेतु सेक्यूरिटी गार्ड की आवश्यकता है। वेतन 10000/- बायोडाटा सहित संपर्क करें:- B-8, आठवा फ्लोर, उषाइस्टेट, मोवा, रायपुर, मोबाइल 6 2 6 1 5 0 5 2 5 3 , 8738020009.(RO-328)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- चिकित्सालय में प्रशिक्षित अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है रिसेप्शनिष्ट, ANM. GNM. पैरामेडिकल कार्यकर्ता, आया मिले 10से 05 बजे तक केजीएन चिकित्सालय फव्वारा चौक बैरन बाजार रायपुर 9 4 2 5 5 0 2 2 0 9 , 9893042209.(RO-5986)

**इंचार्ज/क्लर्क**

आवश्यकता है- सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के लिए जे.सी.ओ. इंचार्ज 21000/-, स्टोर होल्डर- , 18000/-, बिलिंग क्लर्क और बिल चेकर- 15000/-, ऑफिस क्लर्क- 16000/- एवं सफाई कर्मी- 10700/-, आवेदन Email-id- hqcosaurc1985@gmail .com पर दिनांक 30 अक्टूबर 2024 तक करे। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosara ipururc.in पर विजिट करे। संपर्क:- 9685726593. (RO-3058)

छोटा विज्ञापन

**माली/सर्वे कार्य**

आवश्यकता है- माली कार्य हेतु (गार्डन में) एवं सर्वे कार्य रायपुर सिटी के लिए उत्साही युवक, युवती, पुरुषो, महिलाओ की पद संख्या 50, सैलरी 10 से 15000 संपर्क करे:- 8962756407. (RO-3064)

**शेफ/सर्विस कार्य**

आवश्यकता है- इण्डियन, चाइनिस एवं तन्दुर में शेफ एवं सर्विस हेतु स्टीवर्ट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संचालक एस.एम.एम. रेस्टोरेंट मो.- 98931-39282. (आरो न.- 612)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- टेली कॉलर एवं ऑफिस कार्य हेतु एक स्मार्ट, युवती/ महिला की आवश्यकता है बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 96690-15599 पता: बी-35, कटोरा तालाब, सिविल लाइन, रायपुर(RO-3061)

**कुक**

आवश्यकता है- जनता कॉलोनी, देवेन्द्र नगर रायपुर में घरेलू काम हेतु फुल टाइम काम वाली बाई की आवश्यकता है। रहने, खाने की उत्तम व्यवस्था। सम्पर्क करें- 7327097200.(RO-35763)

**हेल्पर**

आवश्यकता है- अग्नि शमन पाइप लाइन में कार्य करने हेतु हेल्पर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। संपर्क-14 रविशंकर शुक्ला मार्केट पावर हाऊस भिलाई ,मो.- 9 3 2 9 0 - 1 1 0 2 5 , 97545-04465. (आरो न.- 611)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- मोमो ठेला के लिए लड़का चाहिए शाम 4 बजे से रात 11 बजे का काम है NIT raipur के पास, 8k-10k महीना call- 7057391715. (RO-27612)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**सुपरवाइजर/ड्रायवर**

SUPERVISOR/ ENGINEER/DRIVER
JOB VACANCY
Required at Bhilai Steel Plant/ NSPCL area Bhilai under Contracts Works for Construction Company.
Supervisor - 10 Post
Diploma/BE (CIVIL)
Driver - 5 Post
(JCB/Tripper/Pickup)
Contacts :
TABS ASSOCIATES
Cell : 7587095237

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.(RO-750)

आवश्यकता है- (दीपावली सुनहरा अवसर) आवश्यकता है जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउस वाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम / फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं (जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667 (RO-1333)

**Finance**
**फायनेंस**

फाइनेंस - दिवाली धमाका ऑफर DHANI FINANCE (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) संपर्क:- 9201996879. (Ro-3062)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**Property**
**प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - वेदान्ता कॉलोनी कान्दुल रोड में 5000 वर्ग फीट कॉर्नर प्लांट 100 x 50 डायवर्टेड (परिवर्तित भूमि) बेचना है कालीबाड़ी रायपुर से प्लांट की दूरी 3 किलोमीटर पर है। संपर्क करें- 9755607666.(RO-5979)

**फ्लैट**

बेचना है- अवंती विहार विजय नगर चौक के पास 950 वर्गफीट का 2 बीएचके फ्लैट मात्र 28 लाख रुपए में उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9826197775 ऑफर केवल दिवाली तक (RO-7494)

**प्लाट/मकान**

बेचना है- सेजबहार रामकृष्ण कॉलोनी में 2000 वर्गफीट शानदार आदिवासी प्लाट 30 फिट रोड मात्र 500/- डुंडा सेजबहार हाईवे से लगा कॉलोनी में 2400 वर्गफिट बना शानदार मकान मात्र 55 लाख में शीघ्र बेचना है संपर्क:- 8962756407. (RO-3065)

**Purchase**
**खरीदना**

खरीदना है- 100 Horse Power की सेकेंड हैंड टिपटॉप कंडीशन की मोटर खरीदना है। सम्पर्क करें- 7987730984.(RO-37781)

**वैवाहिकी**
**वधु चाहिए**

वधु चाहिए
गुजराती 44 वर्ष 5'11", स्वयं का व्यवसाय इनकम 40,000 मासिक युवक हेतु कन्या चाहिए, उच्च जाति बंधन नहीं संपर्क करें
(मैरिज ब्यूरो वाले कॉल न करें)
मो.नं.:-98271-14645
91311-39179

**वर चाहिए**

वर चाहिए- विश्वकर्मा वर चाहिए विश्वकर्मा 17/03/ 2000, 5'-2" टीचर, स्लिम गृहकार्य में निपुर्ण कन्या हेतु समकक्ष प्रस्ताव आमंत्रित हैं। सम्पर्क करें- 9826116289, 9425543601 (1447)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी CLASSIFIED RATE CARD 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare



# हाथियों का दल दो भागों में बंटा सैकड़ों एकड़ की फसल हुई तबाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

तहसील मुख्यालय से महज 10 किलो मीटर दूर मैनपुर वन परिक्षेत्र के कांटादोना जंगल में पिछले लगभग एक माह से 40 से 45 की संख्या में हाथियों का दल डेरा डाले हुए है और अब तक सैकड़ों एकड़ धान मक्का दलहन तिलहन की फसल को नुकसान पहुंचा चूके हैं। हाथी प्रभावित ग्रामों में ग्रामीणों के सामने इन दिनों रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गई है। दीपावली त्यौहार के सीजन में भी ग्रामीण हाथियों के दहशत से मजदूरी करने नहीं जा पा रहे हैं। आज हाथियों का दल देहारगुड़ा ग्राम पंचायत के गिरहोला, रामपारा में जमकर धान और मक्के की फसल हो नुकसान पहुंचाया है और तो और रामपारा स्कूल मैदान के पीछे सुबह 8 बजे तक हाथियों का दल विचरण करता रहा जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रहा है। हाथियों का दल सिंहार, रामपारा, लुठापारा, छिन्दौला, कुहलीबेड़ा ग्राम में 90 प्रतिशत फसलों को बुरी तरह चौपट करने के बाद पिछले दो दिनों से यह दल दो भाग में बट गया है।



### वन विभाग का सायरन गांव में दे रहा सुनाई

मैनपुर क्षेत्र के हाथी प्रभावित ग्रामों में पिछले एक माह से हाथी मित्र दल के सदस्य डेरा डाले हुए है और दोपहर के बाद से देर रात तक गांव-गांव में वन विभाग की सायरन लगे वाहनों की सायरन की आवाज सुनाई दे रही है।

### दल से तीन नर हाथी लड़ाई के बाद अलग हुए

हाथियों के दल पर नजर रखने वाले सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार हाथियों का दल अब धान फसल चौपट के बाद दो भागों में बट गया है। यहां जो दल रूका है उसमें तीन नन्हे शावक है जो पहाड़ी नहीं चढ़ पा रहे है साथ ही पिछले 15 दिनों के हाथियों के चिंघाड़ और तीन नर हाथियों दल से अलग हुए है जिसके पीछे कारण यह बताते है कि व्यस्क जब हीट में आते है तो उसे दल से अलग कर दिया जाता है जिसके कारण हाथियों के बीच लड़ाई भी होती है एक नर हाथी नेशनल हाईवे को पार कर साकरा जंगल, दूसरा बोड़ापाला और तीसरा आमामौरा ओढ़ के तरफ निकल गया है यह हाथी काफी आक्रमक बताए जाते है।

### मुआवजा नाम मात्र का

हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण मंशाराम सोरी, हिरासिंह, फूलचंद, रामलाल सोरी, रामेश्वर सोरी, बिसाहु राम, बुधराम सोरी, तिजूराम, पीलूराम, रामधर, सगाराम नेताम ने बताया कि हाथियों के दल के द्वारा एक दर्जन ग्रामों में 90 प्रतिशत फसलों को बरर्बाद कर दिया गया है जिसकी कीमत लाखों- करोड़ों रुपये की है। लेकिन वन विभाग द्वारा मुआवजा के नाम पर महज कुछ हजार रुपए देने की बात कही जा रही है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/805/तक./न.पा.परि./2024-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 23/10/2024

//मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना//

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदारों/ एंजेसी/ कंपनी से निम्नलिखित सी.सी. सड़क एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | अनु. लागत राशि (रूपये लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01 में चर्च के पास ढ़क्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1.25 | 04.11.2024 |
| 2 | वार्ड क्र. 01 में टी.सी.पी.सी. के पास शेड निर्माण कार्य | 4.24 | |
| 3 | वार्ड क्र.04 में सी.सी. रोड से दीलीप झाड़ी के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 3.29 | |
| 4 | वार्ड क्र.-04 में आजीविका मिशन भवन का जीर्णोद्धार कार्य | 4.56 | |
| 5 | वार्ड क्र.-05 में भट्ठीपारा में घाट निर्माण कार्य | 6.42 | |
| 6 | वार्ड क्र.-06 में नगर पालिका कार्यालय का जीर्णोद्धार कार्य | 7.52 | |
| 7 | वार्ड क्र.-07 में हुडको कालोनी में सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य | 4.49 | |
| 8 | वार्ड क्र.-08 में रेल्वे क्रासिंग के पास सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य | 4.56 | |
| 9 | वार्ड क्र. 08 में फारेस्ट आफिस के गेट से रेलवे कॉलोनी के गेट तक पाथ-वे निर्माण कार्य | 9.35 | |
| 10 | वार्ड क्र. 09 में सी.सी. रोड से पाण्डे के घर तक ढ़क्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 9.97 | |
| 11 | वार्ड क्र. 09 में बलदेव के घर से चितू के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 8.22 | |
| 12 | वार्ड क्र. 09 में सी. सी. रोड से ठोठापारा तक ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 14.47 | |
| 13 | वार्ड क्र. 10 नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा में स्टॉफ भवनों का निर्माण कार्य | 15.50 | |
| 14 | वार्ड क्र. 11 में शनि मंदिर के पास सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य | 2.38 | |
| 15 | वार्ड क्र. 12 में मनोज के घर से शैलेश के घर तक ढ़क्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 4.71 | |
| 16 | वार्ड क्र. 13 में आंगनबाड़ी से डॉ. सांडिल्य के घर तक ढ़क्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 14.14 | |
| 17 | वार्ड क्र. 13 में मरकाम सर के घर के सामने ढ़क्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 3.77 | |
| 18 | वार्ड क्र. 14 में कल्लू फैंसी स्टोर के पिछे ढ़क्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 3.30 | |
| 19 | वार्ड क्र. 15 में महेन्द्र साहू के घर से राजेन्द्र यादव के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 1.69 | |
| 20 | वार्ड क्र. 15 में महेन्द्र साहू के घर से राजेन्द्र यादव के घर तक आर.सी.सी. नाली में ढ़क्कन निर्माण कार्य | 1.22 | |
| 21 | वार्ड क्र. 15 में विदेश के घर के सामने ढ़क्कन सहित आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 4.71 | |
| 22 | वार्ड क्र. 15 में शत्रुहन ठाकुर के घर से शूद के घर तक आर.सी.सी. नाली में ढ़क्कन निर्माण कार्य | 9.52 | |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता (नगर वृत्त) दो
## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, रायपुर

(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कंपनी)
क्वाटर नं. डी-3 एवं डी- 4, छ.रा.वि.वि.कं. मर्या., गुढ़ियारी, रायपुर

### आवश्यक सूचना

विद्युत कंपनी की ओर से सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देती है। समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है। दीपावली पर्व पर विद्युत की शिकायत को दूर करने हेतु दिनांक 29.10.2024 से 31.10.2024 तक प्रतिदिन सायं 4:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक रायपुर (नगर वृत्त 2) के विभिन्न स्थलों पर अस्थायी शिकायत केन्द्र स्थापित किये गये हैं। पूर्व स्थायी शिकायत केन्द्र यथावत रहेंगे जिसमें उपभोक्तागण अपनी शिकायत दर्ज कर शिकायत का त्वरित निराकरण पा सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी सम्माननीय उपभोक्ताओं से निवेदन करता है कि विद्युत खम्भों एवं ट्रांसफार्मर के आजु बाजु या आस-पास विद्युत तारों के नीचे फटाखें न जलावें, ताकि अप्रिय घटना ना घटे ।

| क्रं. | संभाग | विद्युत शिकायत केन्द्र (स्थायी) | दूरभाष क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर संभाग उत्तर, गुढ़ियारी रायपुर | एफ.ओ. सी. गुढ़ियारी (स्थायी) | 07712593892 |
| 2 | | एफ.ओ.सी. खमतराई (स्थायी) | 07712576317 |
| 3 | | एफ.ओ. सी. टाटीबंध (स्थायी) | 07712574755 |
| 4 | | एफ.ओ.सी. कबीर नगर (स्थायी) | 07712574024 |
| 5 | | विद्युत शिकायत केन्द्र (अस्थायी) | दूरभाष क्रमांक |
| 6 | | 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र, भवानी नगर | 7898308184, 9171877265 |
| 7 | | कोटा सब-स्टेशन | 9171877319 |
| 8 | | 33/11 के. व्ही. सब स्टेशन कलिंग नगर | 9165431184 |
| 9 | | 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन रामायणा | 9171877324, 7049434051 |
| 10 | | टाटीबंध 33/11 केव्ही सब स्टेशन | 7987897005, 8085087645 |
| 11 | | हीरापुर बाजार | 9171877296 |
| 12 | | 33/11 केव्ही अटारी उपकेन्द्र | 9171877273 |
| 13 | | 33/11 केव्ही कारा उपकेन्द्र | 9009848245 |
| 14 | | कबीर नगर 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन (पुराना ) | 9755060800, 9009836643 |
| 15 | | कबीर नगर 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन (नया) | 8839443256 |
| 16 | | मारुती लाईफ स्टाईल 33/11 के. व्ही. सब स्टेशन | 7581086194 |
| 17 | | भनपुरी बस्ती (दर्री तालाब के पास ) एवं 33/11 के. व्ही. खमतराई थाना सब स्टेशन | 9171877294, 9399161471 |
| 18 18 | | 33/11 के. व्ही. खमतराई सब स्टेशन | 9171877313, 9713021440 |
| 19 | | 33/11 के. व्ही. गोंदवारा सब स्टेशन | 9171877298, 9171877287 |
| 20 | | 33/11 के. व्ही. सन्यासी पारा सब स्टेशन | 9171877310, 9171877329 |
| 21 | | 33/11 के. व्ही. सब स्टेशन आर.डी.ए. | 7415946665, 7354676790 |
| 22 | | कबीर नगर 33/11 के.व्ही सबस्टेशन एवं उच्चदाब सुधार गैंग (पुराना | 9171877325 9171877309 |
| 23 | | 33/11 के.व्ही. सिंगापुर सब-स्टेशन, मारुती सब स्टेशन एवं मोहबा बाजार | 9755060800, 8889520205 |
| 24 | | 33/11 के.व्ही. सोनडोंगरी सब-स्टेशन एवं तेंदुआ बस्ती | 7974243858, 8103511844 |
| 25 | | गोगांव | 9340484151 |
| 1 | (संचा-संधा.) संभाग सिलतरा | मांढर मुख्यालय | 9171879108 |
| 2 | | सिलतरा मुख्यालय | 9993504717 |
| 3 | | 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन सिलतरा | 7470991931, 9165399846 |
| 4 | | 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन धनेली | 9685516020 |
| 5 | | जी. के. टाउनशिप सबस्टेशन | 7000252983 |
| 6 | | 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन कुम्हारी | 9343214607, 9713287099 |
| 1 | (संचा-संधा.) संभाग उरला | शिकायत केन्द्र उरला | 07712576635 |
| 2 | | एफ.ओ.सी. भनपुरी ( स्थायी) | 7693074788 |
| 3 | | 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन भनपुरी | 9893634690, 9171878466 |
| 4 | | बीरगांव बस्ती (गुप्ता स्वीट्स के पास ) | 9926532180, 9340529300 |
| 5 | | उरला बस्ती (33/11 के.व्ही. सब स्टेशन उरला) | 8959186820, 7697027691 |
| 6 | | 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन ट्रांसपोर्ट नगर | 8109804794, 9329418179 |
| 7 | | 33/11 के.व्ही. जी. पी. इस्पात सब स्टेशन के समस्त 11 के.व्ही. फीडर । | 8871919467, 7000408076 |
| 8 | | 33/11 के. व्ही. सब स्टेशन सरोरा (बजरंग पावर उरला) | 9399151768, 9109726020 |

अधीक्षण यंत्री नगर वृत्त 2
छ. रा.वि.वि.कं. मर्या. रायपुर

संवाद-


## कलाकार से लाखों की ठगी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सरकारी कार्यक्रम दिलाने और फाइल बनाने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। कलाकर ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। मोगर गंवई गांव खुर्सपार निवासी लोक कलाकार नवलदास मानिकपुरी ने शिकायत किया है कि वार्ड 36 दुर्गा चौक रायगढ़ निवासी जितेश चौहान, राकेश कुमार त्रिपाठी, महिला यादव नामक तीन लोगों ने मिलकर 1.30 लाख रुपए का ठगी किया है। तीनों ने मिलकर कलाकार नवलदास मानिकपुरी से सरकारी कार्यक्रम दिलाने, फाइल तैयार कर रजिस्ट्रेशन कराने का झांसा दिया। पीड़ित ने बताया कि जितेनश चौहान की पत्नी किरण चौहान के खाते में रकम ट्रांसफर किया गया है। उक्त लोगों से पीड़ित ने राशि लौटाने की कई बार गुहार लगाई लेकिन लगातार घूमाया जा रहा है। पीड़ित लोकमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुति कर अपना परिवार का भरण पोषण करते है। घटना की शिकायत रायगढ़ स्थित कोतवाली थाने में की गई है लेकिन 20 दिनों बाद भी ठगी करने वाले लोगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई।

## गुप्त धन के नाम पर 7 लाख ऐंठे, एक साल बाद गिरोह फूटा दो महाराष्ट्र से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर




विकासखंड कोयलीबेड़ा के मरोड़ा सरपंच को महाराष्ट्र से पहुँचे 7 आरोपियों ने तंत्र मंत्र व जादू टोना कर गुप्त धन निकालने का झांसा देकर 7 लाख रूपए की ठगी एक साल पहले किया था। पुलिस एक साल से आरोपियों की तलाश में जुटी थी और अभी तक केवल 2 आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है, वहीं 5 आरोपी अभी भी फरार है।

मामला यह है कि ग्राम पंचायत मरोड़ा के सरपंच लक्ष्मण मंडावी के घर एक वर्ष पूर्व महाराष्ट्र के कुछ लोग पहुँचे। उन्होने सरपंच को बताया कि उनके घर में सोना आदि गुप्त धन गड़ा हुआ है जिसे वे लोग तंत्र मंत्र व दिव्य शक्ति के माध्यम से निकाल सकते है, यदि गड़ा हुआ पुराना धन नहीं निकालोगे तो आपके घर में आकस्मिक मृत्यु होगी। आरोपियों ने धन निकालने के नाम पर सरपंच से 7 लाख की आरोपियों ने ठगी किया था। गड़ा धन निकालने के लिए तंत्र मंत्र जादू टोना करने के नाम पर 7 आरोपियों महाराष्ट्र के जिला यवतमाल निवासी परवीन सेंगर, अरविंद सेंगर , बंडू शिंदे, युवराज शिंदे, हीरालाल जगताब, रामकृष्ण झाड़ेकर, साहेबराव सेंगर सरपंच के घर पहुँचकर तंत्र मंत्र का ढोंग रचकर सरपंच से 7 लाख रुपए की ठगी किया था। सरपंच की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ एक साल पहले धारा 448,420,147 भादवि पंजीबद्ध कर जाँच किया जा रहा था। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी औ सूचना मिलने पर दो आरोपियों बंडू शिंदे और हीरालाल जगताब को जीवली चंद्रपुर महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया, वहीं अन्य 5 आरोपियों की तलाश जारी है।

## बिजली पोल से गिरे दो मजदूर, नांदगांव रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

अधिकारी से बिना पूछे मैदानी कर्मचारी के लाइन चालू करने से बिजली करेंट आने से पोल मे चढ़े दो मजदूर पचीस फीट नीचे गिरे। जानकारी अनुसार गायत्री नगर मे मोंगरा पुल के करीब दोपहर एक बजे के आसपास ठेकेदार बीआर सिंहा के श्रमिक ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का काम करने पोल मे चढ़े थे उस दौरान सुरक्षा के लिहाज से बिजली लाइन बंद कर दी गई थी लेकिन काम खत्म होने से पहले ही एसपी आफिस के पास के ट्रांसफार्मर को मैदानी कर्मचारी ने ऑन कर दिया जिसके चलते पोल पर चढ़े दो मजदूर जेठूराम पिता रामकिशन



जंघेल 27 साल भरदागोड़ और भागवत पिता रामसिंह 35 साल निवासी जीराटोला धड़ाम से नीचे गिर गए जिससे उन्हे गंभीर चोट पहूँची है। आनन फानन मे सहयोगी श्रमिक और जेई सत्यम शर्मा उन्हे सिविल अस्पताल लेकर पहूँचे जहॉ से उन्हे प्राथमिक उपचार बाद मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया है।

## गोलकापार स्कूल की छत की मरम्मत दो विभागों ने की, भ्रष्टाचार उजागर

**बालोद।** गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय हायर सेंकेण्डरी गोलकापार में छत जीर्णोद्धार के नाम पर दो विभाग द्वारा राशि जारी होने एवं कथित तौर पर दोनों विभाग द्वारा कार्य कराने की जानकारी ने मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के किए क्रियान्वयन पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। मुख्यमंत्री शाला जतन योजना में बीते वर्ष किए गए मरम्मत कार्य के बाद शालाओं की स्थिति का अवलोकन करने के बाद नित नए चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही है। कार्य के नाम पर जिस प्रकार भ्रष्ट्राचार का खुला खेल चला है उसने योजना के क्रियान्वयन को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला गुण्डरदेही विकासखण्ड के हायर सेंकेण्डरी स्कूल गोरकापार का है, यहां ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा 13.14 लाख छत जीर्णोद्धार संधारण कार्य के लिए स्वीकृत किया गया है। जबकि इस स्कूल में छत जीर्णोद्धार का कार्य लोकनिर्माण विभाग द्वारा कराए जाने की जानकारी दी जा रही है।

## गोला और मनोहर के नाम से डुप्लीकेट बीड़ी का निर्माण, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

स्थानीय जगहों से बीड़ी खरीदकर कंपनियों के नाम से बाजार में बेचने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी जतीन मिरानी निवासी मणीलाल दयाल जी एंड कंपनी निर्मित गोला बीड़ी वर्क्स सदर बाजार धमतरी ने 26 अक्टूबर को थाना डोंगरगढ़ में शिकायत किया कि दंतेश्वरीपारा में उनके कंपनी के अनुरूप अवैध रूप से डुप्लीकेट बीड़ी का पैकेट तैयार कर विक्रय किया जा रहा है।

इस मामले पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा दंतेश्वरीपारा में रेड कार्रवाई कर आरोपी रविन्द्र साकरे 42 साल निवासी दंतेश्वरी पारा के पास से गोला बीड़ी का रैपर लगा हुआ 687 कट्टा बीड़ी, गोला बीड़ी बिना लेबल लगे 20 कट्टा, गोला बीड़ी का रैपर कागज का 150 नग, मनोहर बीड़ी लेबल लगा हुआ 7 कट्टा, मनोहर बीड़ी बिना लेबल लगा हुआ 20 कट्टा, मनोहर बीड़ी का कागज का बड़ा पुड़ा का रैपर 2500 नग, मनोहर बीड़ी का लेबल 48 बंडल प्रत्येक बंडल में 500 नग लेबल, मनोहर बीड़ी का कागज का छोटा रैपर 500




नग, 345 बादशाही बीड़ी का लेबल 300 नग, 345 बादशाही बीड़ी का पुड़ा रैपर 200 नग एवं मनोहर बीड़ी का होलोग्राम 4 पन्ना प्रत्येक पन्ना में 42-42 नग जब्त किया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार आरोपी रविन्द्र साखरे से पूछताछ करने पर कोई वैध कागजात का नहीं होना एवं स्थानीय जगहों से बीड़ी खरीदकर उसे पैक कर बाजार में बिक्री करना बताने पर आरोपी द्वारा धारा-318(4) बीएनएस एवं कॉपी राईट अधि.- 1999 की धारा- 63 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।


KokilabenHospital KDAHMumbai
www.kokilabenhospital.com

Kokilaben Dhirubhai Ambani
hospital & medical research institute
Every Life Matters

को लगातार दूसरे साल भी

बेस्ट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
राष्ट्रीय

के सम्मान से पुरस्कृत किया गया है

ET THE ECONOMIC TIMES
Healthcare Awards 2024

THE ONLY HOSPITAL IN MUMBAI HAVING
FULL-TIME DOCTORS
AND ACCREDITED WITH
JCI USA CAP USA NABL India NABH India

HA HEALTHCARE AWARDS

धन्यवाद

हम यह सम्मान अपनी टीम के हर सदस्य को उनकी प्रतिबद्धता के लिए और सभी समुदायों को हम पर अपना विश्वास और भरोसा जताने के लिए समर्पित करते हैं।

EMERGENCY +91 22 4269 9999
APPOINTMENTS +91 22 4269 6969
Four Bungalows, Andheri (W), Mumbai - 400 053.



तम पर प्रकाश के विजय का पर्व, दीपोत्सव के रूप में हम सदियों से मनाते आ रहे हैं। पौराणिक मान्यताओं और धार्मिक आस्थाओं से संबद्ध इस पर्व को मनाने के स्वरूप में समय के साथ अवश्य बहुत परिवर्तन हुए हैं। लेकिन इस पर्व की मूल भावना और उद्देश्य, अंतस-बाह्य जगत में सत्य, शांति, प्रेम और आनंद का प्रसार, आज भी कायम है। यही इस पर्व की प्रासंगिकता है।

# मन-जीवन के आंगन में जगमग दीप जले हैं



आवरण कथा
डॉ. ओम निश्चल


जब-जब दीपावली का पर्व आता है, श्रीराम की अयोध्या वापसी का दृश्य स्मृति में जीवंत हो उठता है और मुझे अपना एक गीत याद हो आता है-

दीप घर-घर जले हैं अवध में पिया,
आज लौटे अयोध्या में रघुवर-सिया।

ऐसा इसलिए भी कि दीपावली त्योहार का संबंध इसी से है। वैसे दीपावली सबके लिए अलग-अलग अर्थ भी रखती है। सुख-दुख के नाना झंझटों में घिरा हुआ मन भी तीज-त्योहार पर खुशियां मना लेता है। दशहरा विजय पर्व है तो दीपावली दीप पर्व... प्रकाशपर्व। विजया दशमी के साथ ही जैसे दीपावली का उल्लास सिर पर चढ़ने लगता है। शरद की रातें सुहावनी होने लगती हैं। लिहाजा मन में उल्लास और तन में स्फूर्ति दुगनी हो उठती है। कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाने वाली दीपावली यों तो भारत का प्रमुख त्योहार है किंतु जहां-जहां हिंदू समुदाय और भारत के लोग हैं, वे इस त्योहार को भारतीय रीति के अनुसार बढ़-चढ़कर मनाते हैं।









## जीवन-संस्कृति में व्याप्त हैं राम

कहते हैं, विजया दशमी के दिन श्रीराम ने रावण पर विजय पाई थी। इस विजय को एक रूपक के रूप में हम बुराई पर विजय के रूप में लेते हैं। वैसे रामकथा पूरे विश्व में व्याप्त है। थोड़े-थोड़े अंतर से यह कथा ना केवल आज विश्वव्यापी जनसंस्कृति का हिस्सा बन गई है वरन साहित्य में भी रामकथा का व्यापक प्रभाव देखा जाता है। श्रीराम, रावण का वध कर अयोध्या लौटे हैं तो उत्सव क्यों ना मने! जब हमारी पूरी संस्कृति ही राममय है, लोक में, संस्कार में, गीतों में, आख्यानों में राम ही राम समाए हुए हैं। सोहर, विवाहगीत, ज्योनार, परछन, शादी-ब्याह, पुत्र जन्म आदि कौन-सा अवसर ऐसा है कि जो राम के उल्लेख के बिना पूरा होता है। वे हमारी जीवन-संस्कृति में इस कदर समाए हैं कि गोपियां, उद्धव को विदा करते हुए श्रीकृष्ण को राम-राम कहना नहीं भूलतीं यानी नमस्कार करना, रामजोहार करना। इसलिए कि राम-राम केवल राम का नाम-स्मरण ही नहीं, धीरे-धीरे लोक में वह नमस्कार का एक पर्याय भी बनता गया। गोपियां कहती हैं, 'नाम को बताई और जताइ ग्राम ऊधो बस/स्याम सों हमारी रामराम कहि दीजियो।'

## शास्त्रीय-पौराणिक मान्यताएं

दीपावली का संबंध मुख्यतः श्रीराम की अयोध्या वापसी से है। अयोध्यावासियों ने श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के बनवासोपरांत अयोध्या वापसी पर सब जगह मिट्टी के दीए जलाकर उत्सव मनाया था। यही उत्सव कालांतर में दीपावली कहलाने लगा। अयोध्यावासियों ने इस प्रसन्नता की अभिव्यक्ति के लिए घी के दीपक जलाकर श्रीराम का स्वागत किया था। इसीलिए इस दिन यानी कार्तिक की अमावस्या तिथि को दीपोत्सव के रूप में मनाया जाने लगा। कहा जाता है कि दीपावली के दिन देवी लक्ष्मी पृथ्वी पर विराजती हैं, इसलिए लक्ष्मी के स्वागत में भी दीप जलाने का विधान है। इसलिए यह पर्व श्रीराम के स्वागत के निमित्त ही नहीं बल्कि धन-धान्य की देवी लक्ष्मी के पूजन का त्योहार भी बन गया है। पौराणिक कथानुसार, समुद्र मंथन में निकले 14 रत्नों में से एक देवी लक्ष्मी भी थीं, इसलिए कार्तिक की अमावस्या को उनके प्रकटीकरण पर उनके स्वागत एवं पूजन की परंपरा विकसित हुई। इस तरह दीपावली सदियों से मनाई जा रही है। पद्मपुराण और स्कंद पुराण में भी इसका उल्लेख मिलता है। पुराणों के अनुसार दीपावली के दीप, सूर्य देवता के प्रतीक हैं।

एक अन्य अर्थ में इसे प्रकाशपर्व माना जाता है, क्योंकि दीप जलाना, भौतिक रूप से उजाला तो करना ही है किंतु दीप जलाने का गूढ़ प्रतीकात्मक अर्थ भीतरी अंधकार और अज्ञान से मुक्ति भी है। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय।' या 'अप्प दीपोभव' इसी आंतरिक उजाले का पर्याय है।

## पंचपर्वों की श्रंखला

दीपावली का यह प्रकाश पर्व पूरे पांच दिन के उत्सवी रंगों में डूबा रहता है। धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज। धनतेरस से आरंभ हुआ यह सिलसिला भाई दूज तक ही नहीं, देव दीपावली तक चलता है, जब कार्तिक की पूर्णिमा को समस्त देवता काशी के घाट पर गंगा किनारे मिलकर दीपावली मनाते हैं। इसीलिए दीपावली महापर्व के रूप में मनाया जाता है।

## बदल गया है दीपावली का स्वरूप

यह जन-जन के मन का उल्लास है कि श्रीराम के अयोध्या शुभागमन का यह पावन पर्व अब जन-जन की इच्छा का भी पर्व बन गया है। यह उपहारों के लेन-देन का अवसर भी बन गया है। पर्वों पर मिठाइयां, नमकीन, छप्पन भोग परोसने वाले अपने भारत देश में कोई भी त्योहार बिना पकवान के नहीं मनाया जाता, जिसमें सब शामिल होते हैं। उत्सवता का बोल-बाला बढ़ गया है। बाजार झालरों से सजे हैं। मोमबत्तियों का दौर है यह, नकली बिजली की झालरों का भी युग है। बेचारे कुम्हारों को कौन पूछता है। गांव में चारागाह और तालाब पट गए। कहां से दीप बनाने की मिट्टी मिले। फिर भी कुम्हार साल भर इसी त्योहार की बाट जोहते हैं कि यह पर्व आए और उनके दीप और मिट्टी के बर्तनों की बिक्री हो। पर अब शुभ के लिए थोड़े दीए भले जला लिए जाएं पर बाकी जगहों पर मोमबत्तियां ही जलाई जाती हैं। झालरों ने घरों की सजावट को अधुनातन रूप दिया है।

## दूर करें मन का अंधियारा

दीपावली हर साल आती है। हर साल हम दीप जलाकर पसरे अंधकार को भगाने का यत्न करते हैं। लेकिन अंधेरा है कि दूर होने का नाम नहीं लेता। ध्यान से देखें तो विज्ञान का उजाला तो हमने बहुत कर लिया पर अज्ञान, अधर्म, पाखंड, अंधविश्वास के अंधेरे को हम अभी भी नहीं मिटा सके। वह अंधेरा अभी भी हमारे आस-पास व्याप्त है। जहां वेद, पुराणों, उपनिषदों, महाभारत और रामायण जैसे आदि ग्रंथो में ज्ञान का प्रवाह लहराता मिलता हो, उस भारत में अभी भी बड़ी आबादी अल्पशिक्षित है, वंचित है।

आइए! दीपावली के इस महाप्रकाश पर्व में भीतर-बाहर सभी जगह से अंधकार और अज्ञान को मिटाने के लिए हम सब आगे आएं और लक्ष्मी को ऊंचा आसन देते, उनकी अर्चना करते हुए मन ही मन सरस्वती का सम्मान करना ना भूलें, जिससे वास्तव में समाज में व्याप्त जड़ता और अज्ञान पर प्रहार हो। हमारा समाज, हमारी संस्कृति और सभ्यता वास्तविक उजाले में रोशन हो सके और वैर, द्वेष, कटुता के बजाय प्रेम की रोशनी धरा पर फैल जाए-

चलो कि टूटे हुओं को जोड़ें, जमाने से रूठे हुओं को मोड़ें
अंधेरे में इक दिया तो बालें, हम आंधियों का गुरूर तोड़ें
धरा पे लिख दें हवा से कह दें, है महंगी नफरत औ' प्यार सस्ता। *

**(लेखक हिंदी के कवि, आलोचक और भाषाविद हैं)**

# मन की सफाई करने के बाद श्रीलक्ष्मी का करें आह्वान



हम सभी मानते हैं, दीपावली पर श्रीलक्ष्मी के आह्वान-पूजन के लिए स्वच्छता एवं पवित्रता आवश्यक है। इसलिए महीनों पहले से घरों की साफ-सफाई शुरू हो जाती है। सवाल है, क्या केवल बाह्य स्वच्छता से ही श्रीलक्ष्मी प्रसन्न होती हैं?



आत्मप्रेरणा
बीके शिवानी, प्रेरक वक्ता

दीपावली यानी साफ-सफाई, नवीन सजावट, दीप जलाने, उल्लास, खुशियां बांटने, तोहफे देने का पर्व। मिठाइयां खाने और खिलाने का सुअवसर। एक-दूसरे को बधाई, दुआएं देने का समय। पुरानी बातों, पुराने खातों को समाप्त कर, नए युग की शुरुआत का समय। इस दिन लोग दीप जलाकर अपने घरों, दुकानों और दफ्तरों को रोशन करते हैं। हम सभी का विश्वास है कि श्रीलक्ष्मी अंधकार में नहीं आतीं। अब प्रश्न है कि क्या घर-दफ्तर के कोनों को साफ करने, अंधियारा मिटाने से ही श्रीलक्ष्मी की कृपा बरसती है या बाह्य के साथ आंतरिक सफाई अर्थात मन की सफाई भी महत्वपूर्ण है?

**समझें अंधकार का वास्तविक अर्थः** असल में हम अंधकार के आध्यात्मिक रहस्य से अनभिज्ञ हैं। अंधकार से अभिप्राय रात्रि का अंधकार नहीं, बल्कि यह शब्द अज्ञानता का वाचक है। कहने का भाव यह है कि जब तक घर-घर में लोगों का आत्मा रूपी दीप नहीं जलता है, उनकी बुद्धि में ज्ञान रूपी प्रकाश नहीं फैलता, मन का विकार और मैल नहीं समाप्त होता, तब तक श्रीलक्ष्मी पधार नहीं सकती हैं। व्यक्ति हो, वस्तु, स्थान या वायुमंडल, सबको शुद्धता ही प्रिय लगती है। ऐसे में जब हम सभी मानसिक शुद्धता पर ध्यान देते हैं, तो स्वयं को और सर्व को प्रिय लगते हैं।

**इसलिए मन होता है मैलाः** देखा जाए तो हम रोज ही सफाई करते हैं। फिर वो घर की सफाई हो या शरीर की। हालांकि दिवाली की सफाई का स्तर कुछ और होता है। बाकी दिन जहां ऊपर-ऊपर से सफाई की जाती है, वहीं इस त्योहार पर कोने-कोने को साफ करते हैं। लेकिन ये भूल जाते हैं कि मन की गहरी सफाई भी उतनी ही आवश्यक है, क्योंकि वर्षों में हम बहुत-सी बातों-घटनाओं को मन में पकड़ कर रखे होते हैं। वे एक गांठ का रूप ले लेती हैं, भूलती नहीं। रिश्ते निभाने के लिए बेशक हम लोगों के साथ बहुत प्यार से बातें करते हैं, उनसे अच्छा व्यवहार करते हैं। लेकिन असल में हमें लोगों के संस्कार, उनका काम करने का तरीका, जीने का अंदाज पसंद नहीं आता।



मुख से कुछ गलत शब्द निकलने पर फौरन क्षमा मांग लेते हैं कि कहना नहीं चाहते थे, पर गलती से निकल गया। जबकि सच यह है कि कोई बात मुख से तभी निकलती है, जब वह मन में हो। हमारे शब्द एवं व्यवहार तो सही होते हैं, लेकिन हम सोचते कुछ और हैं और बोलते कुछ और हैं। इससे मन मैला होता जाता है। उसमें धूल जमती जाती है।

**जाग्रत करें मन की पवित्रता-दिव्यताः** जब तक मन की अच्छी तरह सफाई नहीं होगी, श्रीलक्ष्मी का हम आह्वान नहीं कर पाएंगे। श्रीलक्ष्मी का आह्वान मतलब अपने अंदर, मन की पवित्रता एवं दिव्यता को जाग्रत करना। अगर वहां मैल होगी, तो दिव्यता कैसे आएगी? पुरानी बातों, संस्कारों को पकड़ कर रखने से पवित्रता नहीं आ सकती। इसलिए मन के कोने-कोने की जांच करें। कहीं कोई जाला लगा हुआ हो, किसी कोने में मैल हो, तो उन्हें साफ करें। बचपन की कोई बात, 20 साल पुरानी घटना जब किसी ने कुछ कहा या कुछ किया था, उसे मन से हटाएं। पुराने हर दाग को मिटाएं। क्योंकि आत्मा पर लगा हर दाग हमारे वर्तमान को प्रभावित करता है। इतना ही नहीं, जब आत्मा शरीर छोड़ती है, तो हमारे सभी दाग उसके साथ जाते हैं। ऐसे में सच्ची दिवाली मनाने के लिए हमें आत्मा (मन) के हर दाग को मिटाना होगा।



**जलाएं आत्मा की ज्योतिः** दिवाली पर सिर्फ बाह्य शुद्धता एवं दीप जलाने की बजाय अपनी आत्मा की ज्योति भी जगाएं अर्थात मानसिक शुद्धता पर ध्यान दें। अगले कुछ दिन रोज सुबह स्वयं से बात करें कि हे मन, क्या विचार कर रहे हो? मन कहेगा अमुक चीज मेरे साथ ही क्यों हुई? उसने मेरा अपमान क्यों किया? मैं इतनी बड़ी गलती कैसे कर सकता हूं? खुद से ऐसी नकारात्मक बातें करना बंद करें। इससे आत्मा कमजोर होती है। मन को सकारात्मक विचार दें। मेडिटेशन में जब हम परमात्मा को याद करते हुए उन्हें अपने मन में जमी धूल के बारे में बताते हैं, तो हल्केपन का अनुभव होता है। मन साफ हो जाता है। संकल्प शुद्ध हो जाते हैं, फिर क्यों ना पुराने कर्मों एवं संस्कारों का लेखा-जोखा समाप्त करके दिवाली पर शुभ कर्म करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करें। सही मायने में दिवाली मनाएं। *

प्रस्तुतिः अंशु सिंह

दोहे
प्रो. शरद नारायण खरे



## दीपों का संदेश

दीपों का संदेश है, अहंकार की हार।
नीति, सत्य अरु धर्म से, पलता है उजियार।।
उजियारे की वंदना, दीपों का संदेश
कितना भी सामर्थ्य पर, रहे मनुज का वेश।।
मद में भरना ना कभी, करना ना अभिमान।
दीपक करने आ गया, आज तिमिर-अवसान।।
दीपों के संग है सजा, विजयभाव-आवेश।
विनत भाव से जो रहे, पाए नहीं कलेश।।
पूजा में दीपक जले, जलकर रचता धर्म।
समझ-बूझ लें आप सब, यही पर्व का मर्म।।
कहे दीप की श्रंखला, सम्मानित हर नार।
नारी के सम्मान से, ही जग में उजियार।।
उजियारा सबने किया, हुई राम की जीत।
आओ हम गरिमा रखें, बनें सत्य के मीत।।
अहंकार ना पोसना, वरना तय अवसान।
उजियारे की भावना, लाती है उत्थान।।
दीपों ने मंगल चुना, फैलाया आलोक।
इसीलिए जग से हटा, प्रियवर सारा शोक।।

लघुकथाएं

## उसकी दिवाली



सुखिया कुम्हारिन अपने बनाए माटी के दीयों के संग बैठी बाजार में चिल्ला रही थी, 'दस रुपए के दस दीये ले लो...।'

दिवाली की रौनक पूरे बाजार में दिखाई दे रही थी। बिजली की झालरों की दुकानों में सबसे ज्यादा भीड़ थी। दोपहर हो चली थी। सुखिया का अभी तक एक भी माटी का दीया नहीं बिका था।

वह उदास-सी बैठी सोच रही थी कि इस बार उसके माटी के दीये अच्छे बिक जाएंगे तो वह अपने पोते-पोतियों के लिए नए कपड़े और मिठाई खरीदेगी। बहू के लिए नई साड़ी लेगी।

जब से उसके घर बहू आई है, कभी नई साड़ी उसे नसीब नहीं हुई है। तीज-त्योहार के मौके पर हमेशा अपने मायके से आई साड़ी पहनती है। तभी सुखिया की सोच का क्रम टूटा। कोई महिला पूछ रही थी, 'कितने के दोगी ये मिट्टी के दीये?'

सुखिया ने बताया, 'दस रुपए के दस दीये। ले लो मैडम जी, बहुत सस्ते हैं।'

'अरे, सस्ते कहां हैं? तुम लोगों ने तो लूट मचा रखी है। मिट्टी के दीये कितने महंगे कर रखे हैं?' महिला मुंह बनाकर बोली।

'क्या बताएं मैडम जी, इसे बनाने में हमें बहुत मेहनत करनी पड़ती है, इसे भी तो देखो।' सुखिया दीनता से बोली।

उस महिला ने दस रुपए के दीये ले लिए। सुखिया को संतोष हुआ कि चलो बोहनी तो हुई।

तभी एक और महिला आई। उसने भी दीयों का भाव पूछा। भाव सुनकर बोली, 'हुंह.. इस जमाने में अब कौन माटी के दीयों को खरीदता है। आजकल तो एक से बढ़कर एक बिजली के दीये बाजार में मिल जाते हैं। फिर इन दीयों को जलाने का तेल भी तो बहुत महंगा हो गया है। मुझे तो दो रुपए के दीये दे दो, शगुन के लिए जला लूंगी।' महिला ने दो रुपए के दो दीये लिए और चली गई।

सुखिया फिर उदास हो गई। उसे लगा कि इस साल की दिवाली भी उसकी पिछले साल की तरह सूखी ही बीत जाएगी। उसने सोचा था कि इस दिवाली वह खीर, पूड़ी बच्चों के लिए जरूर बनाएगी, लेकिन यह नसीब में नहीं है। तभी उसकी दुकान पर एक युवती आई। वह बोली, 'अम्मा जी, मैं यहीं पास की दुकान में खड़ी कब से आपको देख रही हूं। आप काफी उदास-निराश लग रही हैं?'

'क्या बताऊं बिटिया, आज का पूरा दिन कुछ खास कमाई नहीं हुई है। अब माटी के दीये का कोई मोल नहीं रह गया है। पहले जमाने के लोग माटी के दीयों को पवित्र मानते थे। यही दीये भगवान के पास और देहरी पर जलाते थे, लेकिन अब तो इसे खरीदने ही कोई नहीं आता। मेरी सारी मेहनत धरी की धरी रह जाएगी। हमारी दिवाली भी नहीं मनेगी।'

'नहीं अम्मा जी, आप निराश ना हों। मुझे ये सारे दीये दे दीजिए। ये सारे मिट्टी के दीये मैं अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों और दोस्तों को गिफ्ट में दे दूंगी ताकि वे लोग इस मिट्टी के दीयों से अपने घरों में रोशनी करके शुद्ध पर्यावरण का संदेश दें। कितने के हैं ये सारे दीये?'

सुखिया संकोच भरे स्वर में बोली, 'आपको जो उचित लगे दे दो बिटिया, हमारी भी दिवाली मन जाए बस।'

युवती ने उन माटी के दीयों की कीमत पूरे तीन हजार रुपए चुका दिए। सुखिया के लिए यह दिवाली का बहुत बड़ा उपहार था। *

**-डॉ. शैल चंद्रा**

## श्रीपूजा

कार्तिक की अमावस्या! घना श्यामल आकाश, धरती पर अंधकार दूर करते असंख्य दीपक! वैभव और रोशनी से दिपदिपाती धरती।

अपनी सूनी आंखों से सामने विद्युत दीप मल्लिकाओं से सजी अट्टालिका को निहारते हुए उसने स्वयं पर एक दृष्टि डाली। चीथड़ों में लिपटी दुबली-पतली देह, भूख से अकुलाता पेट, यूं लावारिस सा बचपन, न मां, न बाप, फुटपाथ ने ही उसे आश्रय दिया। न जाने क्यों उसके पांव वहीं जम से गए। भवन के अंदर से खिलखिलाहटों संग आती व्यंजनों की सुगंध वह दोनों हाथों से भूखे पेट की अकुलन को बांधने की असफल कोशिश करने लगा। अमावस्या का सघन अंधकार उसकी आंखों में समा गया। पायल की रुनझुन... गृह-लक्ष्मी! हाथों में टिमटिमाते दीपकों का थाल। आंगन को दीपकों से सजाते एक दीपक को रंगोली पर रखते हुए गृहस्वामिनी का ध्यान उसकी ओर गया।

'कौन है वहां?' आवाज में कुछ कठोरता के साथ गृह-लक्ष्मी ने उसको देखते हुए कहा। 'मां!' जानें कैसे उसके कंठ से निकला। 'मां!' अपरिचित कंठ से यह शब्द सुन उदारहृदयी गृहस्वामिनी की क्षुधित ममता तड़प उठी।

'बेटा! आओ भीतर आ जाओ। मैं प्रसाद लाती हूं। बैठो यहां।'

वह आशंकित मन से यहां-वहां देखने लगा।


फिर तभी...पायल की वही मीठी रुनझुन संग व्यंजनों की खुशबू उसके अंदर उतर गई।

गृह-लक्ष्मी व्यंजनों से सजी-थाली उसके सामने रख प्यार से बोली, 'बेटा! अच्छे से खाना, मां का प्रसाद है।'

उसने हाथ जोड़ मां को देखा साक्षात-मां लक्ष्मी।

गृह-लक्ष्मी की आंखों में भी अपार स्नेह के साथ अपूर्व तृप्ति झलक रही थी। 'न जाने किस भेस में नारायण मिल जाएं...।' दूर गूंजते भजन का स्वर वातावरण में रच-बस गया। *

**-डॉ. यशोधरा भटनागर**



ROYAL ENFIELD
ROYALENFIELD.COM

# SELECT. RIDE. CELEBRATE.

Ride home a Royal Enfield this festive season.
EMI starting at ₹1,888 per lakh.*

ALL-NEW GUERRILLA 450 | HIMALAYAN 450 | HUNTER 350 | METEOR 350 | NEW CLASSIC 350 | BULLET 350



MAHESHWARI

Visit your nearest Royal Enfield Store to know more about personalised offers. *T&C apply.

aan
In Front of Lal Ganga Business Park, Near Color's Mall, Raipur
Call: +91 70673 61044, 70004 58393, 98266 35600

# तरकश

संजय के. दीक्षित

## दिवाली खराब

छत्तीसगढ़ के 19 आईएएस अधिकारियों की दिवाली खराब हो गई। चुनाव आयोग ने उन्हें आब्जर्बर बना दिया है। पहली बार छत्तीसगढ़ की लिस्ट में महिला आईएएस के भी नाम हैं। विदित है, महाराष्ट्र और झारखंड में दो चरणों में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए सभी अधिकारियों को 28 अक्टूबर को संबंधित जिलों में रिपोटिंग करने कहा गया है। इसके तीसरे दिन ही दिवाली है, सो उन्हें अब घर आने का मौका मिलेगा नहीं। लक्ष्मीपूजा के त्यौहार में ऐन समय अफसरों के बाहर रहने से क्या-क्या नुकसान होगा....उनकी पीड़ा को यहां कुरेदना ठीक नहीं। चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार को कम-से-कम दिवाली का खयाल तो करना था।

## भरोसे की पिटाई

बलरामपुर बवाल का वीडियो देखकर छत्तीसगढ़ का आम आदमी हिल गया। बड़ा भयावह दृश्य था....छत्तीसगढ़िया, सबले बढ़ियां...कहे जाने वाले प्रदेश की महिलाओं ने पुलिस पार्टी पर हमला बोल दिया। थाने के सामने एक महिला बत्ती लगी पुलिस की गाड़ी के शीशे को पत्थर बरसा रही थी तो दूसरी महिला जूती निकालकर महिला एडिशनल एसपी की पिटाई करती दिखी। वीडियो देख सरगुजा रेंज पुलिस, पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग के मुख्तारों को पता नहीं कैसा लगा....मगर अकल्पनीय हालात देख छत्तीसगढ़ का आम आदमी हतप्रभ है। भयभीत भी। दरअसल, पुलिस आम आदमी के भरोसे की प्रतीक होती है। रसूखदार आदमी रसूख के बल पर और पैसे वाले पैसे के बल पर अपना काम करा लेता है। मगर समाज के 95 परसेंट लोग अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर पुलिस पर निर्भर होते हैं। इस 95 परसेंट पर जब भी कोई संकट आता है तो सीधे थाने दौड़ता है। मगर उसका विश्वास इस तरह जूती से पिटेगा तो घबराना वाजिब है।

## हनुमानजी प्रसन्न नहीं!

छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा शपथ लेने के बाद पहली बार पुलिस मुख्यालय पहुंचे थे, तो उन्होंने वहां बजरंगबली की पूजा की थी, नारियल फोड़ने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ हुआ था। मगर पुलिस पर संकट देखकर लगता है, पूजा से हनुमानजी प्रसन्न नहीं हुए। वरना ऐसा थोड़े होता है...डंडे बरसाने वाली पुलिस पर ही डंडे बरस रहे...। कवर्धा में गृह मंत्री के दो करीबी लोगों को हिंसा में जान गंवानी पड़ गई। एसपी, एडिशनल एसपी का लगातार निलंबन और छुट्टी की कार्रवाई भी प्रभावी नहीं हो पा रही। गृह विभाग को काशी के किसी अच्छे पंडित से अनुष्ठान करा पुलिस की ग्रह-दशा को शांत करने का प्रयास करना चाहिए।

## सवाल 73 विधानसभा का

बस्तर में नक्सल मोर्चे पर फोर्स को बड़ी कामयाबी मिल रही है। गृह विभाग और पुलिस महकमा इसके लिए सराहना का पात्र है। मगर बस्तर की सफलता मैदानी इलाकों में पुलिस की अ-क्षमता से धुल जा रही है। सिस्टम को यह भी ध्यान रखना होगा कि बस्तर में विधानसभा की केवल 17 सीटें हैं। 73 सीटें मैदानी इलाकों में हैं। बिहार में लालू यादव और यूपी में मुलायम सिंह यादव के परिवार की सत्ता का अंत हुआ तो इसकी एक बड़ी वजह लॉ एंड आर्डर रही। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बदली तो उसके पीछे कानून-व्यवस्था भी एक कारण रहा। याद होगा, डेढ़ साल पहले रायपुर शहर में नशे में युवती ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इसलिए, पीएचक्यू को लॉ एंड आर्डर को भी प्राथमिकता देनी चाहिए।

## सस्पेंशन या जूते

छत्तीसगढ़ में पोलिसिंग के ध्वस्त होने के पीछे बड़ी वजह है पुलिस का लोकलाइजेशन। मध्यप्रदेश में आज भी सिपाहियों को गृह जिले में पोस्टिंग नहीं मिलती। मगर छत्तीसगढ़ में ये वर्जनाएं ऐसी टूटी कि अब नेताजी लोगों की कृपा से पुलिसकर्मियों को उनके गांव के नजदीकी थाने में पोस्टिंग मिल जा रही। कई जिलों की स्थिति ये हो गई है कि लोकल पुलिस का परसेंटेज 70 से 80 पहुंच गया है। बलौदा बाजार की हिंसा में भी इसे महसूस किया गया, जब भीड़ को देखकर पुलिस मौके से गायब हो गई। असल में, वर्दी वालों से तिमारदारी कराना नेताओं को गर्व की अनुभूति कराता है और जाहिर है, पुलिस वाले नेताओं के जब लटर-पटर वाले काम करेंगे, तो उसकी कीमत भी वसूलेंगे ही। सूबे में इससे सबसे बड़ा नुकसान पोलिसिंग का हुआ है। पुलिस का पूरा सिस्टम काम धाम छोड़ उगाही में जुट गया। दूसरी बड़ी वजह है...लॉ एंड आर्डर का अनुभव नहीं होना है। पुलिस में गिने-चुने अफसर भी नहीं हैं, जिन्हें विषम परिस्थितियों को संभालने का अनुभव हो। बलरामपुर बवाल में सबको पता था कि मृतक बंगलादेशी रिफ्यूजी परिवार से है। बंगाल और बंग्लादेश में प्रतिरोध का एक अलग तरीका होता है। ममता बनर्जी जैसी मुख्यमंत्री डॉक्टरों से नहीं निबट पा रही तो बंग्लादेश में लोगों ने ऐसी लड़ाई लड़ी कि पीएम शेख हसीना को राजपाट छोड़ इंडिया भागना पड़ा। ऐसे में, सवाल उठता है...सरगुजा और बलरामपुर के पुलिस अधिकारियों ने अंडरस्टीमेट कैसे कर लिया। जो चूक सूरजपुर पुलिस ने की, उसी की पुनरावृत्ति बलरामपुर में भी हुई। बाहर से फोर्स बुलाकर अगर तुरंत तैनाती कर दी गई होती तो भीड़ को थाने में घुसने का मौका नहीं मिलता। तीसरा, पुलिस को उग्र भीड़ से निबटने के लिए फ्री हैंड चाहिए। पुलिस के सामने दोहरा संकट है। बल प्रयोग किया तो सस्पेंड और बल प्रयोग नहीं तो बलरामपुर की तरह पीठ पर जूते खाओ। कवर्धा के लोहारीडीह कांड में अगर एसपी को हटाना ही था तो फिर एडिशनल एसपी को सस्पेंड करने का क्या तुक? पुलिस को अगर टाईट करनी है तो आपको उसे संरक्षण भी देना होगा। छत्तीसगढ़ की पोलिसिंग को अगर जिंदा रखनी है तो गृह और पुलिस महकमे को इस पर चिंतन करनी चाहिए।

## कड़े और अलोकप्रिय फैसले

सरकार ने तेज-तर्रार नेता विजय शर्मा को गृह मंत्रालय की कमान सौंपी हैं तो उन्हें डिरेल्ड हो चुकी पोलिसिंग को पटरी पर लाने कुछ कड़े और अलोकप्रिय फैसले लेने पड़ेंगे। इसके लिए सबसे पहले पुलिस में राजनीतिक हस्तक्षेप बंद करना होगा। ट्रांसफर, पोस्टिंग में कुछ साल नो सिफारिश। स्टेट लेवल पर भर्ती नहीं कर सकते तो जिला लेवल पर तो ना ही हो। पुलिस की भर्ती रेंज स्तर हो और उसमें जिले का विकल्प न दिया जाए। याने संबंधित रेंज के किसी भी जिले में सिपाहियों की पोस्टिंग की जा सकती है। इससे खटराल सिपाहियों को अपराधियों से गठजोड़ टूटेगा। पहले पुलिस के इंफर्मर होते थे, आजकल अपराधियों के इंफर्मर पुलिस हो गई है। ऐसे में, पुलिस का भगवान मालिक है।

## कप्तानी का रिकार्ड

आरआर याने रेगुलर रिक्रूट्ड आईपीएस में कप्तानी का रिकार्ड बद्री नारायण मीणा और संतोष सिंह के नाम दर्ज है तो स्टेट सर्विस वाले आईपीएस में प्रशांत ठाकुर सबसे आगे हैं। प्रशांत जशपुर, जांजगीर, बेमेतरा, बलौदा बाजार, दुर्ग, धमतरी जिले के एसपी रह चुके हैं। सूरजपुर में हेड कांस्टेबल की पत्नी और बेटी की हत्या के बाद सरकार ने उन्हें वहां का एसपी अपाइंट किया है। सूरजपुर उनका सातवां जिला हुआ। बद्री और संतोष को छोड़ दें तो सात जिला किसी आरआर वाले आईपीएस ने भी नहीं किया होगा।

## वीवीआईपी कलेक्टर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह जिले जशपुर के कलेक्टर के लिए रोहित व्यास को चुना है। सत्ता से नजदीकी दिखाने वाला जशपुर का एक बड़ा वर्ग कलेक्टर के रूप में जिपं के पूर्व सीईओ को देखना चाहता था। मगर सीएम ने रोहित का नाम ओके कर दिया। दरअसल, कोरोना के समय बगीचा के एसडीएम रहे रोहित की वर्किंग को सीएम भलीभांति जानते थे। 2017 बैच के आईएएस रोहित के बारे में आम धारणा है कि वे अनावश्यक राजनीतिक प्रेशर में नहीं आते।

## कलेक्टर से सीपीआर

छत्तीसगढ़ में यह दूसरा मौका है, जब सरकार ने कलेक्टर को जिले से बुलाकर सीपीआर याने जनसंपर्क प्रमुख बनाया है। इससे पहले 2014 में ओपी चौधरी को दंतेवाड़ा कलेक्टर से रायपुर बुलाकर डीपीआर बनाया गया था। बाद में ओपी यहीं से जांजगीर कलेक्टर बनकर गए और वहां से फिर रायपुर कलेक्टर बनें। उनके बाद जशपुर कलेक्टर डॉ0 रवि मित्तल को कलेक्टर से जनसंपर्क प्रमुख बनाया गया है। हालांकि, राज्य बनने से पहले सुनिल कुमार रायपुर कलेक्टर से डीपीआर बने थे। उस समय अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री थे। वे एक दिन के दौरे पर रायपुर आए थे। और लौटे तो दूसरे दिन सुनिल कुमार को डीपीआर बनाने का आदेश हो गया। बहरहाल, खास बात यह है कि जशपुर दौरे में सीएम ने तीन कलेक्टरों समेत 10 आईएएस अधिकारियों को बदलने के आदेश पर साइन किया तो कलेक्टर के रूप में रवि वहीं थे। सोशल मीडिया में आदेश वायरल होते ही रवि को बधाइयां मिलने लगी। ऐसा ही कुछ 2016 में हुआ था...जब मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिंह ने मंच से ऐलान किया किया था कि आपके कलेक्टर मुकेश बंसल को मैं बड़ा काम कराने के लिए रायपुर ले जा रहा हूं...तो सभा स्थल पर मुकेश को बधाइयों का तांता लग गया था। बता दें, रवि मित्तल की सहायक कलेक्टर के रूप में पहली पोस्टिंग राजनांदगांव रही और मुकेश से ही उन्हें प्रशासन का प्रारंभिक गुरूज्ञान मिला।

## दिलफेंक प्रोफेसर

राजधानी रायपुर के एक दिलफेंक प्रोफेसर की चर्चा इन दिनों बड़ी सरगर्म है। वे कपड़े की भांति अपना दिल बदलते हैं। उनके खिलंदरपन से परेशान होकर पत्नी ने संबंध विच्छेद कर लिया, इसके बाद भी प्रोफेसर साब का दिल समझने को तैयार नहीं हैं। अलबत्ता, सिक्सटी प्लस उम्र भी उनके हौसले पर कोई असर नहीं डाल पा रहा। रामविचार जी को देखना चाहिए, कहीं कुछ उंच-नीच हो गया तो खामोख्वाह बदनामी होगी।

## अंत में दो सवाल आपसे

1. सांसद बृजमोहन के खासमखास सुनील सोनी को रायपुर दक्षिण से टिकिट मिलने के बाद कांग्रेस क्या दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी?
2. राज्य मानवाधिकार आयोग में किस रिटायर अफसर की पोस्टिंग हो रही है?

# हाई वोल्टेज के करंट से एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवां



सरसींवां से महज 3 किलोमीटर सारंगढ़ रोड के सौमित्र पेट्रोल पंप के सामने कुछ दिनों पूर्व मुन नाइट रेस्टोरेंट होटल खुला था, जहां शनिवार लगभग सुबह 5 बजे के आसपास होटल में काम करने वाले दिलीप टान्डेल रेस्टोरेंट के ऊपर छत पर रखी अवैध शराब को लाने के लिए पहुंचा, जहां वह उच्च विद्युत तार की चपेट में आने से जान गंवा बैठा। सरसींवां पुलिस को घटना स्थल रेस्टोरेंट की छत पर शव के साथ अवैध शराब मिली। मुन नाइट रेस्टोरेंट में काम करने वाला मृतक दिलीप एक गरीब परिवार का है, जहां वह होटल में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। विद्युत लाइन के चपेट में आने की सूचना पर बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व सरसींवां थाने के पुलिस स्टाफ घटना स्थल पहुंच कर मुन नाइट रेस्टोरेंट होटल में जांच करने में जुट गए।

■ रेस्टोरेंट की छत में रखी शराब को अपने साथी के साथ रात के अंधेरे में लाने गया था युवक

होटल संचालक द्वारा अवैध शराब बेचे जाने के चक्कर में रेस्टोरेंट में काम करने वाले एक नौकर की उच्च विद्युत लाइन की तार में चिपकने से मौत हो गई, जबकि दूसरा नौकर घायल स्थिति में है, जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसींवां भेजा गया। मुन नाइट रेस्टोरेंट सरसींवां के आउटर में होने से पीने वाले लोगों की भीड़ इस होटल में रहती है और रेस्टारेंट देर रात तक खुला रहता है।


### पुलिस ने बड़ी मात्र शराब जब्त की

पुलिस ने मृतक दिलीप टान्डेल के शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ भेजा। सरसींवां पुलिस ने रेस्टोरेंट के ऊपर पानी टंकी के पास से दो थैलों में रखी बड़ी मात्र में अवैध शराब को जब्त कर जांच में लिया है। शव के पास रखे दो प्लास्टिक के झोले में गोवा विस्की की 92 पौवा को जब्त कर हॉटल संचालक नेतराज कुर्रे को धारा 34-2 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# निगरानीशुदा बदमाश की हत्या दो दिन पहले हुई थी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो दिन पहले निगरानीशुदा बदमाश की हुई थी शादी और पुरानी रंजिश के चलते हत्या कर आरोपी मौके से फरार हो गया है। दूसरे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।



घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। शिकायत पर पुलिस ने हत्या का अपराध कायम कर आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर दुर्ग निवासी परमेश्वर निर्मलकर उर्फ टोपू अपने दोस्त जितेन्द्र के साथ बाइक पर जा रहा था। इस दौरान शांति नगर चौक पर विकास उर्फ पिंटू ने टोपू को आवाज देकर बुलाया। आवाज सुनकर परमेश्वर ने अपनी बाइक रोक दी। अचानक विकास तेजी से आया और चाकू से परमेश्वर और जितेन्द्र पर ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगं ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही परमेश्वर ने दम तोड़ दिया। वहीं उसका दोस्त जितेन्द्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। जितेन्द्र का उपचार अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतक परमेश्वर व आरोपी विकास पहले दोस्त हुआ करते थे लेकिन अब दोनों में रंजिश है। दोनों ही निगरानी बदमाश है। आरोपी विकास एक सप्ताह से परमेश्वर की हत्या करने का प्लान बना रहा था। शनिवार को मौका मिलते ही उसने वारदात को अंजाम दिया। मोहन नगर पुलिस के हाथ आरोपी को लेकर खास सफलता हासिल नहीं हुई है। मृतक परमेश्वर की दो दिन पहले ही शादी हुई थी और इस घटना के बाद परिजनों में मातम का माहौल है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
मो. 94252-14479, 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
Email: bsinghania11@yahoo.co.in

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर), कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर — ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
फोन: +91-0771-4088107/108, OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
पता: शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय: सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी रायपुर

स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मो. 7991031330, मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ऊँ सांई कार्पोरेशन
आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बिजली बिल लायें और ई-रिक्शा ले जायें
0% DOWN PAYMENT — टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पिटल, रायपुर (छ.ग.) Mob.: 7722928239

मैट्रेस 6x6 2300/- सिर्फ | प्रोटेक्टर डबल बेड 700/- सिर्फ | सोफा कमबेड बीन बैग | EP फोम गद्दा
संजय रुई भंडार 9827976266, 7987918262

करन मोटर्स — ई-रिक्शा
मात्र 10,000 रूपये डाउनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

NX Modular Kitchen — इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
9977115597, 8319076661

SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

Gomti Threshers — पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
2 लाख से प्रारंभ
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

मानसरोवर — FESTIVE SPECIAL OFFER
COMFORTER सिंगल बेड ₹229/-
COMFORTER डबल बेड ₹319/-
78800-02711, 78800-02704, 78800-02708


SAI TVS
REALL WHEELS
टीवीएस किंग CNG
अब आपके शहर रायपुर में
आज ही विजिट करें साईं टीवीएस पर
khanna
TVS KING DELUXE
TVS KING DURAMAX PLUS
TVS KING KARGO
टीवीएस के नवीनतम CNG ऑटो में मिलता है शानदार माइलेज, कम प्रदूषण और बेहतरीन प्रदर्शन।
Ex-showroom
2,51,488/- से शुरू
बुकिंग शुरू
SAI TVS, DEVPURI MAIN ROAD, LALPUR
+91 62620 11188



# निवेशकों के भाग्य चमका रहा सोना पांच साल में दिया 55 फीसदी रिटर्न

इस बार दीपावली पर सोने में निवेश का ले सकते हैं संकल्प
ऐसा निवेश, जिसने निवेशकों को कभी धोखा नहीं दिया
आप भी गोल्ड में निवेश कर चमका सकते हैं अपनी किस्मत
लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं और मुनाफा कमाएं



- भारत में हर साल 700-800 टन सोने की खपत होती है, जिसमें से 1 टन का उत्पादन भारत में ही होता है और बाकी आयात किया जाता है।
- वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार भारत के घरों में 2019 में 25,000 टन से ज्यादा सोना।
- डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेजरी के 2021 के डेटा के मुताबिक अमेरिकी खजाने में 8,000 टन सोना।
- सोना एक 'नोबेल' धातु है, यानी इसमें न ही जंग लगती और न ही इसकी चमक कम होती है। अन्य 'नोबेल' धातुओं में रूथेनियम, रोडियम, पैलेडियम, चांदी, तांबा, प्लैटिनम शामिल हैं।
- सोना पृथ्वी का 58वां सबसे दुर्लभ तत्व है। सबसे पहले सोने के सिक्के 700-650 ईसा पूर्व के बीच लिडिया में बनाए गए थे। वे इलेक्ट्रम से बने थे, जो सोने का एक प्राकृतिक मिश्र धातु है।

सोना निवेश का एक ऐसा विकल्प है, जिसमें हर कोई निवेश करना चाहता है। हर घर में सोने की खपत है और लोग दीपावली पर खासकर सोने चांदी की खरीदारी करते हैं, क्योंकि धनतेरस और दीपावली पर इनकी खरीदारी शुभ मानी जाती है। वहीं बाजार के जानकारों को कहना है कि सोना लगातार पांच साल से निवेशकों का भाग्य चमका रहा है। आप भी इसमें निवेश कर अपना भाग्य चमका सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सोने ने पांच साल में 55 फीसदी तक रिटर्न दिया है यानी निवेशकों को खुब कमाई करवाई है। इस बार भी गुरुवार से पुष्य नक्षत्र शुरू हो गया है, इन दिनों में सोने की खरीदारी शुभ मानी जाती है। ऐसे में आप भी लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाकर सोने में निवेश कर सकते हैं। जानकारों का कहना है कि सोने में कई तरीके से निवेश किया जा सकता है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे ही कुछ तरीके जो आपकी किस्मत को चमका सकते हैं। बस आप अपनी रिस्क और आर्थिक क्षमता को ध्यान में रखते हुए निवेश का प्लान तैयार करें। खास बात ये है कि आप सोने में ऑलनाइन तरीके से एक रुपये से भी निवेश शुरू कर सकते हैं और इसमें निवेश की कोई सीमा नहीं है।

## फिजिकल गोल्ड

फिजिकल गोल्ड में निवेश यानी ज्वेलरी या सोने के बिस्किट-सिक्के खरीदना। हालांकि बाजार के जानकार ज्वेलरी खरीदने को सोने में निवेश करने का सही तरीका नहीं मानते हैं, क्योंकि इस पर जीएसटी और मेकिंग चार्ज देना पड़ता है। इसीलिए इसमें आपको पहले ही ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते हैं। वहीं, ज्वेलरी बनवाने पर आप 24 कैरेट सोने में निवेश नहीं करते हैं, क्योंकि 24 कैरेट शुद्धता से सोने की ज्वेलरी नहीं बनती है। ज्वेलरी में आपको 18 या 22 कैरेट का सोना मिलता है। हालांकि आप सोने के बिस्किट या सिक्के में निवेश कर सकते हैं।

## गोल्ड बॉन्ड

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड है, जिसे सरकार समय-समय पर जारी करती है। इसका मूल्य रुपये या डॉलर में नहीं होता है, बल्कि सोने के वजन में होता है। यदि बॉन्ड 1 ग्राम सोने का है, तो 1 ग्राम सोने की जितनी कीमत होगी, उतनी ही बॉन्ड की कीमत होगी। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में इश्यू प्राइस पर हर साल 2.50% का निश्चित ब्याज मिलता है। गोल्ड बॉन्ड खरीदने के लिए आपको किसी ब्रोकर के माध्यम से डीमैट अकाउंट खोलना होगा। इसमें एनएसई पर उपलब्ध गोल्ड बॉन्ड के यूनिट आप खरीद सकते हैं और उसके बराबर की राशि आपके डीमैट अकाउंट से जुड़े बैंक अकाउंट से कट जाएगी। इसमें ऑफलाइन भी निवेश किया जा सकता है।

## गोल्ड ईटीएफ

सोने को शेयरों की तरह खरीदने की सुविधा को गोल्ड ईटीएफ कहते हैं। ये एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड हैं, जिन्हें स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीदा और बेचा जा सकता है। चूंकि गोल्ड ईटीएफ का बेंचमार्क स्पॉट गोल्ड की कीमतें हैं, आप इसे सोने की वास्तविक कीमत के करीब खरीद सकते हैं। गोल्ड ईटीएफ खरीदने के लिए आपको डीमैट अकाउंट खोलना होगा। इसमें एनएसई या बीएसई पर उपलब्ध गोल्ड ईटीएफ के यूनिट आप खरीद सकते हैं और उसके बराबर की राशि आपके डीमैट अकाउंट से जुड़े बैंक अकाउंट से कट जाएगी।

## पेमेंट ऐप

अब आप अपने स्मार्टफोन से ही डिजिटल गोल्ड में निवेश कर सकते हैं। इसके लिए बहुत ज्यादा पैसा खर्च करने की भी जरूरत नहीं है। आप अपनी सुविधानुसार जितनी कीमत का चाहें, सोना खरीद सकते हैं। यहां तक कि 1 रुपये का भी। यह सुविधा अमेजन-पे, गूगल पे, पेटीएम, फोनपे और मोबिक्विक जैसे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

## 5 साल में 55% रिटर्न

लॉन्ग टर्म के लिए सोने में निवेश फायदेमंद रहता है। बीते 5 सालों की बात करें तो सोने ने 55% का रिटर्न दिया है। यानी सालाना 11% का रिटर्न। अक्टूबर 2020 में सोना 50,605 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था जो अब 80,000 से ऊपर पहुंच चुका है।

## यह रखें ध्यान

सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें
हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआईडी कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- एजेड4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

## कीमत क्रॉस चैक करें

सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है, लेकिन इसकी ज्वेलरी नहीं बनती, क्योंकि वो बेहद मुलायम होता है। आमतौर पर ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट या इससे कम कैरेट सोने का इस्तेमाल किया जाता है।

## बिल जरूर लें

सोना खरीदते वक्त कैश पेमेंट की जगह यूपीआई और डिजिटल बैंकिंग के जरिए पेमेंट करना अच्छा है। आप चाहें तो डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी पेमेंट कर सकते हैं। इसके बाद बिल लेना न भूलें। यदि ऑनलाइन ऑर्डर किया है तो पैकेजिंग जरूर चेक करें।

## रीसेलिंग पॉलिसी जानें

कई लोग सोने को निवेश की तरह देखते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आपको सोने की रीसेल वैल्यू के बारे में पूरी जानकारी हो। साथ ही संबंधित ज्वेलर की बायबैक पॉलिसी पर भी स्टोर कर्मचारियों से बातचीत कर लें।

## सोने में निवेश फायदेमंद

जानकारों का कहना है कि सोने में सीमित निवेश ही करना चाहिए। कुल पोर्टफोलियो का सिर्फ 10 से 15% ही सोने में निवेश करना चाहिए। किसी संकट के दौर में सोने में निवेश आपके पोर्टफोलियो को स्थिरता दे सकता है, लेकिन लंबी अवधि में यह आपके पोर्टफोलियो के रिटर्न को कम कर सकता है।

# उपभोग क्षेत्र भी दीर्घावधि में कर सकते हैं बेहतर प्रदर्शन

**2030 तक मध्यम वर्ग में 40% आबादी के शामिल होने की उम्मीद**

अगर आप भी निवेश यात्रा शुरू करने जा रहे हैं तो उपभोग के क्षेत्र भी निवेश का बढ़िया विकल्प दे सकते हैं। हालांकि इन क्षेत्रों में निवेश के लिए दीर्घकालिक लक्ष्य रखें। इससे बाद ही आप अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकेंगे। कम समय के लिए निवेश का लक्ष्य लेकर चलेंगे तो नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। बजाज फ़िन्सर्व एएमसी के एक अध्ययन के अनुसार भारत की प्रति व्यक्ति आय 2025 तक 3,000 डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। जिससे खपत में वृद्धि होने के आसार हैं। 2030 तक, मध्यम वर्ग में 40% आबादी के शामिल होने की उम्मीद है, जिससे विवेकाधीन व्यय काफी हद तक बढ़ने की उम्मीद है। अध्ययन से पता चला है कि निफ्टी इंडिया कंजम्पशन इंडेक्स ने अगस्त 2024 तक पिछले एक वर्ष में 5.3%(निरपेक्ष) अल्फा, पिछले तीन वर्षों में 2.8%(मिश्रित वार्षिक) अल्फा और पिछले दस वर्षों में 0.4%(मिश्रित वार्षिक) अल्फा का उत्पादन करते हुए कई चक्रों में व्यापक बाजार से बेहतर प्रदर्शन किया। इस डेटा से पता चलता है कि देश में खपत से संबंधित क्षेत्र बढ़ रहे हैं और संभावित रूप से दीर्घकाल में इनमें उछाल आ सकता है।

## क्या कहता है सूचकांक

इस सूचकांक ने अगस्त 2024 तक एक वर्ष में 45.5%, तीन वर्षों में 20.5% और दस वर्षों में 14.5% का रिटर्न दिया। इसकी तुलना में, निफ्टी 500 इंडेक्स ने एक वर्ष, तीन वर्ष और दस वर्ष की अवधि में क्रमशः 40.2%, 17.7% और 14.1% का रिटर्न प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, अध्ययन से पता चला है कि निफ्टी इंडिया कंजम्पशन टीआरआई ने पिछले 11 कैलेंडर वर्षों में बीएसई 500 टीआरआई को सात बार पीछे छोड़ दिया। एक वर्ष से कम के प्रदर्शन की निरपेक्ष रूप से और 1 वर्ष से अधिक की वार्षिक चक्रवृद्धि रूप से गणना की गई है।

## ये आंकड़े भी देखें

निफ्टी इंडिया कन्सम्प्शन सूचकांक वैश्विक वित्तीय संकट और कोविड -19 महामारी के दौरान कम गिरावट के साथ व्यापक बाजार की तुलना में अधिक लचीला था। 2009 में वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान, निफ्टी 500 सूचकांक में 64.26% की गिरावट आई, जबकि निफ्टी इंडिया कन्सम्प्शन सूचकांक में 53.11% की गिरावट देखी गई। इसी तरह, 2020 की कोविड लहर के दौरान, निफ्टी 500 इंडेक्स में 38.30% की गिरावट आई, जबकि निफ्टी इंडिया कन्सम्प्शन इंडेक्स में 32.37% की गिरावट आई।

## लोगों की क्रय शक्ति बढ़ रही

प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के कारण भारतीय उपभोक्ताओं की वृद्धि हो रही है और अधिक परिवार उच्च-मध्यम और उच्च-आय वाले समूहों में शामिल हो रहे हैं। बढ़ी हुई व्यय योग्य आय से क्रय शक्ति बढ़ रही है और जीवन स्तर में सुधार हो रहा है, जिससे खपत भी बढ़ती जा रही है। यह प्रवृत्ति एक मजबूत निवेश अवसर प्रस्तुत करती है, क्योंकि पिछले दो वर्षों में खपत चक्र में सुधार हुआ है।

## भारत में खपत क्यों बढ़ रही

बजाज फिन्सर्व एएमसी के अध्ययन के अनुसार, वर्ष 2025 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 3,000 डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है, जिससे उपभोक्ता क्रय शक्ति को बढ़ावा मिलेगा। तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग, जिसके 2030 तक लगभग 40% तक बढ़ने के सम्पूर्ण आसार हैं।

## स्वास्थ्य और कल्याण क्षेत्र

स्वास्थ्य और कल्याण क्षेत्र अगले पांच वर्षों में 15 -20% के सीएजीआर पर विस्तार करने के लिए तैयार है, जो स्वस्थ जीवन शैली और समग्र जीवन पर दिए जाने वाले अधिक महत्व के कारण है। ऑनलाइन किराना बाजार में त्वरित वाणिज्य प्लेटफार्मों का योगदान आने वाले वर्षों में 10% से बढ़कर लगभग 45% होने का अनुमान है, जो तेजी से शहरीकरण के बीच सुविधा का विकल्प चुनने के लिए शहरी उपभोक्ताओं की इच्छा को दर्शाता है। यह बदलाव कंज्यूमर अप्लायंसेज क्षेत्र में भी दिखाई देता है। भारत वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है, जिसके अनुमानों से संकेत मिलता है कि यह 2032 तक 90 बिलियन डॉलर तक बढ़ सकता है।, यह ग्रामीण क्षेत्रों में प्रोद्योगिकी की बढ़ती पैठ के कारण अनुमानित है। इसके अतिरिक्त, भारत दोपहिया बाजार में दुनिया में सबसे आगे है, जो बड़े पैमाने पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की मांग से प्रेरित है। यह देश में उपभोक्ता वरीयताओं के विकसित परिदृश्य पर प्रकाश डालता है। इसी तरह, प्रीमियम कंज्यूमर गुड्स सेगमेंट में मांग में वृद्धि हुई है, जो 10-12% की सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है ।

## ग्रामीण क्षेत्र भी तैयार

भारत का ग्रामीण एफएमसीजी बाजार मजबूत विकास के लिए तैयार है। 2025 तक इसके 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इस बीच, 2029 तक भारतीय खाद्य सेवा बाजार के 125.06 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन तक पहुंचने का अनुमान है, जो उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को दर्शाता है। जैविक खाद्य क्षेत्र भी वृद्धि कर रहा है और इसके 20257 तक 2.6 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि इन वर्षों में उपभोक्ताओं में स्वास्थ्य चेतना फैली है। इसके अतिरिक्त, 2030 तक पैक किए गए खाद्य पदार्थों, पेय पदार्थों और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों की बाजार में पैठ 85% तक पहुंचने की उम्मीद है।

## यह भी अनुमान

खपत में मेगाट्रेंड्स से पता चलता है कि ई- कॉमर्स ग्राहक आधार वित्त वर्ष 2512 तक 2.7 गुना बढ़ने की उम्मीद है। यह वृद्धि बढ़ते उपभोक्तावाद और शहरीकरण को दर्शाती है। इसका एक उदाहरण उपभोक्ताओं का सामाजिक व्यवहार है जो आम तौर पर बदल रहा है, जिसमें वित्त वर्ष 25 तक बाहरी खान-पान पर खर्च 2.4 गुना बढ़ने का अनुमान है।

## बिजनेस साइट

### बजाज ऑटो ने लॉन्च किया पल्सर एन-125 युवाओं के लिए एक नया स्पोर्ट्स अनुभव



पुणे। बजाज ऑटो लिमिटेड ने पल्सर एन-125 को नए मॉडल के रूप में लॉन्च किया है, जो पल्सर एन सीरीज का हिस्सा है। यह बाइक युवा राइडर्स के लिए डिज़ाइन की गई है, जिसमें मजेदार और स्पोर्टी परफॉर्मेंस के साथ-साथ शहर में चलाने की उपयोगिता भी शामिल है। पल्सर ब्रांड, जो 2001 से भारत के स्पोर्ट्स मोटरसाइकिलिंग सेगमेंट में अग्रणी रहा है, इनकी नई पल्सर एन-125 अपने शानदार डिजाइन और पावरफुल परफॉर्मेंस के लिए जानी जाएगी। इस मॉडल के साथ बजाज ने 125 सीसी कैटेगरी में स्पोर्ट्स बाइक की पहुंच को और अधिक सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया है। बाइक का डिज़ाइन सुपरमोटार्ड के प्रपोर्शंस से प्रेरित है, जिसमें हल्के वजन के बावजूद मजबूती और कार्यक्षमता का ध्यान रखा गया है। इसके स्कल्प्टेड फ्यूल टैंक को सटीकता के साथ डिज़ाइन किया गया है, जो राइडर्स को मजबूत थाई सपोर्ट प्रदान करता है। यह बाइक शहर के ट्रैफिक में भी सहज और रोमांचक राइडिंग अनुभव सुनिश्चित करती है। बजाज ऑटो लिमिटेड के मोटरसाइकिल्स विभाग के अध्यक्ष सारंग कानाडे ने कहा कि 2019 से, 125 सीसी सेगमेंट में पल्सर ने तेज़ी से प्रगति की है। अब, हम युवा राइडर्स के लिए पल्सर एन-125 पेश कर रहे हैं। इस नई बाइक के साथ बजाज ऑटो ने एक बार फिर से युवा राइडर्स के लिए स्पोर्टीनेस और परफॉर्मेंस को प्राथमिकता दी है।

### दिवाली पर घर की सजावट के लिए 'ब्लेस्ड होम' शोरूम बना ग्राहकों की पहली पसंद



*रायपुर। दिवाली के अवसर पर घर की सजावट और गिफ्टिंग की तैयारियों को लेकर रायपुर के ब्लेस्ड होम शोरूम में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं इस अवसर पर अपने घरों को नई रंगत देने के लिए यहां आ रही हैं, जहां उन्हें एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के इम्पोर्टेड होम डेकोर, किचन वेयर और गिफ्ट आइटम्स मिल रहे हैं। ब्लेस्ड होम में इस दिवाली विशेष ऑफर्स का आयोजन किया गया है। डिनर सेट्स पर 'बाय वन, गेट वन फ्री' जैसे आकर्षक ऑफर्स और ड्राय फ्रूट्स पैक पर 50% छूट ग्राहकों को खासा लुभा रही है। यहां उपलब्ध भगवान की मूर्तियां, फव्वारे, आर्टिफिशियल फूल, मेटल आर्ट और प्लांटर्स घर की सजावट को आकर्षक बनाने में सहायक हैं। क्राकरी सेक्शन में बोनचाइना, ओपेलवेयर, और इम्पोर्टेड क्रिस्टल क्राकरी के साथ ही देश के प्रमुख ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स ग्राहकों को आधुनिकता और गुणवत्ता का अनुभव करा रहे हैं। किचन वेयर की विशाल रेंज में विनोद इंटेलीजेंट कुकवेयर और बोरोसिल अप्लायंसेस जैसी कंपनियों के उत्पाद भी उपलब्ध हैं, जो मेहमानों की तारीफ बटोरने का वादा करते हैं।*

### 67 वर्षों से विश्वास की कसौटी पर खरा अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स

रायपुर। मध्यभारत का प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड 'एटी' अपनी उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में चांदी, एंटीक, डायमंड और पोलकी ज्वेलरी जैसे विभिन्न प्रकार की अद्वितीय डिजाइनें उपलब्ध हैं, जो कारीगरी और उचित मूल्य को दर्शाती हैं। एटी के रायपुर में तीन शो रूम हैं जो कोतवाली चौक, सदर बाजार और न्यू क्लाथ मार्केट पंडरी में स्थित है। तिलोक बरड़िया, शांतिलाल बरड़िया और अशोक बरड़िया ने बताया कि वे 67 वर्षों से सराफा व्यवसाय में हैं और ग्राहकों की पसंद के अनुसार विश्वस्तरीय ज्वेलरी डिज़ाइन तैयार करते हैं। हर शुभ अवसर और वैवाहिक ज्वेलरी की डिज़ाइनें उनके शोरूम में उपलब्ध हैं। ज्वेलरी का निर्माण रायपुर, मुंबई, अहमदाबाद, और कोलकाता में किया जाता है, जहां कैडमियम के टांके और हॉलमार्क की सत्यता प्रमाणित होती है। ग्राहकों को ज्वेलरी रिपेयरिंग की सुविधा भी दी जाती है। भारत सरकार से मान्यता प्राप्त ज्वेलरी वैल्यूर के तौर पर एटी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और 'बेस्ट ज्वेलरी डिज़ाइन' के लिए ज्वैलर्स गिल्ड अवार्ड भी जीते हैं। इस पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर उनके तीनों शो रूम में हजारों ज्वेलरी डिज़ाइन देखने को मिलेंगी।



### लेविश लाइफ : लग्जरी फर्नीचर और होम डेकोर में 70% तक की छूट




रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मेट्रो सिटी की तर्ज पर लग्जरी फर्नीचर और होम डेकोर के एक नए शोरूम 'लेविश लाइफ' का उद्घाटन हाल ही में हुआ। यह शोरूम मोवा ब्रिज के पास लोधीपारा चौक के नजदीक, मेनरोड पंडरी में स्थित है। शोरूम में इंपोर्टेड और इंडियन फर्नीचर की विस्तृत रेंज आकर्षक डिजाइनों में उपलब्ध है, जिसमें 70% तक के फेस्टिवल डिस्काउंट का लाभ उठाया जा सकता है। शोरूम के संचालक ने बताया कि यहां बेडरूम सेट, वार्डरोब, सोफा सेट, मॉड्यूलर किचन, डाइनिंग टेबल सेट और सेंट्रल टेबल जैसे फर्नीचर उपलब्ध हैं। त्योहारों के मौके पर विशेष रूप से नए लग्जरी एल शेप सोफा सेट और मार्बल डायनिंग टेबल की मांग में बढ़ोतरी देखी जा रही है। ग्राहक जीरो प्रतिशत ईएमआई ब्याज पर भी फर्नीचर खरीद सकते हैं।

### ऑन रॉयल एनफील्ड : रायपुर में आपके सपनों की बाइक का पता



रायपुर। रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल्स के अधिकृत विक्रेता ऑन रॉयल एनफील्ड ने पचपेड़ीनाका स्थित शोरूम में धनतेरस और दिवाली पर विशेष योजनाएं पेश की हैं। यहां रॉयल एनफील्ड के सभी मॉडल्स, जैसे क्लासिक 350, हंटर 350, सुपर मिटियोर 650, कॉन्टिनेंटल 650 और हिमालयन 450 आकर्षक रंगों में उपलब्ध हैं। धनतेरस पर ऑन रॉयल एनफील्ड ग्राहकों को कम डाउन पेमेंट और आसान ईएमआई विकल्पों के साथ मोटरसाइकिल खरीदने का सुनहरा अवसर दे रहा है। फाइनेंस की ब्याज दर सिर्फ 4.99% है, जिससे सभी ग्राहकों के लिए बाइक खरीदना सुलभ हो गया है। डीलर प्रिंसिपल प्रशांत केशरवानी ने कहा कि हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शोरूम में बाइकिंग के शौकीनों के लिए एसेसरीज की विस्तृत रेंज भी उपलब्ध है, जिसमें जैकेट्स, जूते, हेलमेट और ग्लब्स शामिल हैं।

### त्योहारी सीजन में संदीप ज्वेलर्स की विशेष पेशकश



रायपुर। मूलरतन प्लाजा, मेनरोड बिरगांव स्थित संदीप ज्वेलर्स में त्योहार और वेडिंग सीजन के मद्देनजर विशेष ज्वेलरी डिजाइन उपलब्ध हैं। यहां ट्रेडिशनल और मॉडर्न दोनों प्रकार की आकर्षक ज्वेलरी देखने को मिलती है, जिसमें गोल्ड, डायमंड, सिल्वर, एंटीक और जड़ाऊ गहने शामिल हैं। शोरूम के संचालक संदीप लूनिया ने बताया कि हम 33 सालों से ग्राहकों के बीच विश्वसनीयता के लिए जाने जाते हैं। ग्राहक यहां शुद्धता और गुणवत्ता के साथ गहनों की खरीदारी कर सकते हैं। त्योहारी सीजन के तहत छठ पूजा तक सोने-चांदी की खरीदारी पर निश्चित उपहार दिए जा रहे हैं। इसके अलावा संदीप ज्वेलर्स में चांदी की बनवाई मात्र 7 रुपए और सोने की बनवाई पर 10% की छूट मिल रही है। त्योहारों के इस महोत्सव माह में 1 लाख रुपए की खरीद पर 2024 रुपए का निश्चित लाभ भी दिया जा रहा है।

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 29 को



रायपुर। भाटागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपनी दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर इस धनतेरस पर 50 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए विशेष निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया है। यह शिविर 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक हॉस्पिटल परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य बुजुर्गों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें प्रमुख स्वास्थ्य जांच सेवाएं निशुल्क प्रदान करना है। शिविर में इको टेस्ट और यूरो फ्लो टेस्ट जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। इको टेस्ट हृदय की सेहत की जांच में मदद करता है, जबकि यूरो फ्लो टेस्ट मूत्र संबंधी समस्याओं की पहचान करता है। अस्पताल के निदेशक डॉ. विनोद सिंह ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को स्वस्थ जीवन का उपहार देना है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बुजुर्गों को स्वास्थ्य की जांच के लिए प्रोत्साहित करना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें उम्मीद है कि यह शिविर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में मदद करेगा और बुजुर्गों को समय पर स्वास्थ्य जांच का लाभ मिलेगा। इस धनतेरस पर स्वास्थ्य की दिशा में यह कदम बुजुर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

### एसआरयू में सावित्रीबाई फुले ऑडिटोरियम का उद्घाटन



रायपुर। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में सावित्रीबाई फुले ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया। यह ऑडिटोरियम पूर्णतः डिजिटल है और 300 से अधिक लोगों की बैठने की क्षमता के साथ-साथ अत्याधुनिक ऑडियो विजुअल और केंद्रीकृत एयर कंडीशनिंग सुविधाओं से सुसज्जित है। इस अवसर पर कुलाधिपति हर्ष गौतम ने यूनिवर्सिटी के संस्थापक अनंत विभूषित रविशंकरजी महाराज का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इस ऑडिटोरियम का नामकरण सावित्रीबाई फुले के नाम पर करना गर्व की बात है, जिन्होंने महिलाओं की शिक्षा और उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने कहा कि इस यूनिवर्सिटी की स्थापना का उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा, डीन एकेडमिक डॉ. आरआरएल बिरली और अन्य शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### केनिन पेन पैसीफिक ओपन खिताब के करीब

**टोक्यो।** पूर्व आस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन सोफिया केनिन ने नौवीं वरीयता प्राप्त केटी बूल्टर को 6-4, 6-4 से हराकर पेन पैसेफिक ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलिया ओपन 2020 चैंपियन और फ्रेंच ओपन उपविजेता केनिन ने ब्रिटिश प्रतिद्वंद्वी की सर्विस दूसरे सेट के सातवें गेम में तोड़ी और अपनी सर्विस बरकरार रखकर मैच जीत लिया। अब उनका सामना पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किंवेन और डायना स्नाइडर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### भारत का थाईलैंड से आज होगा सामना



**चोनबरी।** भारत एफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने से एक कदम दूर है और उसे रविवार को यहां ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में मेजबान थाईलैंड पर बस जीत की दरकार है। दो मैच में दो जीत से इश्फाक अहमद की कोचिंग वाली भारतीय टीम अभी अंकों में थाईलैंड की बराबरी पर है लेकिन गोल अंतर से उससे पिछड़ रही है। इससे उसे रविवार को मुकाबले में किसी भी हालत में जीत दर्ज करनी होगी ताकि वह शीर्ष स्थान हासिल कर टूर्नामेंट के लिए स्वतः क्वालीफाई कर ले। शुक्रवार को तुर्कमेनिस्तान पर 1-0 की जीत से भारत ने अपनी उम्मीद जीवंत रखी।

# भारत 12 साल बाद हारा पहला टेस्ट सीरीज घर में 18 श्रृंखलाओं का अजेय अभियान थमा

**न्यूजीलैंड ने 113 रन से जीता मैच श्रृंखला में 2-0 से आगे**

एजेंसी ▶▶| पुणे

भारत को 12 साल बाद घरेलू टेस्ट श्रृंखला में पहली पराजय झेलनी पड़ी जब मिचेल सेंटनर की बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने उसे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में 113 रन से हराया। भारत की लगातार 18 टेस्ट श्रृंखलाओं में यह पहली हार थी। न्यूजीलैंड ने करीब 70 साल में पहली बार भारत में टेस्ट श्रृंखला 2-0 से जीती है। न्यूजीलैंड टीम 1955 से यहां दौरा कर रही है लेकिन इतने साल में भारत के किले में सेंध नहीं लगा सकी थी। एक समय स्पिन गेंदबाजी को खेलने में महारथी माने जाने वाले भारतीय बल्लेबाज सेंटनर का सामना नहीं कर पाए जिन्होंने मैच में 13 विकेट लिए। जीत के लिए 359 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 245 रन पर आउट हो गई। यशस्वी जायसवाल ने 77 और रविंद्र जडेजा ने 42 रन बनाए लेकिन उनके अलावा कोई कीवी गेंदबाजों का डटकर सामना नहीं कर सका। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 और दूसरी में 255 रन बनाए थे। भारतीय टीम को स्कोर पहली पारी में सिर्फ 156 रन था।



### श्रृंखला जीत हार का रिकॉर्ड

| देश | सीरीज जीत | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|
| भारत | 18 | फरवरी 2013 | मार्च 2024 |
| ऑस्ट्रेलिया | 10 | नवंबर 1994 | नवंबर 2000 |
| ऑस्ट्रेलिया | 10 | जुलाई 2004 | नवंबर 2008 |
| वेस्टइंडीज | 08 | मार्च 1976 | फरवरी 1986 |
| वेस्टइंडीज | 07 | मार्च 1998 | नवंबर 2001 |
| द.अफ्रीका | 07 | मई 2009 | मई 2012 |

### भारत की 179वीं हार

भारत ने 583 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उसे 180 में जीत हासिल मिली। जबकि 179 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, 222 मैच ड्रॉ रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट खेले भी हैं और जीते भी हैं। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 136 टेस्ट खेले हैं और इस दौरान उसने 35 मैच जीते हैं, जबकि 51 में उसे हार मिली है।

### डब्लूटीसी फाइनल अब मुश्किल

इस हार से भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में 98 अंक के साथ शीर्ष पर तो रहेगा लेकिन प्रतिशत में उसके अंक (62.80) अब आस्ट्रेलिया (62.50) से थोड़े ही अधिक है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए आस्ट्रेलिया जाने से पहले भारत के लिए यह श्रृंखला जीतना बेहद जरूरी था ताकि वह डब्लूटीसी फाइनल में जगह पक्की कर सके। अब भारत की राह कठिन है क्योंकि आस्ट्रेलिया की चुनौती का उसे सामना करना है।

### न्यूजीलैंड ने 68 साल बाद रचा इतिहास

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच नवंबर 1955 में खेला गया था। तब से लेकर अब तक न्यूजीलैंड की टीम भारत में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती थी। कीवी टीम ने 68 साल का सूखा खत्म किया है। इन 68 सालों में इस सीरीज से पहले दोनों टीमों के बीच 12 सीरीज खेली गई। इसमें 10 भारत जीता और 2 ड्रॉ रही।

### हेड टू हेड रिकॉर्ड

| | |
|---|---|
| कुल सीरीज | 13 |
| भारत जीता | 10 |
| न्यूजीलैंड जीता | 01 |
| ड्रॉ | 02 |

### भारत में मैच रिकॉर्ड

| | |
|---|---|
| कुल टेस्ट | 38 |
| भारत जीता | 17 |
| न्यूजीलैंड जीता | 04 |
| ड्रॉ | 17 |

### ओवरऑल सीरीज रिकॉर्ड

| | |
|---|---|
| कुल टेस्ट सीरीज | 24 |
| भारत जीता | 12 |
| न्यूजीलैंड जीता | 08 |
| ड्रॉ | 04 |

### ओवरऑल मैच रिकॉर्ड

| | |
|---|---|
| कुल टेस्ट | 64 |
| भारत जीता | 22 |
| न्यूजीलैंड जीता | 15 |
| ड्रॉ | 27 |

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो सुंदर | 86 | 133 | 10 | 0 |
| डेवोन कोंवे पगबाधा बो सुंदर | 17 | 25 | 2 | 0 |
| विल यंग पगबाधा बो अश्विन | 23 | 28 | 2 | 0 |
| रचिन रविंद्र बो सुंदर | 09 | 13 | 1 | 0 |
| मिचेल का जायसवाल बो सुंदर | 18 | 23 | 2 | 0 |
| टॉम ब्लंडेल बो जडेजा | 41 | 83 | 3 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 48 | 82 | 4 | 0 |
| सेंटनेर का बुमराह बो जडेजा | 04 | 16 | 0 | 0 |
| साउदी का शर्मा बो अश्विन | 00 | 03 | 0 | 0 |
| ऐजाज का सुंदर बो जडेजा | 01 | 12 | 0 | 0 |
| ओ राउरकी रन आउट | 00 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, योग : 69.4 ओवर में 255/10
गेंदबाजी : अश्विन 25-2-97-2, सुंदर 19-0-56-4, जडेजा 19.4-3-72-3, बुमराह 6-1-25-0.

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मिचेल बो सेंटनेर | 77 | 65 | 9 | 3 |
| रोहित शर्मा का यंग बो सेंटनेर | 08 | 16 | 1 | 0 |
| शुभमन का मिचेल बो सेंटनेर | 23 | 31 | 4 | 0 |
| कोहली पगबाधा बो सेंटनेर | 17 | 40 | 2 | 0 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 00 | 03 | 0 | 0 |
| सुंदर का यंग बो फिलिप्स | 21 | 47 | 2 | 0 |
| सरफराज खान बो सेंटनेर | 09 | 15 | 1 | 0 |
| जडेजा का साउदी बो पटेल | 42 | 84 | 2 | 0 |
| अश्विन का मिचेल बो सेंटनेर | 18 | 34 | 2 | 0 |
| आकाश दीप का रविंद्र बो पटेल | 01 | 24 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 10 | 04 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 19, योग : 60.2 ओवर में 245/10
गेंदबाजी : साउदी 2-0-15-0, ओ राउरकी 1-0-5-0, सेंटनेर 29-2-104-6, पटेल 12.2-0-43-2, फिलिप्स 16-0-60-1.

### सदी की चौथी सीरीज हार

बेंगलुरु में पहले टेस्ट में 46 रन पर आउट होने वाली भारतीय टीम की 2012-13 में इंग्लैंड के हाथों हारने के बाद यह श्रृंखला की पहली हार है। कीवी टीम ने भारत का अपनी धरती पर लगातार 18 टेस्ट श्रृंखला जीतने का सिलसिला तोड़ा। भारत ने इस शताब्दी में अपनी धरती पर टेस्ट श्रृंखला में यह चौथी हार है।

## जोहोर कप : भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| जोहोर बाहरु

गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। निर्धारित समय में मैच 2-2 सबसे बराबर रहा जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में भारत की तरफ से स्ट्राइकर गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और सौरभ आनंद कुशवाह ने पेनल्टी को गोल में बदला, जबकि बिक्रमजीत ने तीन बचाव करके भारत को जीत दिलाई। इससे पहले निर्धारित समय में



दिलराज सिंह (11वें मिनट) और मनमीत सिंह (20वें) ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन न्यूजीलैंड ने अंतिम क्वार्टर में ओवेन ब्राउन (51वें) और जोंटी एल्म्स (57वें) के गोल की मदद से अच्छी वापसी की।

## पाकिस्तान ने 2-1 से जीती श्रृंखला नोमान-साजिद ने झटके 10 विकेट

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

स्पिनर नोमान अली और साजिद खान ने शनिवार को यहां इंग्लैंड की दूसरी पारी तीन दिन के अंदर समेटकर तीसरे और अंतिम टेस्ट में नौ विकेट की जीत से श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

बाएं हाथ के 38 वर्षीय स्पिनर अली और 31 वर्षीय ऑफ स्पिनर खान ने मिलकर पिछले हफ्ते दूसरे टेस्ट में मिलकर 20 विकेट झटके थे और तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कराई थी। शनिवार को फिर दोनों ने कमाल किया। दोनों ने





मिलकर 19 विकेट झटके और इंग्लैंड की दूसरी पारी तीसरे दिन 112 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान ने पहली पारी के आधार पर 77 रन की बढ़त हासिल की थी, उसे जीत के लिए 36 रन का लक्ष्य मिला जो उसने लंच से पहले एक विकेट पर 37 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस तरह 2021 के बाद पाकिस्तान ने पहली घरेलू श्रृंखला अपने नाम की।

पाकिस्तान ने 2021 में दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराया था। कप्तान शान मसूद (नाबाद 23 रन) ने शोएब बशीर पर लांग ऑफ में छक्का जड़कर जीत सुनिश्चित की। इससे पहले मसूद ने जैक लीच पर लगातार चार चौके जड़े। लीच ने पाकिस्तान का एकमात्र विकेट सईम अयूब के रूप में झटका।



# तलाक वाला मंदिर, कोर्ट की जगह यहीं हो जाता है फैसला



**टोक्यो।** दुनिया में कई तरह की जगहें हैं। कई टूरिस्ट स्पॉट्स अपनी खूबसूरती के लिए जाने जाते हैं। कई जगहों की अपनी धार्मिक मान्यताएं हैं। बात अगर मंदिरों की करें तो जहां आपको भारत में कई देवी-देवताओं के मंदिर मिल जाएंगे। वहीं, दुनिया में भी असंख्य मंदिर हैं। कंबोडिया, इंडोनेशिया आदि में हिंदू धर्म के कई मंदिर मौजूद हैं। हालांकि, आज हम आपको एक अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।

**महिलाओं के लिए स्वर्ग :** हम बात कर रहे हैं जापान के मात्सुगाओका टोकेई-जी मंदिर की। इसे तलाक का मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर का इतिहास सैंकड़ों साल पुराना है। ऐसा कहा जाता है कि इस उन दिनों जापान में सिर्फ पुरुष ही अपनी बीवियों को तलाक दे सकते थे। ऐसे में पतियों द्वारा सताई गई महिलाओं के लिए सिर्फ ये एक मंदिर ही सहारा था।

## ऐसा है इतिहास

इस अनोखे मंदिर का इतिहास सैंकड़ों साल पुराना है। कहते हैं कि ये मंदिर सात सौ साल पुराना है। ये जापान के कामाकुरा शहर में स्थित है। मंदिर का निर्माण काकुसन नाम की नन ने अपने पति होजो टोकीमून के साथ मिलकर किया था। वो अपने पति के साथ खुश नहीं थी, न ही वो उससे तलाक ले सकती थी। इस कारण वो इस मंदिर में रहने लगी। इसके बाद से जो भी महिला अपने पति को तलाक देना चाहती थी, वो इस मंदिर में तीन साल रहकर ऐसा कर सकती थी। बाद में इसे घटाकर दो साल कर दो साल कर दिया गया। काफी समय तक तो इस मंदिर में पुरुषों की एंट्री बैन थी। बाद में 1902 में जब इस मंदिर पर एंगाकु-जी ने कब्जा किया, तब जाकर इस मंदिर में पुरुष मठाधीश को नियुक्त किया गया। इसके बाद पुरुष इस मंदिर में एंटर करने लगे।

## इस गांव का नाम है 'दीपावली', यहां 5 दिन तक चलता है ये त्योहार

**मुंबई।** कार्तिक पूर्णिमा से पहले आने वाली अमावस्या को दीपावली कहा जाता है। लेकिन श्रीकाकुलम जिले के गार मंडल में 'दीपावली' नाम का एक गांव भी है। इस गांव के लोगों ने बताया कि दीपावली के दिन पितरों की पूजा-अर्चना के बाद ही दीपावली पर्व मनाते हैं। एक दिन जब राजा ने श्रीकूर्मनाथ जी के दर्शन किए और लौटते समय मार्ग में उनकी चेतना खो गई। गांव के लोग यह देखकर राजा के पास दीपक लेकर गए और उन्हें पानी पिलाकर सेवा की। जब राजा होश में आए, तो उन्होंने गांव का नाम पूछा. गांववालों ने बताया कि हमारे गांव का कोई नाम नहीं है। इस पर राजा ने कहा, 'आपने दीपों की रोशनी में मेरी सेवा की, इसलिए मैं इस गांव का नाम 'दीपावली' रखता हूं।' तभी से यह गांव 'दीपावली' के नाम से जाना जाने लगा। ये त्योहार यहां 5 दिन तक चलता है।

# अंबिकापुर केंद्रीय जेल में 'सरगुजा स्कूल ऑफ आर्ट्स' की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा व जशपुर क्षेत्र की महान कला परंपराओं को अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से जेल विभाग दीपावली के अवसर पर केन्द्रीय जेल, अंबिकापुर में 'सरगुजा स्कूल ऑफ आर्ट्स' की स्थापना कर रहा है। 'सरगुजा स्कूल ऑफ आर्ट्स'में अंबिकापुर जेल में निरूद्ध बंदियों को अभिरूचि के आधार पर कला, चित्रकारी, स्केचिंग इत्यादि में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण जेल में निरूद्ध बंदियों तथा बाहर से आमंत्रित विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा।

- बंदियों को प्रशिक्षण देंगे एक्सपर्ट
- प्रदर्शन के लिए रखी जाएंगी पेंटिंग
- बिक्री की आधी राशि बंदियों को मिलेगी

जेल में निरूद्ध युवा बंदियों में अत्यधिक ऊर्जा होती है। इस उर्जा को रचनात्मक एवं सकारात्मक मूर्त रूप देना आवश्यक है। इन बंदियों को कला, चित्रकारी, स्केचिंग इत्यादि में एक्सपर्ट बनाया जाएगा। रिहाई के वक्त इन बंदियों को इनके द्वारा बनाई गई पेंटिंग यादगार के रूप में फ्रेम करके दी जाएगी।

बंदियों द्वारा बनाई गई उत्कृष्ट पेंटिंग्स को जेल के ''हॉल ऑफ फेम'' में प्रदर्शित किया जाएगा। इन पेंटिंग्स को एम्पोरियम में भी रखा जाएगा ताकि आम जनता इनका अवलोकन कर सके। विक्रय की स्थिति में आधी राशि संबंधित बंदी के बैंक खाते में जमा कराई जाएगी।

### युवा शक्ति को सज्जन शक्ति बनाने की पहल

जेल महानिदेशक हिमांशु गुप्ता ने बताया कि 'सरगुजा स्कूल ऑफ आर्ट्स' युवा शक्ति को सज्जन शक्ति बनाने हेतु जेल विभाग का प्रयास है। साथ ही कला के क्षेत्र में जशपुर तथा सरगुजा क्षेत्र की महान परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जेल विभाग का यह रचनात्मक योगदान है।

# एक बांसुरी बनाने में लग गए 210 दिन, उकेरी गई है दस अवतारों की कला


**कोलकाता।** शुशुनिया गांव के कलाकार अभिक कर्मकार ने 210 दिनों की मेहनत से पत्थर की एक अनोखी बांसुरी बनाई। उन्होंने एमएसएमई प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार जीता है, जिसमें बांसुरी पर दस अवतार की कला उकेरी गई है। वैसे तो आपने कई तरह की बांसुरी देखी और सुनी होंगी। अधिकतर अच्छी लकड़ी की बनी होती हैं। लेकिन क्या आपने पत्थर से तराशी गई कोई बांसुरी देखी है? शुशुनिया गांव में एक बांसुरी पर अनोखी कृतियां बनाई गई हैं। खास बात है कि यह बांसुरी पूरी तरह से पत्थर से बनी है।



शुशुनिया गांव की पारंपरिक कला 'पत्थर कला' है। पत्थर के कलाकार अभिक कर्मकार ने इस बांसुरी को बनाने में लगभग 210 दिनों तक मेहनत की। हालांकि, यह बांसुरी पत्थर से बनी है, लेकिन इसमें सुर निकालने के लिए पत्थर में बहुत ही कुशलता से छिद्र बनाए गए हैं, जिससे हवा निकलकर मधुर सुर उत्पन्न कर सके।


बांकुड़ा के कलाकार अभिक कर्मकार ने इस बांसुरी के लिए एमएसएमई राइट्स पश्चिम बंगाल हस्तशिल्प प्रतियोगिता 2023-2024 में 'अपूर्व दर्शन' के तहत पहला पुरस्कार जीता है। बांसुरी पर उकेरी गई कलाकृतियां बेहद ही खूबसूरत और आकर्षित करने वाली हैं। कलाकार अभिक कर्मकार ने कहा कि बांसुरी पर दस अवतार की कला उकेरी गई है।































हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com